सुप्रभात
रांची, बुधवार
06.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 233




12 परिणीति चोपड़ा से भी गुड न्यूज मिलने की अटकलें

# सर्वजन पेंशन योजना

## के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान

एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं

## का सम्मान समारोह

**अब तक कुल स्वीकृत लाभुक 1,58,600**

मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री,
ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री,
श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग

**श्रीमती बेबी देवी**
माननीय मंत्री,
महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग

**दिनांक: 6 मार्च 2024 (बुधवार)**

**समय- मध्याह्न 12:00 से**

**स्थान : हरिवंश टानाभगत इंडोर स्टेडियम, राँची**

- न्यूनतम उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष
- राज्य की महिलाओं तथा अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के लिए



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार**

PRNO 321496 ( Social Welfare,Women and Child Development) IPRD 23-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने आयोजित की कार्यशाला

# मुख्यमंत्री सारथी योजना से युवाओं को बनाया जा रहा है हुनरमंद : सत्यानंद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा है कि मजदूरों के कल्याण के लिए उद्योग एवं श्रम विभाग मिलकर काम करें। श्री भोक्ता मंगलवार को उद्योग सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपनी ज़िम्मेवारी को समझें और तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि काम करने की इच्छाशक्ति होगी, तो उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए बढ़िया काम कर सकते हैं। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने 7 युवतियों को विभिन्न निजी क्षेत्र में नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मजदूरों के कल्याण की योजनायें चलायीं जा रही हैं। उनकी जीविका को बढ़ाने का काम जारी है।

**सरकार मजदूरों के कल्याण के लिए चला रही कई योजनाएं, पदाधिकारी भी अपनी ज़िम्मेवारी समझें और तत्परता से कार्य करें**



### मजदूरों के प्रति निभा रहा ज़िम्मेवारी

सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि श्रम विभाग मजदूरों के कल्याणार्थ कई योजनायें चला रहे हैं। विभाग उन संसाधन एवं राशि का उपयोग कर उन तक सुविधायें पहुंचा रहा है। श्रम विभाग की मजदूरों के प्रति जो ज़िम्मेवारी है, उसे पूरी तत्परता के साथ निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवक-युवतियों को हुनरमंद बनाने का काम किया जा रहा है। राज्य के 80 प्रखंडों में प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्रमंडलों में भी प्रशिक्षण देकर राज्य के युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार देने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि जून 2024 तक राज्य के करीब 20 हजार युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने का काम किया जायेगा।

### सरकार बनाती है नियमावली

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मजदूरों के कल्याण के लिए कुछ नियमावली बनाती है। राज्य सरकार अभी झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 को लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि नियमावली लागू करने के साथ शुरू में कुछ दिक़्कत आती है। लेकिन नियमावली को समझने पर वो समय के साथ एडजस्ट कर जाती है। उन्होंने उद्योग जगत एवं नियोजन देने वाली कंपनी के प्रतिनिधियों से कहा कि किसी भी तरह का कोई सुझाव हो या कोई समस्या होए तो बेझिझक मुझसे मिले या विभाग के सचिव से मिल कर बात करें। आपके सुझाव पर विचार किया जाएगा और समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

श्रम सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि सरकार मजदूरों के कल्याण के लिये कई योजनायें चला रही है। उन्होंने कहा कि किसी मजदूर की मृत्यु विदेश में हो जाने पर राज्य सरकार 5 लाख तक की राशि देती है। उन्होंने कार्यशाला में मौजूद उद्योग एवं श्रम जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये कहा कि श्रम सुधारों की चर्चा करना जरूरी है। इस अवसर पर उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

# मतदान केंद्रों में न्यूनतम सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए दिया अल्टीमेटम

**सभी उपायुक्तों को लिखा डीओ लेटर, तीन हफ्ते का दिया समय**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर राज्य के सभी मतदान केंद्रों की स्थिति बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में सोशल ऑडिट इकाई के द्वारा राज्य के 600 पोलिंग बूथों का रेंडम सामाजिक अंकेक्षण करवाया गया था, इसमें रिपोर्ट संतोषजनक नहीं प्राप्त हुई थी। इस पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने न केवल अपने विभाग के अधिकारियों को जिलों में जाकर धरातलीय स्थिति देखने का निर्देश जारी किया है, बल्कि वे स्वयं भी अलग-अलग जिलों में जाकर स्थिति को देख रहे हैं। मंगलवार को के. रवि कुमार ने जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां के कुछ बूथों का औचक निरीक्षण किया, जहां पर धरातलीय स्थिति चुनाव आयोग के अपेक्षित मानकों के अनुरूप नहीं मिली। इस पर उन्होंने न केवल दो जिलों के उपायुक्तों को, बल्कि राज्य के सभी उपायुक्तों सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अर्धशासकीय पत्र जारी करते हुए तीन सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। इसमें कहा है कि निर्धारित समय सीमा के अंदर राज्य के सभी मतदान केंद्रों की स्थिति निर्धारित मानकों के अनुरूप ही नहीं, बल्कि उन मानकों से और बेहतर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि मतदान केंद्र साफ-सुथरे, सजे संवरे एवं न्यूनतम आवश्यकताओं से युक्त होंगे तो निश्चित रूप से एक अच्छा माहौल बनेगा और हमारे फैमिली-वोटिंग के उद्देश्य को बल मिलेगा। जिस प्रकार से हम अपने त्योहारों को साफ सफाई और साज-सज्जा के साथ मनाते हैं, निर्वाचन को भी वैसे ही त्योहार के जैसा मनाया जा सके, इसको लेकर सर्वप्रथम हमें अपने मतदान केंद्रों को दुरुस्त बनाना होगा।

इस भ्रमण के दौरान उनके साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं संबंधित जिलों के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय पदाधिकारी थे।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला राजस्व शाखा)

-: ग्राम सभा हेतु आम सूचना :-

R&R आम सूचना संख्या 516 /रा0, हजारीबाग दिनांक 04/03/2024

एतद् द्वारा सभी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय सूचना आर0एण्डआर0 आम सूचना संख्या-154/रा0 हजारीबाग दिनांक 17.01.2024 के द्वारा हजारीबाग जिला के बड़कागाँव अंचल अन्तर्गत गोन्दलपारा कोयला खान परियोजना के भू-अर्जन के निमित्त परियोजना प्रभावितों/विस्थापितों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु तैयार की गई पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना का मसौदा, जिसकी प्रति संबंधित अंचल कार्यालय, पंचायत स्तर पर ग्राम के मुखिया को उपलब्ध कराते हुए एवं उपायुक्त-सह-समुचित सरकार के बेबसाइट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड की गई है, उक्त पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना का मसौदा के संबंध में परियोजना प्रभावित क्षेत्र के व्यक्तियों के सुझावों/मंतव्य को सुनने एवं अंतिम योजना में समावेश करने के लिए लोक सुनवाई हेतु आम सूचना निर्गत की गई है।

दिनांक 09.02.2024 को आहूत लोक सुनवाई की कार्रवाई पूर्ण नहीं हो पायी फलस्वरूप लोक सुनवाई स्थगित कर दी गयी थी।

अतः उक्त के आलोक में सभी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.03.2024 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न को पंचायत भवन, गोन्दलपुरा में उक्त के संबंध में लोक सुनवाई आयोजित की जायेगी। लोक सुनवाई में अंचल अधिकारी, बड़कागाँव मौजुद रेंगे तथा लोक सुनवाई का संचालन एवं सम्पादन करायेंगे।

ह0/-
अपर समाहर्त्ता
-सह- प्रशासक (R&R) हजारीबाग।

PR 321528 Revenue(23-24)D



Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Notice**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/68/23-24 Dated **05.03.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road- Village Basia (SH-3) Baghmunda to Bakutoli Bano main road via Kemta toli, Barkoili road under Basia Block including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required, at Gumla in the state of Jharkhand.. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 11 Km, |
| 3- | Work completion time | 30 Days |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** :- Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD** :- Rs- 10,000/- (Rupees Ten Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 07.03.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 15.03.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 16.03.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 321598 Road Construction Dept
Road Division Ranchi (23-24)_D



Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002 e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Notice**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/69/23-24 Dated **05.03.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road- village Patura More (SH-3) to Pojenga via Raikera, Devgaon road under Basia Block including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required, at Gumla in the state of Jharkhand.. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 17 Km, |
| 3- | Work completion time | 30 Days |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** :- Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD** :- Rs- 10,000/- (Rupees Ten Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standa rd Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 07.03.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 15.03.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 16.03.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR 321579 (Road Construction Dept
Road Division Ranchi) 23-24 (D)


भाजपा ने झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर किया पलटवार

# झामुमो ने किया जनजातीय समाज का अपमान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि देश के गौरव भगवान बिरसा मुंडा से भ्रष्टाचार के आरोपी हेमंत सोरेन की तुलना करना पूरे देश के जनजातीय समाज का अपमान है। श्री शाहदेव मंगलवार को झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें कहा गया था कि बिरसा मुंडा की तरह हेमंत सोरेन भी जेल गये हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो परिवार के प्रियतम सदस्य घोटालेबाज अमित अग्रवाल, दाहू यादव, प्रेम प्रकाश, विशाल, पंकज मिश्रा, बच्चू यादव हैं। वहीं, 10 वर्ष तक बिना छुट्टी लिए हर त्योहार को सैनिकों के साथ मनाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार देश के 140 करोड़ देशवासी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा पूरे देश के गौरव के प्रतीक हैं। उनको भगवान का दर्जा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके जन्मस्थली ऊलिहातू और भगवान बिरसा मुंडा कारागार में भी जाकर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित कर चुके हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस की पहली बार शुरूआत की है। ऐसे भगवान बिरसा मुंडा की एक भ्रष्टाचार के आरोपी से तुलना करके झामुमो ने न सिर्फ आदिवासी समाज बल्कि पूरे देश का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने तो अंग्रेजों से देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपनी आहुति दी थी जबकि हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड को लूटने में सिर्फ अपना समय दिया है। उन्होंने कटाक्ष करते हुये कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सिर्फ दलालों की चलती थी। ऐसे भी परिवारवादी सोच वाले राजनीतिक दलों के लिए अपने दरबारी और परिजनों के अलावा आम जनता की कोई पूछ नहीं होती है।

# कर्मियों से मनरेगा के अतिरिक्त दूसरे कार्य कराने पर लगी रोक

**मनरेगा के काम प्रभावित होने को लेकर विभाग ने सभी उपायुक्त व उपविकास आयुक्त को लिखा पत्र**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिला के उपायुक्त-सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व उपविकास आयुक्तों को मनरेगा कर्मियों से मनरेगा के अलावा अन्य कोई दूसरा कार्य नहीं कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में विभाग के संयुक्त सचिव अरूण कुमार सिंह ने कहा कि मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना एवं बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन योजनाएं राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है जिसे निर्धारित समय-सीमा के अंदर ही पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

विभाग ने कहा है कि ऐसे में उक्त योजनाओं की समीक्षा के क्रम में यह देखा जा रहा है कि योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत काफी कम है। ऐसे में उक्त आलोक में मनरेगा कर्मियों से मनरेगा के अलावा अन्य योजनाओं में कार्य नहीं लिया जाना चाहिए, ताकि मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं को समय पर पूरा कराया जा सके। दरअसल, कई माध्यमों से यह बात सामने आ रही थी कि मनरेगा कर्मियों को अन्यत्र योजनाओं में भी काम लिया जा रहा है, जिससे मनरेगा की योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में विभाग अब यह निर्णय लिया है।

# लोस चुनाव में खूंटी से प्रत्याशी उतारेगी झारखंड पार्टी, सिमडेगा में फूंका बिगुल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**सिमडेगा।** झारखंड में लोकसभा चुनाव की रणभेरी से पूर्व अब क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियां रैली, शक्ति प्रदर्शन पर जोर लगा रही है। इधर पूर्व मंत्री एनोस एक्का भी नगाड़ा पिटवाकर अपने बेटे संदेश एक्का के राजनीतिक कॅरियर को बनाने में लग गये हैं।

लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पूर्व मंत्री एनोस एक्का अपने झारखंड पार्टी का दबदबा एक बार फिर अपने क्षेत्र में बनाते हुए अपने बेटे का भविष्य संवारने के प्रयास के क्रम में अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में विशाल नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें एनोस एक्का अपने बेटे के साथ बैलगाड़ी में पहुंचे और जनता के समक्ष यह जताने की कोशिश की कि वे जमीन से जुड़े हुए नेता हैं। रैली में करीब आठ हजार ग्रामीण जुटे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कांग्रेस, भाजपा और झामुमो को जनता को ठगने वाली पार्टी बताते हुए झारखंड पार्टी को जनता हित और विकास की पार्टी बताया। इस दौरान झापा के कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने जनता की समस्याओं पर कभी भी ध्यान नहीं दिया। एनोस एक्का ने मंच से कहा कि खड़िया समुदाय को झारखंड पार्टी आगे लाएगा और सिमडेगा विधानसभा से टिकट देगा। अशोक भगत ने कहा कि सांसद ने अभी तक जिले में किसी प्रकार का कोई काम नहीं किया है और आने वाले समय में झारखंड पार्टी खूंटी लोकसभा से जीतकर अपने संसदीय क्षेत्र में विकास के सारे काम करेगी।

### सभी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी लोकहित अधिकार पार्टी : रोशन लाल

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी की एक प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होचर रिंग रोड में हुआ। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने कहा कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। लोकहित अधिकार पार्टी बहुत कम समय में झारखण्ड प्रदेश की एक मजबूत पार्टी बन कर उभरी है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने किया। सम्मेलन को संबोधित करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सह राँची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो. अजहर आलम, पलामु लोकसभा प्रभारी सनन राम भूईयां, हजारीबाग लोकसभा प्रभारी कुंज बिहारी साहू, राजमहल लोकसभा प्रभारी इंद्रदेव मंडल, पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा प्रभारी सुभद्रा सिंकु, चतरा लोकसभा प्रभारी संजय स्नेही, लोहरदगा लोकसभा प्रभारी रामचंद्र भगत, गोड्डा लोकसभा सहप्रभारी टीपलाल साह, खूँटी लोकसभा प्रभारी कांशीनाथ सांगा समेत कई लोग शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### अवर शिक्षा सेवा के 26 अफसर बदले

**रांची।** अवर शिक्षा सेवा संवर्ग के 26 अफसरों का अंतर जिला तबादला कर दिया है। निदेशालय स्तरीय स्थापना समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के अनुसार उनका ट्रांसफर किया गया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने इसका आदेश जारी कर दिया है। सभी स्थानांतरित पदाधिकारी मार्च का वेतन नव पदस्थापित स्थान से प्राप्त करेंगे।

### तीन आप्त सचिव बदले, आदेश जारी

**रांची।** झारखंड सरकार ने तीन आप्त सचिव का तबादला किया है। रंजीत कुमार को जल संसाधन विभाग में पदस्थापित किया गया है। साथ ही रंजीत कुमार को पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग के कोषांग में प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं उदय शंकर का तबादला जल संसाधन विभाग में किया गया है। कमलेश कुमार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अत्यंत व पिछड़ा वर्ग के कल्याण विभाग में पदस्थापित किया गये।

### संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट जारी

**रांची।** जेएसएससी ने डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया। इसमें खान निरीक्षक, कनीय अभियंता, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर के पद पर मेधा सह विकल्प के आधार पर अनुक्रमांकवार परीक्षाफल प्रकाशित किया गया है। परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### जेल कर्मियों के आवास की होगी मरम्मत

**रांची।** झारखंड के तीन जिलों में जेल कर्मियों के आवास की मरम्मत और निर्माण कार्य होगा। झारखंड गृह विभाग ने 2.03 करोड़ की राशि आवंटित की है। जिन जिलों के जेलों में मरम्मत और निर्माण कार्य होगा, उसमें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार रांची, मंडल कारा लातेहार और उपकारा खूंटी शामिल है। गृह विभाग ने कहा कि इस राशि की निकासी और खर्च करने के पदाधिकारी जेल अधीक्षक होंगे, जो राशि निकासी कर एक सप्ताह के अंदर झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के खाते में ट्रांसफर करायेंगे।

चतरा से सुनील सिंह व धनबाद से पीएन सिंह के अलावा दर्जनों राजपूत नेता लगाये हैं टकटकी

# उम्मीदवारी के लिए भाजपा के राजपूत नेता लालायित

उदय चौहान





**रांची।** भाजपा में भी जाति व जमात की राजनीति चरम पर है। इसी के तहत चतरा व धनबाद से भाजपा के राजपूत नेताओं ने उम्मीदवारी के लिए निगाहें टिकाये हैं। चतरा से मौजूदा सांसद सुनील सिंह के अलावा आधा दर्जन टिकटार्थी चर्चा में हैं। धनबाद में भी पीएन सिंह के अलावा कई नाम चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि निर्दलीय सरयू राय व जदयू के हरिवंश भी भाजपा के उम्मीदवार हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इन दोनों सीटों पर जीत-हार का आकलन जाति व जमात के इर्द-गिर्द तय होता है। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर झारखंड में भाजपा ने प्रतिद्वंद्वी दलों से बाजी तो मार ली है लेकिन बाकी बची सीटों को लेकर प्रेशर पॉलिटिक्स जातीय गोलबंदी की आड़ में जारी है। हालांकि, भाजपा ने गिरिडीह, चतरा और धनबाद सीटों के लिए उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है। बाकी बची सीटों को लेकर प्रेशर पॉलिटिक्स जातीय गोलबंदी की आड़ में चल रहा है लेकिन, गिरिडीह सीट भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी के कब्जे में है। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर झारखंड में भाजपा ने प्रतिद्वंद्वी दलों से फिलहाल बाजी मार ली है। 11 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर भाजपा ने विपक्षी महागठबंधन पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाई है। राजग का घटक दल होने के नाते गिरिडीह सीट पर आजसू पार्टी के प्रत्याशी को मौका मिलने की संभावना है। जिच चतरा और धनबाद लोकसभा सीटों को लेकर ज्यादा है।

चतरा और धनबाद में प्रत्याशियों की घोषणा का सबको इंतजार भी है। ऐसे में जातीय संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। हालांकि, अगर जातीय दृष्टिकोण से इन सीटों पर उलटफेर हुआ तो उपेक्षा का आरोप लगने का भी डर है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने चतरा और धनबाद लोकसभा सीटों पर क्षत्रियों, राजपूतों को प्रतिनिधित्व देने को लेकर मोर्चा खोला है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र सिंह तंवर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इस दिशा में पहल करें। दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं होने से असमंजस की स्थिति पैदा हुई है।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षा 12 मार्च से

**सीबीएससी मानकों के अनुसार होगी परीक्षा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीबीएससी से मान्यता प्राप्त राज्य में संचालित 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में 12 मार्च से नौवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू होगी, जो 22 मार्च तक चलेगी। परीक्षा की अवधि 3 घंटे की होगी। परीक्षा के दौरान छात्र मोबाइल, स्मार्ट वॉच या किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अपने साथ परीक्षा हॉल में नहीं ले जा सकेंगे। परीक्षा परिणामों का प्रकाशन और रिपोर्ट कार्ड का वितरण 30 मार्च हो जायेगा। इसके बाद 1 अप्रैल 2024 से नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो जायेगा।

**जेसीईआरटी तैयार करेगा प्रश्नपत्रः** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएससी मानकों के आधार पर वार्षिक परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए राज्य शिक्षा परियोजना (जेईपीसी) ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों, उत्कृष्ट विद्यालय प्रधानाध्यापकों और प्रबंधकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) इन परीक्षाओं के प्रश्नपत्र तैयार करेंगे। इसके बाद प्रश्न पत्र सभी जिलों को उपलब्ध कराया जायेगा।

परीक्षाओं के आयोजन के लिए भूतपूर्व सीबीएससी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और उप प्रधानाध्यापक की कमिटी गठित की गयी है। कमिटी की अनुशंसा के आधार पर सीबीएससी के मानकों के अनुरूप प्रश्नपत्र तैयार कर विद्यालय सत्र की परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, बुधवार
06.03.2024

नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 233

12 परिणीति चोपड़ा से भी गुड न्यूज मिलने की अटकलें



## न्यूज डायरी

### सीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आज

रांची। झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक छह मार्च को होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा जानकारी दी गयी है। मंत्रिपरिषद की बैठक बुधवार को अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक की अध्यक्षता सीएम चंपई सोरेन करेंगे।

### कुएं से मिला युवक का शव, सात को थी शादी

**रांची।** सकरपदा स्थित कुएं से एक युवक का शव मिला। शव की शिनाख्त सलाम अंसारी के रूप में हुई है। सूचना पाकर मांडर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार, सलाम अंसारी की सात मार्च को शादी होने वाली थी। थाना प्रभारी राहुल ने बताया कि परिजनों ने मामले को लेकर यूडी केस दर्ज करवाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। फिलहाल, पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### गोड्डा में मुखिया को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

**गोड्डा ।** जिले के मुफ्ती थाना क्षेत्र में बड़ी कल्याणी पंचायत के मुखिया कुंदन वैद्य को देर रात अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। हेलमेट की वजह से गोली नीचे की ठुड्डी से लगकर निकल गयी। फिलहाल वह सदर अस्पताल में इलाजरत है। मामले को लेकर गोड्डा पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। सीडीपीओ एवं डीएसपी ने घायल मुखिया का बयान ले लिया है। हालांकि किस वजह से उनपर गोली चली इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

### अनियंत्रित होकर पलटा टेंपो, एक युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ में एनएच-98 सड़क पर मंगलवार को एक टेम्पो के पलट जाने से उसपर सवार नौडीहा निवासी कामेश्वर पासवान का पुत्र इंद्रजीत पासवान (26) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार इंद्रजीत अपने एक रिश्तेदार के साथ उसकी टेम्पो से हरिहरगंज आया था। यहां से लौटने के दौरान भगत तेंदुआ के समीप वाहनहोकर पलट गया। इंद्रजीत बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों ने हरिहरगंज सीएचसी ले गये।

### कार की टक्कर से गिरे शख्स को ट्रक ने रौंदा, मौत

**धनबाद।** तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष चौक के समीप सड़क पार कर रहे शख्स को पहले एक कार ने टक्कर मारा, फिर उसे एक ट्रक ने रौंद दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान तोपचांची थाना क्षेत्र के रंगरीटांड के बुच्चाकुल्हि निवासी पुनु महतो (45) के रूप में हुई है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा और फुट ओवरब्रिज की मांग को लेकर सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# जाते-जाते गैंपरेप पीड़िता ने बचा ली भारत की इज्जत

## वर्ल्ड टूर पर निकला विदेशी जोड़ा नेपाल रवाना, कहा भारत एक महान देश

**खबर मन्त्र टीम**

**दुमका, रांची।** गैंगरेप पीड़िता विदेशी महिला दुमका से नेपाल के लिए रवाना हो गयी। झारखंड पुलिस ने उन्हें स्कॉट कर राज्य की सीमा से बाहर तक पहुंचाया। झारखंड से जाने से पहले उन्होंने कहा कि भारत के लोग अच्छे हैं, ऐसी घटना कहीं भी हो सकती है। जाने से पहले पीड़िता ने एसपी के साथ सेल्फी भी ली। जाते-जाते उसने भारत की इज्जत भी बचाने का काम किया है। विदेशी महिला से गैंगरेप के बाद कई लोग देश को लेकर जहर उगलने का काम कर रहे हैं। ऐसे में खुद पीड़िता ने सामने आकर ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया। महिला ने भारत को महान देश बताते हुए कहा है कि देश को लेकर बकवास करना बंद करो। दुनिया के हर देश में इस तरह की घटनाएं होती हैं। महिला ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि चाहे वो स्पेन, ब्राजील अमेरिका या कोई और देश हो, कोई भी इससे अछूता नहीं है। हम भारत में थे इसलिए ऐसा हुआ कहना बंद करो। इधर हाइकोर्ट ने मुख्य सचिव, डीजीपी और दुमका एसपी से रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट मामले में सात मार्च को सुनवाई करेगी।



### क्या था मामला

बाइक से वर्ल्ड टूर पर अपने पति के साथ निकली महिला पाकिस्तान, बांग्लादेश होते हुए झारखंड पहुंची थी। एक मार्च को उसके साथ दुमका के हंसडीहा में सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी। मामला सामने आने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। चार दिन तक स्वास्थ्य लाभ वो अपने सफर के लिए निकल पड़ी। पीड़िता अपने पति के साथ निकल रही थी उस वक्त एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने खुद सुरक्षा की कमान संभाल रखी थी। वह तो अपने बाइक से निकली पर उनके आगे पीछे वाहन पर सुरक्षाकर्मी चल रहे थे। महिला पहले से तय रूट नेपाल के लिए निकली हैं।

विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के तहत पीड़िता को दस लाख का मुआवजा सोमवार को पीड़िता के पति को दुमका डीसी और एसपी ने दी।

### दुष्कर्म पीड़िताओं के लिए मैसेज

पीड़िता ने उन सारी लड़कियों और महिलाओं के लिए मैसेज दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी बुरी यादों को भूला पाना तो मुश्किल है लेकिन यह सोचकर आगे बढ़ना होगा कि आगे बहुत कुछ करना है। बुरे अतीत को भूलाना होगा। उन्होंने अपनी तरह टूर पर निकले बाइकर्स के लिए कहा कि आप अपनी यात्रा जारी रखें। बिना किसी डर के आगे बढ़ते रहें।

### सोशल मीडिया पर दिया जवाब

स्पैनिश जोड़े ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, 'प्वाइंट यह है कि रेप या डकैती आपके साथ, आपके भाई के साथ, आपकी मां के साथ, आपकी बेटी के साथ या किसी के भी साथ हो सकती है। विश्व का कोई भी देश इससे अछूता नहीं है। स्पेन में भी ऐसा कई बार हुआ है। बकवास मत करो कि ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि हम भारत में हैं।' इसके अलावा कपल ने सोशल मीडिया पर एक आरोपी की तस्वीर पोस्ट की और जनता से उसे ढूंढने में उनकी और पुलिस की मदद करने की अपील की। उन्होंने लिखा कि भारत एक 'महान और घूमने लायक देश' है। प्रशासन को उनकी सभी सहायता के लिए धन्यवाद। पीड़िता ने कहा कि दोषियों को सजा मिले। वहीं, पुलिस ने बाइक में लगे हिडन कैमरा की मदद से सभी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# मोदी परिवार डरनेवाला सोरेन परिवार लड़नेवाला

## झारखंड के लोग कभी डरते नहीं अन्यास से लड़ता है : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने मोदी परिवार पर जम कर बयानबाजी की है। पीएम ने नया परिवार की शुरुआत की है। मोदी परिवार को डरनेवाला परिवार बताते झामुमो ने कहा, ललित मोदी, विजय माल्या, बृजभूषण सिंह, बिलकिस बनो के दोषी, कठुआ के लोग मोदी का परिवार हो गया है। पीएम को समझ आ गया है कि परिवार क्या होता है। जब-जब जरूरत होती है तब-तब वो बात करते हैं। उक्त बातें मंगलवार को पार्ची के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा, परिवार तो आप ही चलाते हैं, सोरेन परिवार का सोरेन, लालू परिवार का तेजस्वी समझौता नहीं कर सकता है। समझौता तो मोदी करता है, विदेशी ताकतों के साथ अडाणी के साथ।



### जनता पूरा हिसाब लेगी

श्री भट्टाचार्य ने कहा, झारखंडी कभी डरता नहीं अन्याय के खिलाफ लड़ता है। देश में भगवान बिरसा को जेल में डाला गया था। क्या उलगुलान रुका, गुरु जी को जेल में डाला गया क्या जेएमएम रुका, हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया है, क्या हम रुके। हम डरनेवालों में से नहीं हैं। हम लड़नेवाले हैं। हेमंत साजिश के तहत जेल भेजा गया है। सोरेन परिवार को डराने का हिसाब आगामी चुनाव में जनता करेगी।

### चुनावी बॉन्ड कब होंगे सार्वजनिक

उन्होंने कहा कि अब देश में कोई मुद्दा तो रह नहीं गया तो उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक को अपने हाथ में कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड पर फैसला दिया था। आदेश देते हुए एसबीआइ से कहा कि जिन लोगों ने बॉन्ड खरीदा है। उनके नाम निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक किया जाये।

### अब मधु कोड़ा अच्छे क्यों लगने लगे

झामुमो नेता ने कहा, अब मोदी परिवार डर का चुनाव लड़ रही है। 14 में से 11 लोग हैं। अब क्यों मधु कोड़ा अच्छे लगने लगे हैं, जिसके खिलाफ आप पानी पी-पी कर बोलते रहते थे। अब इडी से देश का कोई व्यक्ति डरनेवाला नहीं है। सीबीआइ और आइटी से भी कोई डरने वाला नहीं है। अडाणी के पोर्ट से मिले मादक पदार्थ का क्या हुआ। अब लगता है मोदी को परिवार समझ आ गया है। मोदी का परिवार डरने वाला है, सोरेन का परिवार लड़ने वाला है। और इस चुनाव में जो जनता का परिवार होगा उसे जनता चुनेगी।

## मोदी ने परिवार की बात पर विपक्ष को ललकारा, कहा

# परिवार है तो क्या करप्शन का लाइसेंस मिल गया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गंठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'इंडि गठबंधन के लोगों ने अब मोदी पर हमले और बढ़ा दिए हैं। ये कह रहे हैं कि मोदी का परिवार नहीं है, इसलिए मोदी को हटाना है। उन्होंने कहा, परिवार है तो क्या करप्शन का लाइसेंस मिल गया। ये परिवारवादी कहते हैं कि उनकी विचारधारा की लड़ाई है। अगर वाकई ये विचारधारा की लड़ाई है तो इंडि गठबंधन वाले कान खोलकर सुन लो पैर जमीन पर आ जायेंगे। आपकी विचारधारा में परिवार प्रथम है। मोदी की विचारधारा है राष्ट्र प्रथम।' पीएम मोदी मंगलवार को तेलांगना के संगारेड्डी और ओडिशा के जाजपुर में कई योजनाओं के उदघाटन के बाद जनसभा में बोल रहे थे।

### अबकी बार 400 पर

संगारेड्डी में 'विजय संकल्प सभा' कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह युवा नेताओं को बढ़ावा देने से डरती है। संकल्प आज



साफ-साफ नजर आ रहा है। यह संकल्प है- अबकी बार 400 पार। हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल मोदी पर व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्हें देखने मात्र से ही वे बेचैन हो जाते हैं, इसका कारण यह है कि मैं उनके रहस्यों और घोटालों का खुलासा कर रहा हूं। मैं कभी किसी पर व्यक्तिगत टिप्पणियां नहीं करता, मैं सिर्फ इतना कहता हूं कि वे हैं 'परिवारवादी हैं।

**परिवारवाद लोकतंत्र के लिए घातक :** पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने कभी किसी पर कोई निजी हमला नहीं किया बल्कि परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ आवाज उठायी है। क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है और युवाओं को नए अवसर नहीं देता है। उन्होंने कहा कि जब मैं परिवारवाद का विरोध करता हूं तो वे इसका जवाब नहीं देते हैं लेकिन कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है।

### कांग्रेस पार्टी पहले वंशवादी पार्टी नहीं थी

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने कभी भी 50 साल से कम उम्र के किसी व्यक्ति को पदोन्नति नहीं दी। मोदी ने कहा, 'कांग्रेस पहले वंशवादी नहीं थी। यह 50 साल से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को बढ़ावा नहीं देती है। यदि उन्हें किसी को नियुक्त करना है तो वे किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करेंगे जो 75-80 वर्ष का हो, 85 वर्ष का हो। उन्हें डर है कि अगर 50 साल का आदमी आकर आगे बढ़ जाता है तो परिवार का क्या होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी अब 75-80 साल से अधिक उम्र के लोगों को अध्यक्ष नियुक्त कर रही है।

## अविनाश बने सीएम के अपर मुख्य सचिव

**रांची(खबर मन्त्र ब्यूरो)।** ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव, सीएमडी ऊर्जा विकास निगम, एमडी जेबीवीएनएल के एमडी अविनाश कुमार को मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। यह अतिरिक्त प्रभार होगा। वहीं मुख्यमंत्री के सचिव, अरवा राजकमल सचिव उत्पाद, विभाग प्रबंध निदेशक जुडको और जेआरडीए अरवा राजकमल को अपने कार्यों के अतिरिक्त गृह विभाग का सचिव बनाया गया है। इसे लेकर कार्मिक प्रशासनिक सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य सरकार ने प्रधान सचिव ग्रामीण कार्य विभाग के पद पदस्थापित अजय कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए स्वास्थ्य विभाग का प्रधान सचिव बनाया है। वहीं, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव रहे विनय कुमार चौबे का तबादला करते हुए उन्हें पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। कृषि सचिव अबु बकर सिद्दिकी को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक खान एवं भूतत्व विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। श्री सिद्दिकी खनिज विकास निगम के अध्यक्ष के भी अतिरिक्त प्रभार रहेंगे। कार्मिक सचिव प्रणीण कुमार टोप्पो अपने विभाग के साथ उद्योग विभाग के सचिव बनाये गये हैं। सचिव ग्रामीण विकास विभाग चंद्रशेखर को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ ग्रामीण कार्य विभाग का सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# संदेशखली केस सीबीआइ को सौंपे : हाइकोर्ट

## ममता सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट, फैसले को दी चुनौती

**एजेंसी**

**कोलकाता।** संदेशखाली केस को लेकर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया है। वहां, उन्होंने कलकत्ता हाइकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। हाइकोर्ट संदेशखली केस सीबीआइ को सौंपने का आदेश दिया गया है। ममता सरकार की तरफ से हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका डाली। हाइकोर्ट ने इससे पहले अपने फैसले में ममता सरकार को आदेश दिया कि वह आरोपी शाहजहां शेख को आज शाम तक सीबीआइ की हिरासत में सौंप दें। मंगलवार को कलकत्ता उच्च



न्यायालय ने संदेशखाली केस में फैसला सुनाकर ममता बनर्जी सरकार को झटका दिया। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में पश्चिम बंगाल सरकार को आदेश दिया कि इडी अधिकारियों पर हमले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित किया जाये। अदालत ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मामले के मुख्य आरोपी शाजहान शेख को मंगलवार शाम तक सीबीआई को सौंपने का भी आदेश दिया। हालांकि फैसले से पहले ममता सरकार की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी थी कि मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने जांच के लिए एसआइटी का गठन किया है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका डालते हुए ममता सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से दरख्वास्त की कि वे मामले में जल्द सुनवाई करें।

### जल्द सुनवाई का आग्रह

ममता सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने शीर्ष अदालत से दरख्वास्त की कि वे मामले में जल्द सुनवाई करें।

(शेष पेज 11 पर)

### गया में खेत में गिरा सेना का हेलीकॉप्टर, पायलट सुरक्षित

**गया।** बिहार के गया में आर्मी का प्रशिक्षण हेलीकॉप्टर क्रैश होकर गिर गया। आर्मी का ये माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट गया के एक खेत में जा गिरा, जिसके बाद वहां लोगों की भारी भीड़ जुट गयी। गनीमत रही कि माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट में सवार पायलट समेत सेना की महिला अधिकारी को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया। घटना की जानकारी के बाद ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) के पदाधिकारी की टीम पहुंची और चोटिल हुए दोनों पायलट को इलाज के लिए ले गये। सैन्य सूत्रों के अनुसार एयरक्राफ्ट का इंजन फेल हो जाने के कारण यह हादसा हुआ। एयरक्राफ्ट गया जिले के बोधगया के बगदाहा-कंचनपुर गांव में गिरा है। ट्रेनिंग के दौरान पंखे में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण ये क्रैश हुआ है। इस प्रशिक्षण हेलीकॉप्टर पर महिला और पुरुष पायलट सवार थे। गया ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में एयरक्राफ्ट के जरिये जवानों को ट्रेनिंग दी जाती है।

## एकलव्य स्कूल मामले में केंद्र-राज्य के जवाब से हाइकोर्ट खफा, कहा

# क्या दोनों सरकारों ने डर कर स्कूल निर्माण की जगह बदली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मांडर के चान्हो में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ गोपाल भगत की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नाराजगी जतायी। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार पर कोर्ट द्वारा



पिछली सुनवाई में लगाये गये 25-25 हजार रुपये का जुर्माना को हटाने के उनके आग्रह को कोर्ट ने नहीं माना। जुर्माना राशि को पूर्व सैनिक विधवा कल्याण फंड में जमा करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार कहती है कि उसने स्कूल की जगह को बदलने के संबंध में केंद्र सरकार को सूचित किया था। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि क्या उपद्रवियों के डर से केंद्र व राज्य सरकार डर गयी है, जिस कारण स्कूल की जगह बदलने का निर्णय लिया गया। कोर्ट ने मौखिक कहा कि किसकी इजाजत से एकलव्य विद्यालय का शिलान्यास स्थल को बदलकर नयी जगह पर स्कूल का निर्माण का निर्णय लिया गया। कानून का राज चलेगा या उपद्रवियों का राज चलेगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार के शपथ पत्र पर कहा कि इसमें कहां साबित हो रहा है कि स्कूल का जगह बदलने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को सूचित किया था।

(शेष पेज 11 पर)

### 60 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त करने के आदेश पर रोक

**रांची।** सैप (स्पेशल ऑग्जीलियरी पुलिस) कर्मियों को 60 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त किये जाने संबंधी मामले में सैप कर्मी सूबेदार की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन पाठक की कोर्ट ने प्रार्थी एवं सैप कर्मियों को 60 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त करने के आदेश पर रोक लगा दी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को प्रार्थी की ओर से बताया गया कि डीआईजी सैप ने एक चिठ्ठी निकाली है, जिसमें कुछ लोग जिनकी उम्र 60 वर्ष पूरी हो गयी है उन्हें सेवानिवृत्त करने के लिये लिखा है। वहीं समादेष्टा एवं डीआईजी, सैप ने खुद आदेश निकाला है कि सैप कर्मियों का सर्विस काल 62 वर्ष तक बढ़ाया जायेगा। सैप कर्मियों को 60 वर्ष में सेवानिवृत्त करना उचित नहीं है। जिस पर कोर्ट ने सैप कर्मियों की 60 वर्ष में सेवानिवृत्त करने के निर्णय पर रोक लगा दिया है।

# बंगाल में चुनावी हिंसा नहीं होने देंगे : आयोग

**एजेंसी**

**कोलकाता।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि चुनाव पश्चिम बंगाल के 42 संसदीय क्षेत्रों में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और हिंसा को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री कुमार ने आयोग की 13 सदस्यीय पूर्ण पीठ की ओर से रविवार से राज्य भर में चुनाव तैयारियों और कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में पर्याप्त केंद्रीय सशस्त्र

### निष्पक्ष चुनाव को ले कर पर्याप्त संख्या में सीएपीएफ तैनात रहेंगे

पुलिस बल (सीएपीएफ) तैनात किये जायेंगे। यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से अपने प्रतिनिधि का चुनाव कर सके। आयोग ने प्रवर्तन एजेंसियों के धन और बाहुबल पर अंकुश लगाने तथा सभी के लिए स्वतंत्र और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए समन्वित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

(शेष पेज 11 पर)

स्पीड न्यूज

## नाबालिक से छेड़छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष कैद

**धनबाद।** नाबालिक से छेड़छाड़ करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद पोक्सो के विशेष न्यन्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी जेलगोडा जोड़ापोखर निवासी छोटू पासवान को तीन वर्ष की कैद एवं पांच हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। प्राथमिकी पीड़िता के पिता के शिकायत पर जोड़ापोखर थाने में 6 जून 21 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 6 जून 21 के सुबह 9 :00 बजे पीड़िता शौच करने के लिए गई थी तभी आरोपी छोटू पीड़िता के साथ जोर जबरदस्ती करने लगा जिस पर पीड़िता चिल्लाने लगी और छोटू से किसी तरह बचकर भागी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 2 सितंबर 23 को आरोप पत्र दायर किया था 13 सितंबर 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी सुनवाई के दौरान अभियोजन ने आठ गवाहों का परीक्षण कराया था।

## सतीश हत्याकांड, चश्मदीद ने कोर्ट में गांधी की पहचान

**धनबाद।** भाजपा कुस्तौर के उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह हत्याकांड की सुनवाई मंगलवार को अदालत में हुई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की अदालत मे गवाह जीतेन्द्र सिंह का बयान दर्ज किया गया कोर्ट को दिए बयान में जितेंद्र ने घटना का समर्थन किया और कोर्ट में उपस्थित सतीश शाह उर्फ सतीश गांधी की पहचान की वही गवाह ने विकास सिंह को पहचानने से इनकार कर दिया प्रति परीक्षण वरीय अधिवक्ता जयाकुमार एवं अनूप कुमार सिन्हा ने किया जबकि अभियोजन का संचालन अपर लोक अमियोजक उमेश दीक्षित ने किया।

## नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को पांच वर्ष कैद

**धनबाद।** धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में लोयाबाद निवासी प्रदीप बाऊरी को पांच वर्ष कैद एवं पांच हजार रुपए जुमार्ना से दंडित करने की सजा सुनासई है। सोमवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 5 मार्च की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर लोयाबाद थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 5 सितंबर 20 के शाम करीब 7 :00 बजे पीड़िता (उम्र 4 वर्ष ) अपने घर के बाहर खेल रही थी उसी समय प्रदीप वहां आया पीड़िता को चॉकलेट खिलाने के बहाने बहला फुसला कर जंगल की ओर ले गया बच्ची को पीड़िता को ले जाते अगल-बगल के लोगों ने देखा था जब पीड़िता घर वापस नहीं आई तो पीड़िता की मां अगल-बगल के लोगों के साथ उसे खोजने जंगल की ओर गई तो देखी कि प्रदीप उसके साथ दुष्कर्म का कोशिश कर रहा था इसके बाद लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 27 अक्टूबर 20 को प्रदीप के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था 4 मार्च 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी सुनवाई के दौरान अभियोजन ने सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

## पंसस की बैठक में 45 लाख की 18 योजनाएं पारित



**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखण्ड प्रमुख संगीता महतो की अध्यक्षता में पंसस की बैठक हुई। जिसमें लगभग 45 लाख के 18 योजनाओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया। 18 योजनाओं को टाइड और अनटाइड दो भागों में बांटा गया है। टाइड योजना में स्वच्छता से संबंधित पेयजल और साफ-सफाई एवं नाला शामिल है। वहीं अनटाइड योजना में पेबर ब्लाक, पीसीसी रोड और चबूतरा आदि शामिल है। प्रमुख महतो ने सभी पंसस से योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। बैठक में मीरा देवी, सरस्वती देवी, बंदना देवी, मोयना बाउरी, मधु सिंह, रेखा सिंह, पूनम देवी और बीपीआरओ लालू रविदास आदि थे।

### राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का सम्मेलन संपन्न

# लोकसभा चुनाव व कांग्रेस कार्यालय का ताला खुलवाने का मुद्दा छाया रहा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिजुआ।** मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कि भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के अधीन कार्यरत सभी शाखा क्षेत्र एवं केंद्रीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक सिजुआ क्लब सिजुआ मोड कतरास में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता मन्नान मलिक ने किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि भारत सरकार द्वारा बीसीसीएल के अधीन एम। डी.ओ के तहत कोयला खान के निजीकरण के निर्णय से विभिन्न प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो गई है। जिसके लिए राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन को विशेष रूप से रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है। वहीं दूसरी और कोयला श्रमिकों के ज्वलंत्र सवालों पर बीसीसीएल चुपी साधे हुए हैं। इसके समाधान के लिए रणनीति बनाई गई। साथ ही कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो नया यात्रा के पश्चात श्रमिकों में जगी विश्वास पर चर्चा की गई। सम्मेलन में जिले में बंद कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने की चर्चा भी होती रही वहीं बृजेंद्र सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है आल्हा का मन जिनको भी टिकट देना है सभी को मिलकर के उसका सम्मान करना है और लोकसभा का धनबाद सीट को किसी भी हाल में जितना है। मौके पर राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर युनियन के कार्यकारी अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता बृजेंद्र प्रसाद सिंह महामंत्री एके झा, उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, विमलेश चौबे बीपी अंबष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष, जॉइंट जनरल सेक्रेटरी वैभव सिंहा, लग्न देव यादव, रामप्रीत यादव, बीएन झा, रणधीर ठाकुर, पुष्पा धोबा, सतीश रजक, रामचंद्र पासवान, अनवर हुसैन, पीएन तिवारी, राजाराम यादव, गोवर्धन महतो, कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजेंद्र प्रसाद सिंह ने की एवं संचालन शकील अहमद ने किया।

# झामुमो नेता का पारिवारिक विवाद थाना पहुंचा

## दहेज में मिले सामान को लेकर हंगामा

खबर मंत्र ब्यूरो

**धनबाद।** झामुमो नेता एवं बड़े फर्नीचर कारोबारी राजेश जलान के पुत्र व बहु के नीच छिड़ा विवाद थाना तक पहुंच गया है। गोविंदपुर लाल बंगला स्थित आवास पर देर रात उड़ीसा पुलिस स्थानीय थाने की पुलिस के साथ पहुंची। दहेज में दिए गए समान की रिकवरी को लेकर दोनों परिवार के बीच काफी हंगामा भी हुआ। बताया जाता है कि राजेश जालान और उनके बेटे पर बहू श्रद्धा केडिया के साथ मारपीट का आरोप है। इसको लेकर गोवा में जीरो एफआईआर दर्ज किया गया था। बाद में झारसुगुडा थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई। श्रद्धा केडिया के चाचा विनोद केडिया ने बताया कि 2 दिसंबर 2022 को भतीजी की शादी राजेश के बेटे सयम जालान के साथ हुई थी। शादी के बाद से बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। 17 जनवरी को जालान परिवार बेटी को लेकर शादी समारोह में शामिल लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि गोवा में परिवार के लोगों ने उसके साथ मारपीट करने के साथ जान मारने की कोशिश की। सूचना पर गोवा साउथ सेंटर की सखी वन स्टेप ने उसे रेस्क्यू कर फ्लाईट से भेजा। घटना को लेकर गोवा पुलिस से लिखित शिकायत की गई थी। बाद में जीरो एफआईआर को उड़ीसा झारसुगुडा भेजा गया। जहां 28 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज हुई।

**➲ उड़ीसा की पुलिस गोविंदपुर पहुंची**

झारसुगुडा पुलिस ने 11 फरवरी को नोटिस भेजकर 21 फरवरी को झारसुगुडा थाने बुलाया था। वहीं कोर्ट के आदेश पर सोमवार को झारसुगुड़ा पुलिस गोविंदपुर पुलिस की मदद से जालान के आवास पहुंची। जहां दहेज दिए गए सारा सामान पुलिस के मौजूदगी में जालान परिवार ने वापस किया। बहु पक्ष का कहना है कि समाज के माध्यम से बेटी की घर बसाने को लेकर काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इस कारण कानून का सहारा लेना पड़ा। पुलिस ने दहेज के सामान वापस लौटाने के बाद लिस्ट पर हस्ताक्षर करने के लिए सयम को भी बुलाया लेकिन सयम के परिवार के लोगों ने विरोध किया। वहीं श्रद्धा का परिवार भी सयम को बुलाने पर अड़ गया।

# फूट डालो-राज करो की नीति पर चल रहा सेल प्रबंधन : ग्रामीण

## सेल टासरा प्रबंधन समर्थक कुर्सी पर, विरोधी बैठे जमीन पर

खबर मंत्र संवाददाता

**सिंदरी।** सेल चासनाला प्रबंधन व उसके एमडीओ केटीएमपीएल तथा ग्रामीणों व जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) समर्थकों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता स्थानीय प्रशासन की उपस्थिति में आर्य समाज सिंदरी में प्रस्तावित बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। यह बैठक बेनतीजा रही। ग्रामीणों का कहना है कि फूट डालो और राज करो की नीति पर सेल प्रबंधन चल रही है। उनकी माँग है कि टासरा प्रोजेक्ट के लिए प्रस्तावित 224 एकड़ भूमि का एकमुश्त अधिग्रहण कर नियोजन दिया जाए। वहीं सेल प्रबंधन 22 एकड़ भूमि के विस्थापितों के पुनर्वास के बाद अन्य 202 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए तैयार है। सेल टासरा महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याएं रहेंगी। टासरा के भूमि के एकमुश्त अधिग्रहण व नियोजन को लेकर बैठक हुई। आर एन आर पॉलिसी में सुधारकर पूर्व के विस्थापितों को आसनबनी में आगामी 4 महिने में व्यवस्थित किया जाएगा।

सेल समर्थक ग्रामीणों ने पहले पहुंचकर बैठक में रखे गए कुर्सी पर आसीन हो गए। वहीं बैठक में देरी से आए जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) समर्थकों को कुर्सी नहीं मिलने से भी गुस्साए रहे। ग्रामीण महिलाओं ने ग्राम कमेटी में प्रत्येक टोला से लोगों को शामिल करने की मांग की। उन्होंने आरएनआर पॉलिसी में 4 ग्रामीण पुरुष व महिला को शामिल करने की बात कही। ग्रामीणों की माँग थी कि मैनपावर का मापदंड और संख्या स्पष्ट होना चाहिए। महिलाओं ने शौचालय के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे हटाने, सड़क, बिजली, पानी की सुविधा उपलब्ध कराने की माँग की। जमसं (कुंती गुट) समर्थक महिलाओं ने सेल कंपनी मुदार्बाद के नारे लगाए। उन्होंने मांग की है कि 22 एकड़ भूमि में खनन कार्य बंद कर 224 एकड़ भूमि का एकमुश्त अधिग्रहण हो। सभी भूमिदाताओं को नियोजन दिया जाए। जमसं समर्थक मीना देवी ने कहा कि झूठे केस करनेवाले कंपनी को उखाड़ फेंक देंगे। पार्वती देवी ने लड़कों पर केस उठाना होगा नहीं तो प्रोजेक्ट बंद करें। दलालों को प्रोजेक्ट कार्य से अलग करें।

### अन्य समस्याओं भी उठी बैठक में

ग्रामीण महिलाओं में कमल देवी ने सुरक्षा की मांग की। रैयतों और कब्जाधारियों को मिलने वाली सुविधाओं पर सेल के विचार स्पष्ट करने की बात कही। ग्रामीण मदन सिंह ने प्रोजेक्ट में खून खराबा होने की आशंका जताई। एमडीओ केटीएमपीएल में स्थानीय और बाहरी नियोजन की स्थिति स्पष्ट करने की मांग टासरा के ग्रामीणों ने उठाई। ग्रामीणों का डाटा तैयार कर लक्की ड्रा के माध्यम से नियोजन का विचार ग्रामीणों ने रखा। उन्होंने मांग की है कि पंचायत क्षेत्र और फ्लैट रुपी आवास हमें नहीं चाहिए। सेल चासनाला प्रबंधन को टासरा प्रोजेक्ट के पहले भूमिदाता ने भी विरोध जताई। टासरा प्रोजेक्ट के पूर्व में विस्थापित 105 परिवारों सहित केडी कॉलोनी निवासी विजय सिंह ने पूर्व के विस्थापितों को रोजगार और विस्थापन प्रमाणपत्र की मांग की। बैठक में सेल टासरा महाप्रबंधक शिबराम बनर्जी, टासरा सहायक महाप्रबंधक पंकज कुमार, सेल वरीय सहायक प्रबंधक पंकज मंडल, केटीएमपीएल हेड प्रवीण कोट्टा, केटीएमपीएल प्रोजेक्ट निदेशक टी रमेश, एच आर हेड चिट्टी बाबू, महेश कोट्टा, मनीष रंजन, विजय शर्मा, गौशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल, झरिया अंचल के उमेश कुमार सिंह, ग्रामीणों में गोवर्धन मंडल, देवेन मंडल, पप्पू खान, अनिल सिंह, गोपाल मुखर्जी, मिहिर मंडल, दरोगी सिंह, ललन हाड़ी, कर्णेश सिंह, जमसं (कुंती गुट) से सोनू सिंह, दीपक सिंह, रोहित सिंह, राकेश बाउरी, राजेश पाण्डेय, मदन सिंह, तसमुद्दीन अंसारी, साजन मंडल, जगदीश अग्रवाल, कमल देवी, अनिता देवी, मीना देवी सहित कई महिलायें शामिल थीं।

## चाय पंप में रोटी बैंक यूथ क्लब धनबाद के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बलियापुर रोड स्थित रोटी बैंक यूथ क्लब और चाय पंप के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रोटी बैंक अध्यक्ष रवि शेखर ने बताया की धनबाद में आज पहली बार एक चाय की दुकान पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपना कीमती समय निकालकर रक्तदान किया। विशेष रूप से भाजपा नेता देवाशीष पाल मुख्यरूप से मौजूद थे। सभी रक्तदाताओं को उनके द्वारा मोमेंटम एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। चाय पंप के मालिक रवि सिंह जी ने बताया कि उन्हें आज यह शिविर लगाकर बहुत ही खुशी महसूसी हुआ और आगे भी यह अपने दुकान पर यह कार्य करते रहेंगे। लगभग 30 यूनिट रक्त संग्रह करके आसियान जालान हॉस्पिटल में दिया गया। इस शिविर में अहम भूमिका निभाने वाले चाय पंप के संचालक रवि सिंह रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर दीपांकर लहरी, मृणाल लहरी, ऋषभ राज, विशाल चौबे, सुधांशु विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# बच्ची के मौत के बाद जालान अस्पताल में परिजनों का हंगामा

खबर मंत्र ब्यूरो

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र के जालान अस्पताल में एक बच्चे की मौत के बाद परिजन ने जमकर बवाल किया। परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर गलत तरीके से बिल बनाने और मृत बच्चों को नहीं देने का आरोप लगाया है। महाराजगंज निवासी प्रदीप मंडल ने बताया कि 29 फरवरी को अपनी बच्ची को जालान अस्पताल में भर्ती कराया था क्योंकि बच्चे को सांस लेने में काफी समस्या आ रही थी। जिसको लेकर अस्पताल में एनआईसीयू में भर्ती किया गया। 29 तारीख से लेकर पिछले 2 तारीख तक लगभग 40 हजार रुपए से अधिक का मेडिसिन मंगाया गया और 2 तारीख तक लगभग 46 हजार रुपया का बिल बनाया गया है। जबकि कल मेरी बच्ची की मौत हो गई।इसके बावजूद भी डॉक्टर जांच शुल्क बिल में जोड़ा गया है जो कहीं से उचित नहीं है और आज फाइनल बिल लगभग 66 हजार का बनाया गया है। उक्त बिल की जांच की गई तो काफी कुछ गड़बड़ मिला। मेडिसिन का शुल्क जोड़ा गया है। लेकिन जब इसका हम सबने विरोध किया तो उन्होंने कहा कि जब तक पूरा बिल जमा नहीं होगा तब तक आपका बच्ची का शव नहीं दिया जाएगा। इसलिए मैं न्याय के रूप में मांग करता हूं कि इस तरह की जांच के नाम पर अनाप-शनाप बिल जोड़ने वाले अस्पताल पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। वही मृतक के चाचा दीपक मंडल ने बताया कि अस्पताल के साथ-साथ डॉक्टर पर से भी विश्वास उठता जा रहा है जबकि डॉक्टर भगवान के रूप होते हैं। इसलिए उनको निष्पक्ष भाव से मरीजों की देखभाल करनी चाहिए।




## रंजय हत्याकांड, गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप मे जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखलेश कुमार की अदालत ने रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। अभियोजन को गवाह पेश करने हेतु समय की याचना की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है।

# तोपचांची में एनएच पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

खबर मंत्र ब्यूरो

**धनबाद।** नेशनल हाईवे पर मंगलवार की सुबह तोपचांची चौक समीप के पास तेज रफ्तार से जा रही ट्रक से 45 वर्षीय युवक की कुचल जाने से मृत्यु हो गयी। युवक की पहचान तोपचांची के बुच्चा कुल्ही निवासी पुनु महतो के रुप में हुई है। मृतक मजदूरी करने जा रहा था। सड़क पार करने के दौरान पीछे से आ रही कार ने पहले धक्का धक्का लगते ही युवक सड़क में गिर गया अचानक पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक युवक को अपने चपेट में ले लिया। जिसमे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी।

### फुटओवर ब्रिज की मांग को लेकर लोगों का सड़क जाम

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने फुटओवर ब्रिज की मांग को लेकर नेशनल हाईवे को करीब 3 घंटों के लिए जाम कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक तोपचांची बाजार में फुट ओवर ब्रिज बहुत जरूरी है। प्रतिदिन यहां हजारों की संख्या में ग्रामीण बाजार करने पहुंचते हैं और चौक के आसपास फुट ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण ग्रामीण जान हथेली पे लेकर सड़क पार करते हैं। जाम में उपस्थित उग्र ग्रामीणों को तोपचांची अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह व तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शांत करवाया। अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह व तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार ने अंतिम संस्कार के लिए अपने स्तर से आर्थिक मदद भी की।

### 3 घंटे तक ठप रहा एनएच

सीओ व थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को समझाने के बाद करीब 3 घंटे जाम के बाद सड़क पर वाहनों का परिचालन समान्य हो पाया। सड़क जाम के कारण लंबी दूरी तक वाहनों की कतार लग गई। हजारीबाग व धनबाद की और जा रहे यात्रियों को जाम के कारण काफी परेशानियों का समाना करना पड़ा। तोपचांची पुलिस जाम सामान्य होने के बाद शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक युवक के परिजन में सिर्फ एक बूढ़ी मां है। युवक घर में कमाने वाला एकलौता सदस्य था।

## एक नजर में

### गोवर्धन, दरोगी व जीतू सहित 23 नामजद लोगों पर गौशाला ओपी में केस दर्ज

**सिंदरी।** जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) टासरा अध्यक्ष बिरजू सिंह की मां अरुणा देवी की न्यायालय में दर्ज शिकायत पर 23 नामजद सहित 20 से 30 अज्ञात लोगों पर सोमवार को गौशाला ओपी में केस दर्ज हो गया है। इनमें गोवर्धन मंडल, दरोगी सिंह, जीतू सिंह के नाम शामिल हैं। अरुणा देवी ने इन आरोपियों पर हरवे हथियार के साथ उनके पुत्र बिरजू सिंह और उसके मित्र दिपक सिंह पर हमले को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। इन आरोपियों में गोवर्धन मंडल, दरोगी सिंह, जीतू सिंह, कालीपदो मंडल, पप्पू खान, राहुल सिंह, अमित सिंह, विनोद सिंह, राजू सिंह, विक्रम सिंह, विसू सिंह, वीरु मंडल, नीरज मंडल, प्रकाश मंडल, उत्तम महतो, मिथुन महतो, संदीप महतो, बाबू दत्ता, मनीष सिंह, राज महतो, साधन मंडल, अंशु कुमार, संतोष सिंह शामिल हैं। इसको लेकर गौशाला ओपी पुलिस ने मंगलवार को केस संख्या 16/24 दर्ज कर लिया है।

### धनबाद में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान



**धनबाद।** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को हीरापुर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जेसी मल्लिक रोड मोड़ से हीरापुर हटिया मोड़ तक सड़क किनारे लगे दर्जनो ठेले खमोचे को हटाया गया। ठेला वालों को चेतावनी भी दी कि यदि दोबारा सड़क पर ठेला लगाया, तो कड़ी कार्रवाई होगी। ठेला समेत सामान जब्त कर लिया जाएगा। सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि बार-बार की चेतावनी के बावजूद ठेलेवाले सड़क पर दुकान लगा देते हैं। इसके चलते सड़कों पर अक्सर जाम लगता है। इसे देखते हुए नगर आयुक्त के आदेश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। टीम ने अभियान के दौरान सामान वजन करने वाली कई इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को जब्त किया गया था, जिन्हें सशर्त लौटा दिया गया। फूट इंस्पेक्टर ने बताया कि सभी जब्त मशीनों के मालिक ने लिखित में दिया है कि दोबारा सड़क पर ठेला नहीं लगाएंगे।

### धनबाद उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्र ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनकी सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में मुख्यत: शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, अबुआ आवास, पेंशन, स्वास्थ्य, मुआवजा, सरकारी जमीन पर कब्जा, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, आर्म लाइसेंस समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

### दर्जनों युवाओं ने थामा भाजपा का दामन



**सिंदरी।** मनोहरटॉड़ हनुमान मंदिर सिंदरी में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के युवा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह की उपस्थिति में दर्जनों युवाओं ने भाजपा का दामन थामा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना ही उद्देश्य है। इसके लिए ही लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है। इसके साथ ही मनोहरटॉड़ के दर्जनों महिला पुरुषों ने देश के प्रधानमंत्री के प्रति आस्था जताई है। अध्यक्षता राज बाउरी और मंच संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता रवि शर्मा ने किया। मौके पर बृजेश सिंह, जयप्रकाश सिंह, रवि शर्मा, बलवीर जेदिया, उमेश सिंह, मनोज दुबे, विमल सिंह, दिलीप रवानी, बलदेव रवानी, भगतो कुम्भकार, नकुल मल्लिक, कार्तिक बाउरी, कमल हाड़ी, फूलचंद बाउरी, पिंटु खान, बबलू मुंडा, शौरभ डे, कमल बाउरी, किशन हांसदा, नंद बाउरी, विरेंद्र बाउरी, विशाल महतो, असीम बाउरी, रीना देवी, पूजा देवी दीपाली देवी, सेफली देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुए।

# निबंधन का कार्य ठप रहने से लोग परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** अवर निबंधन कार्यालय में पिछले गुरुवार से एक भी दस्तावेज की रजिस्ट्री नहीं हुई है। सात दिनों से निबंधन का कार्य ठप रहने से लोग परेशान हैं। जमीन निबंधन के साथ-साथ विवाह निबंधन का भी कार्य ठप है। गोविंदपुर के तत्कालीन अवर निबंधक संतोष कुमार रजक का रांची ग्रामीण अवर निबंधक पद पर तबादला होने के बाद पिछले फरवरी माह में लगातार 8 दिनों तक निबंधन का कार्य ठप था। श्री रजक के स्थान पर अब तक किसी की प्रति नियुक्ति नहीं हुई है। धनबाद के निबंधक को यहां का अतिरिक्त प्रभार मिला है। एक ही निबंधक के दो स्थानों पर प्रति नियुक्त होने और दोनों रजिस्ट्री ऑफिस की 15 किलोमीटर दूरी होने के कारण धनबाद के निबंधक यहां बहुत समय नहीं दे पाते हैं । इस कारण निबंधन का कार्य विगत फरवरी माह से ही प्रभावित हो रहा है। यहां दस्तावेजों का अंतिम निबंधन विगत 28 फरवरी को हुआ था । 29 फरवरी और 1 मार्च को धनबाद के निबंधक की ड्यूटी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लगी थी। इस कारण वह यहां समय नहीं दे सके। इस बीच 29 फरवरी को ही गोविंदपुर अवर निबंधन कार्यालय के प्रधान सहायक शैलेश कुमार ने अवकाश ग्रहण कर लिया और उसके बाद से यहां निबंधन का कार्य पूरी तरह तप हो गया है । इस कार्यालय में गोविंदपुर अंचल के अलावा टुंडी अंचल, पूर्वी टुंडी अंचल, निरसा अंचल, कलियासोल अंचल और एगयारकुंड अंचल के जमीन की रजिस्ट्री होती है। यही कारण है कि प्रतिदिन दर्जनों लोग निबंधन के लिए यहां आते हैं और निराश होकर लौट जाते हैं । निबंधन का कार्य ठप रहने से सरकार को प्रतिदिन लाखों के राजस्व की भी क्षति हो रही है। निबंधन का कार्य ठप रहने से जमीन क्रेता- विक्रेता और डीड राइटर मुश्किल में है । सामाजिक संस्था नागरिक समिति ने निबंधन, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव तथा मुख्यमंत्री को अलग-अलग पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि गोविंदपुर अवर निबंधन कार्यालय झारखंड सरकार को अच्छा राजस्व देता है। यहां प्रतिदिन 30 से 35 दस्तावेजों का निबंध होता है । विवाह निबंधन की संख्या अलग है और यहां के रजिस्ट्रार का तबादला रांची हो गया है, परंतु किसी की पदस्थापना नहीं हुई है। समिति अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने कहा कि तत्काल धनबाद निबंधन कार्यालय के निबंधक को गोविंदपुर का प्रभार दिया गया है, परंतु एक ही अधिकारी के दो स्थान पर पदस्थापित रहने और दोनों कार्यालय की दूरी करीब 15 किलोमीटर होने के कारण धनबाद के निबंधन यहां पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे। इससे निबंधन का कार्य प्रभावित हो रहा है और लोग परेशान हो रहे हैं। पत्र में लिखा गया है कि दस्तावेजों की संख्या और राजस्व को देखते हुए इस महत्वपूर्ण अवर निबंधन कार्यालय को स्वतंत्र अवर निबंधक की सख्त जरूरत है। पत्र में आचार संहिता लगने के पूर्व गोविंदपुर निबंधन कार्यालय मे निबंधक पदस्थापित करने की मांग की गई है।

**तैयब मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान**

### बी एड. के प्रशिक्षु सत्र (2021-23) के शिक्षको को विदाई



**धनबाद।** गोविंदपुर स्थित तैयब मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान मे बी.एड. के प्रशिक्षु सत्र (2021-23) के शिक्षको को विदाई दी गई। विदाई समारोह में बीएड कनिष्ठ सत्र 2022-24, एवम् 2023-25 के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मौके पर प्रशस्ति पत्र तथा 'स्मृति चिन्ह देकर प्रशिक्षुओं को विदाई दी गई। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी स्वरूप सविता कुमारी, को दिया गया। मौके पर सचिव डॉ. नसीम अहमद प्रबंध निदेशक अब्दुस समद, प्राचार्या डॉ. रीना भारती, एच. आर आसीफ इकबाल, विभागाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, शिक्षक शिक्षिका प्रशिक्षुगण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### टेंपो पलटने से एक की मौत



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ सहारा होटल के समीप एनएच 98 पर मंगलवार को टेंपो के पलट जाने से उसपर सवार छतरपुर के नौडीहा खजूरी निवासी कामेश्वर पासवान का पुत्र इंद्रजीत पासवान (26) की मौत हो गयी। वह अपने एक रिश्तेदार के साथ टेंपो से हरिहरगंज आया था। लौटने के दौरान टेंपो पलट गया।

### सहायक निदेशक ने किया भौतिक निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को चावल विकास निदेशालय, भारत सरकार पटना के सहायक निदेशक डॉ अरविंद कुमार ने केंद्र पोषित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं 2023 -24 के अनुवीक्षण के तहत पलामू जिला अंतर्गत, मेदिनीनगर, लेस्लीगंज, पाटन, नावा बाजार, प्रखंड में खनवा, रबदा, कुंदारी में सरसो, चना और मसूर का भैतिक निरीक्षण किया गया। मौके पर सहायक निदेशक डॉ अरविंद कुमार, तकनीकी सहायक मनोज कुमार, बीटीएम सुमित वर्मा, एटीएम प्रकाश रंजन सिंह, सुनैना कुमारी, अभिमन्यु कुमार, अनिल मेहता थे।

### विधायक ने किया पथ का शिलान्यास



**मोहम्मदगंज पलामू।** गोडाडीह पंचायत के बटउआ में विधायक निधि से बननेवाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। कहा कि सुदूरवर्ती गांव टोला को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए पक्की सड़क का निर्माण कार्य पूरे क्षेत्र में युद्धस्तर पर हो रहा है। मौके पर एन सी पी प्रखंड अध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, उपाध्यक्ष अजित कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि उदय सिंह मौजूद थे।

### गोली मारकर हत्या का प्रयास



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर क्षेत्र के चट्टीपार में भुतहा नामक स्थान पर एक महिला की गोली मारकर हत्या का प्रयास किया गया। घायल महिला सुमित्रा देवी पति चंद्रिका पासवान चट्टीपार निवासी है। महिला अपने घर के पास खेत में कुछ काम कर रही थी इसी बीच तीन युवक आये और उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद एक युवक ने पिस्तौल निकाल कर गोली चला दी। गोली महिला के हाथ में लगा है जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### भाजपाइयों ने किया आक्रोश प्रदर्शन



**उंटारी रोड पलामू।** मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर की अध्यक्षता में झारखंड सरकार की विफलताओं एवं जेएससीसी में पेपर लीक मामले को लेकर प्रखंड कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष मानदेव साह, राजाराम मेहता, वीरेंद्र नाथ शर्मा, अर्जुन शर्मा, सुनील तिवारी, नीरज तिवारी रामसेवक पासवान, बजरंगी शाह, मंगल मेहता, अरविंद मेहता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, सरिता देवी, सीमा देवी माजूद थे।

### परीक्षा में 20 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**हुसैनाबाद पलामू।** नीलांबर- पीतांबर विवि द्वारा आयोजित सेमेस्टर 2 की सत्र 2022-26 की परीक्षा शहीद भगत सिंह परीक्षा केंद्र पर मंगलवार को शांतिपूर्ण हुई। कुल 1292 परीक्षार्थियों में 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बीए, बीएससी, बीकॉम सेमेस्टर टू की परीक्षा का निरीक्षण प्रभारी प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक प्रो संजय सिंह व दंडाधिकारी आशीष कुमार ने किया। मौके पर ममता कुमारी, संजय सिंह, कृष्ण सिंह, मुन्ना सिंह, अरबिंद कुमार सिंह, निखिल सिंह भी थे।

### विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**नौडीहा बजार पलामू।** छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी ने मुख्यमंत्री चपंई सोरेन को छतरपुर को जिला बनाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि छतरपुर अनुमंडल जिला बनाने की सभी आहर्ता पूरी करता है। छतरपुर से जिला मुख्यालय की दूरी 70 किमी, नौडीहा प्रखंड से 75 किमी और हरिहरगंज-पिपरा से 90 किमी है। छतरपुर को नौडीहा, छतरपुर, हरिहरगंज, पिपरा नावा बाजार, हुसैनाबाद को मिलाकर जिला बना सकते हैं।

### शिव मंदिर में लगेगा शिवरात्रि मेला



**पाटन पलामू।** प्रखंड के उताकी में योगीवीर पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर परिसर में शिवरात्रि मेला आठ मार्च को लगेगा। इस दिन कई प्रतियोगिताएं होंगी। मेला के अलावा घोड़ा दौड़ व भोजपुरी मुकाबला भी होगा। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि सुबह नौ से शाम छह बजे तक कार्यक्रम है। भोजपुरी मुकाबला बिहार के महावीर यादव बनाम झारखंड के गुड्डू दूबे में होगा। उद्घाटन विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार करेंगे। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पार्षद पाटन मुक्तेश्वर पांडेय होंगे।

### मिशन समृद्धि चला रही समृद्धि की पाठशाला



**मेदिनीनगर।** पांकी रोड जनकपुरी एवं कचरवा टोला में लगातार नौ वर्षों से चल रहे समृद्धि की पाठशाला में बच्चे नैतिकता की शिक्षा ग्रहण कर सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक बनते नजर आ रहे हैं। बहुत अधिक परिवर्तन की आशा हम इस पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों से नहीं कर सकते क्योंकि इनकी जीवन शैली में शिक्षा का अभाव है। ये बच्चे स्कूल तो जाते हैं लेकिन वहां से आने के बाद अपने घर परिवार में उनको वह माहौल नहीं मिल पाता जो शिक्षा से संबंधित हो। ऐसे बच्चों के लिए मिशन समृद्धि संस्था समृद्धि की पाठशाला आज पलामू के लिए वरदान साबित होता नजर आ रहा है।

# उपायुक्त ने की कृषि-पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, केसीसी, पीएमके एसवाई एवं कर्ज माफी की समीक्षा की। बैठक में मुख्यरूप से झारखंड कृषि ऋण माफी योजना समेत अन्य योजनाओं की बारी-बारी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी को सभी योग्य लाभुकों का ई-केवाईसी करवाते हुए एसक्रो या डेडिकेटेड एकाउंट खुलवाते हुए लाभुकों का अंशदान जमा करवाने हेतु प्रखंड पशुपालन पदाधिकारियों को निर्देशित किया।



**खास बातें :** उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभुकों को आच्छादित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त श्री रंजन ने सभी विभागों के व्यय की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि भौतिक लक्ष्य के विरुद्ध एवं किये गये कार्य के आलोक में प्राप्त आवंटन का शत प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि यदि अनुमोदन हेतु कोई योजना लंबित है तो संचिका के माध्यम से शीघ्र अनुमोदन प्राप्त करते हुए योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, गव्य विकास पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# पलामू के जोनल आइजी नरेंद्र सिंह ने किया पदभार ग्रहण

- पदभार ग्रहण करते ही सेंट्रल जेल व कोर्ट की सुरक्षा का लिया जायजा
- पलामू जोन में आमजनों के सुरक्षा के साथ ही साथ नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाया जायेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के जोनल आईजी नरेंद्र कुमार सिंह अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पद संभालते ही वे सेंट्रल जेल व कोर्ट की सुरक्षा का जायजा लिया। इस बावत पुलिस अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आईजी नरेंद्र कुमार सिंह पलामू के भौगोलिक क्षेत्र से पूरी तरह पूर्व से ही वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि पलामू जोन में आमजनों के सुरक्षा के साथ ही साथ नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पलामू प्रक्षेत्र में अपराधिक घटना हो या नक्सली घटना सभी पर अंकुश लगाने का काम किया जायेगा।



नरेंद्र कुमार सिंह, आइजी।

### लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने में अहम भूमिका

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस विशेष रूप से सतर्क रहते हुए सुरक्षा प्रदान करते हुए मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में अहम भूमिका निभायेगी। श्री सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर सुरक्षा को बनाये रखना पुलिस का कर्तव्य है। इससे कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

### भाजपाइयों ने किया नारी शक्ति बंधन पदयात्रा आयोजित

# पदयात्रा से क्षेत्र की महिलाएं होंगी जागरूक : पुष्पा देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति बंधन पदयात्रा किशनपुर मंडल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे ने की।

कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी जिला महामंत्री सुजाता सिंह जिला मीडिया प्रभारी नीलम देवी, कार्यक्रम में किशनपुर मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा नीलिमा झा, पूनम देवी, सांसद प्रतिनिधि हेमंत, किशनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, निर्मला देवी, संगीता मिश्रा, सोनी देवी, मालती देवी, संगीता देवी, मीरा देवी, आभा देवी, प्रमिला देवी, नीलम देवी, कविता देवी, सुषमा देवी, फुलवंती देवी, सरिता देवी आदि सैकड़ों महिला शामिल थे।

मौके पर विधायक, जिला मंत्री रेणु देवी सैकड़ों महिलाओं को लेकर पूरे किशनपुर में पदयात्रा किया। विधायक ने कहा कि इस पदयात्रा से क्षेत्र की महिलाएं जागरूक होंगी। कहा कि कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचायें।



नारी शक्ति बंधन पदयात्रा के दौरान शामिल छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व अन्य भाजपा समर्थक।

# ओबीसी छात्रावास में आयोजित होगा संवाद कार्यक्रम : प्रदीप

- विधानसभावार ओबीसी समाज सम्मेलन, ओबीसी युवा संवाद, लाभार्थी जनसंपर्क अभियान
- पीएम के नेतृत्व में देश में सामाजिक आर्थिक संरचनाओं का तेजी से विकास : अमित तिवारी
- भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिलास्तरीय बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम गान गाकर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप केसरी उपस्थित थे। इस बैठक में ओबीसी मोर्चा के सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष शंकर गुप्ता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदीप केशरी के द्वारा ओबीसी मोर्चा के अभियान की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसके तहत विभिन्न विधानसभा में ओबीसी समाज सम्मेलन, ओबीसी युवा संवाद, लाभार्थी जनसंपर्क अभियान, ओबीसी छात्रावास में संवाद कार्यक्रम आयोजित करने हैं। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्ति करनी है और सभी कार्यक्रमों को सफल बनाना है।




संवाद कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

# राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप के लिए तोलरा की दो सगी बहनें चयनित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** झारखंड राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप वर्ष 2024 के लिए विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी दो सगी बहनें आस्था कुमारी व आंकाक्षा कुमारी का चयन किया गया है। आस्था व आंकाक्षा के पिता दीपक तिवारी झारखंड आर्म्स पुलिस मुख्यालय रांची में कार्यरत हैं। दीपक तिवारी ने बताया आस्था व आंकाक्षा बचपन से ही कराटे प्रतियोगिता में शानदार खेलती है अपने बेहतर खेल की वजह से देश के विभिन्न राज्यों में एक से बढ़कर एक पुरस्कार हासिल किया है। इधर, राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में चयन होने पर बधाई देने का तांता लग गया। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विश्रामपुर सांसद प्रतिनिधि अनूज पांडेय, विश्रामपुर प्रखंड प्रमुख रंभा देवी, उपमुखिया कुश तिवारी, समाजसेवी रासबिहारी तिवारी, कौशल तिवारी, एडवोकेट कमल तिवारी आदि ने भी बधाई दी है।



# जय जमुहरी मैया क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल का विजेता बना रामबीघा

- कबरा की टीम को 5 रनों से हराकर रामबीघ कप पर जमाया कब्जा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जय जमुहरी मईया क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलवार को खेला गया। यह मैच जपला-छत्तरपुर रॉड के नाग बाबा मंदिर के समीप खेल मैदान पर खेला गया। इसकी शुरुआत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, समाजसेवी मुन्ना देव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। यह मैच कबरा व रामविगहा की टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामबीघा की टीम 6 विकेट खोकर 134 रन बनाने में सफल रहा।



जबाबी पारी खेलते हुए कबरा की टीम 7 विकेट खोकर निर्धारित 12 ओवर में सिमट गयी और रामबीघा की टीम टूर्नामेंट का विजेता बन कप को अपने नाम कर लिया। मैन आफ द सीरीज का खिताब शशि पासवान व मैन ऑफ द मैच शुभम कुमार को दिया गया। रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि खेल में असीम संभावनाएं है।

### निरंजन ने कराया लाभार्थी अभियान कार्यक्रम



**पाटन पामू।** शोले पंचायत बूथ नंबर 172 पर जिला कार्य समिति सह प्रभारी निरंजन पासवान ने लाभार्थी अभियान कार्यक्रम कर लाभार्थी से संवाद किये। मोदी के कार्यों से लोगों ने संतुष्ट बताया एवं फिर से केंद्र में पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का धन्यवाद दिया। मोबाइल मिसकॉल भी किया एवं स्टीकर भी लोगों ने अपने घर के दीवार पर चिपकाया।

### महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक

**नौडीहा बजार पलामू।** थाना परिसर में शिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण ने की। नौडीहा सीओ शुभम बेला टोपनो ने कहा कि शिवरात्रि पर सभी समुदायों को शांति व्यवस्था कर सहयोग करने की जरूरत है। मौके पर जिप पार्षद सदस्य सुदामा पासवान, विजय प्रसाद, धनंजय प्रसाद, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**हरिहरगंज पलामू।** जिला आयुष समिति ने प्रखंड परिसर में चार दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाया, जो 7 मार्च तक चलेगी। आयुष चिकित्सक डॉ सत्यम सौरभ ने बताया कि करीब 80 मरीजों की जांच कर नि :शुल्क दवा दी गयी। शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ गजाला नौशी, एएनएम शांति कुमारी, संगीता कुमारी, सरोजनी देवी थे।

### आवारा कुत्तों का शिकार बना भटका हिरण



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड आवासीय परिसर के पीछे जंगल से भटके हिरण को आवारा कुत्तों ने गंभीर रूप से जख्मी कर दिया, जिसकी मौत हो गयी। जिसकी सूचना मोहम्मदगंज थाना को ग्रामीणों ने दी। थाना ने सूचना वनकर्मी को दी। वनकर्मी घटनास्थल पहुंचे तबतक हिरण की मौत हो चुकी थी। वनकर्मी राजू रंजन कुमार ने बताया कि उसे वनक्षेत्र में दफना दिया।

### राज्यपाल से मिले समन्वयक अरविंद गुप्ता



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर को जिला बनाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। छतरपुर को जिला बनो अभियान कमेटी ने छतरपुर विधायक द्वारा सीएम चंपाई सोरेन को जिला बनाने के लिए दिये गये ज्ञापन पर हर्ष जताया है। उन्होंने उम्मीद भी जतायी कि इससे अभियान को गति मिलेगी। अभियान के समन्वयक छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने विधायक पुष्पा देवी का आभार जताया और कहा कि इससे इलाके में चल रहे अभियान को बल मिलेगा।

## संत मरियम के बच्चों में जल्द दिखेगी अद्भुत प्रतिभा : मेमोरी गुरु विकास

- संत मरियम स्कूल में प्रारंभ हुई तेज याददाश्त की क्लास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बदलते परिदृश्य के अनुसार एकेडमिक एजुकेशन में शामिल विषयों की शिक्षा देना तो महत्वपूर्ण है ही, उससे कई गुना ज्यादा महत्वपूर्ण है उन विषयों को सोचने, समझने और याद करने की क्षमता विकसित हो ताकि पढ़ाई हुई चीजें बच्चे अपने जीवन में उतारकर अपने जिंदगी को संवार सकें। जिस पर नजर रखते हुए संत मरियम विद्यालय मे बच्चों की यादाश्त को तेज करने व फास्ट कैलकुलेशन, स्पीड रीडिंग, टाइम मैनेजमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट, फियर मैनेजमेंट जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी देने के लिए यादाश्त के जादूगर कहे जाने वाले विकास विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया। मालूम हो कि विकास यादाश्त के प्रशिक्षक है और यह अपनी यादाश्त शक्ति की बदौलत अब तक कई अवार्ड व रिकॉर्ड बुक में नाम भी दर्ज करा चुके हैं।





### दुर्गानंद झा क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के रूप में किया प्रभार ग्रहण

**मेदिनीनगर।** पलामू के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के रूप में सोमवार को दुर्गानंद झा (झाशिसे) ने प्रभार ग्रहण किया। साथ ही पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी के पद पर पदभार संभाला। इसके पूर्व वे साहेबगंज में जिला शिक्षा पदाधिकारी थे एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार में थे। इन्हें पलामू का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है।

## राजद प्रदेश महासचिव राजेश रौशन ने पेश की पलामू लोकसभा सीट से दावेदारी

- वर्तमान सांसद एनजीओ से अपनी कोटा की राशि कर रहे हैं संचालित : राजेश रौशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे राजनीतिक दलों में चहल कदमी बढ़ गयी है। पलामू लोकसभा से राजद चुनाव लड़ने के लिए योजना बना ली है। राजद के झारखंड प्रदेश महासचिव राजेश रौशन ने भट्ठी मुहल्ला आवास पर प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा राजद का पुस्तैनी सीट रहा है। इसलिए इस बार लोकसभा चुनाव में राजद पूरी तरह से चुनाव लड़ेगी। मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात कर अपनी दावेदारी प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि मेरे पिता स्व जोरावर राम समाजवादी विचारधारा के बल पर पलामू लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। तब से मैं उनके हरेक कार्यक्रमों के अलावे सामाजिक कार्यों, पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भूमिका निभाते आ रहा हूं।



### विश्रामपुर नप के भलुवानी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

# 108 मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज

- रामचंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में भी हमेशा लगाया जाता है स्वास्थ शिविर
- एलसीएमसीएच में आयोजित शिविर में डॉ रितिका ने किया रोगियों का इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा नप मुख्यालय के भालूवानी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 108 मरीजों का स्वास्थ्य जांच मुफ्त इलाज किया गया और कई नेत्र रोगियों को भी स्क्रीनिंग की गयी। इसके अलावा मरीजों को मुफ्त दवा भी दिया गया।

यहां बताते चलें कि विधायक सह एलसीएमसीएच के संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में भी हमेशा स्वास्थ शिविर लगाया जाता है। शिविर में रोगियों का इलाज डॉ रितिका ने किया। मौके पर पार्षद देवनाथ यादव,एएनएम किरण कुमारी, राजेश कुमार, धर्मेंद्र चंद्रबंशी, लैब टेक्नीशियन निराला कुमार, मार्केटिंग मैनेजर कुंदन चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।




शिविर में मरीजों का जांच करते डॉक्टर।

# डाला कला पंचायत सचिवालय में हुआ मनरेगा योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण

- वित्तीय अनियमित के लिए संबंधित पदाधिकारी और पंचायत सेवक रोजगार सेवक जेईई को आर्थिक दंड निर्धारित किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू।** पांडू प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कलां के पंचायत सचिवालय में ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर 15 मार्च के आलोक में वित्तीय वर्ष 2020-21, 22-23, 24 में संचालित मनरेगा योजनाओं से संबंधित सभी योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम किया गया।

जिसकी अध्यक्षता पांडू प्रखंड के नजीर गोविंद कुमार ने की। इस में वित्तीय वर्ष में अनियमित पाया गया। जिसके लिए विभाग के संबंधित पदाधिकारी एवं पंचायत सेवक रोजगार सेवक जेईई को आर्थिक दंड निर्धारित किया गया। मगर जनता इस से नाराज नजर आये। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत के सचिव का रहना चाहिए। सचिव नही है और कोई संतुष्ट जवाब देने वाला नही थे। इस कार्य से जनता संतुष्ट नही है।

मौके पर पंचायत के मुखिया रामबाबू यादव, ग्रनाथ यादव, मल्लू राम, विकास सिंह, चंदन कुमार, रोजगार सेवक नीरज कुमार, राजाराम पासवान, चंदन सिंह, बरूण बैठा, पुनीत राम, पवन सिंह, सतेंद्र यादव शामिल थे।



सामाजिक अंकेक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

खबर मन्त्र
रांची. बुधवार. 06 मार्च 2024



# रेलवे पर फोकस

पीएम द्वारा दो हजार रेलवे ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास सुखद ही कहा जाना चाहिए। उन्होंने देश में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये इकतालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की करीब दो हजार परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें ह्यप्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजनाह्ल के अंतर्गत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास भी शामिल था। देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के इन स्टेशनों पर करीब उन्नीस हजार करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जाना है। निस्संदेह, देश की बढ़ती आबादी की जरूरतों तथा स्टेशनों के आधुनिकीकरण की आवश्यकता के चलते यह आवश्यक हो गया है कि रेलवे स्टेशनों को सुविधाजनक बनाया जाए। इसमे दो राय नहीं कि रेल विभाग की खस्ता हालत के लिये सस्ती राजनीति भी जिम्मेदार रही है,जिसकी तरफ प्रधानमंत्री ने इशारा भी किया है। विगत में देखा गया कि गठबंधन सरकारों के दौर में रेल मंत्री का पद हासिल करने के लिए दबाव की राजनीति की जाती थी। जिसका मकसद नेताओं का अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए विशेष ट्रेन चलाना और अपने इलाके के अपने समर्थक बेरोजगारों को नियम-कानून ताक पर रखकर रेलवे में भर्ती करना होता था। बहरहाल, इसके बावजूद आज देश में सामान्य रेल यात्रा को पूरी तरह सुविधाजनक व सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। आये दिन रेल दुर्घटनाएं और मानवीय चूक की खबरें सामने आती रहती हैं। हाल ही में खबर आई थी कि गत पच्चीस फरवरी को जम्मू के कठुआ रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी बिना ड्राइवर के चल पड़ी थी। रेलवे की सुरक्षाऔर आधारभूत संरचना का विकास आज की तारीख में देश के तीव्र विकास के लिये आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। जरूरत है रेलवे कर्मी भी जिम्मेवार और योग्यतापूर्ण कार्य करें।

# मानवाधिकार और पाक

पाक में 1947 में अल्पसंख्यक की आबादी हिन्दूओं सहित 23 फीसदी थी, आज 3 फीसदी से भी कम है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के बुरे हालात पर दुनिया को सच्चाई से अवगत कराने की कोशिश भारत लगातार कर रहा है। कश्मीर में आतंकवाद का प्रायोजक पाकिस्तान ही है। पिछले चालीस साल से पाकिस्तान कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देकर भारत के खिलाफ छद्म युद्ध लड़ रहा है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ( यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान का कश्मीर मुद्दा उठाना भारत के खिलाफ दुष्प्रचार है। आतंकवाद के पनाहगार और पोषक पाकिस्तान अगर किसी को आतंकवाद पर लेक्चर दे, तो यह हस्यास्पद ही है। पूरा विश्व जानता है कि पाकिस्तान राजकीय नीति के तौर पर खुल कर आतंकवादियों का समर्थन करता रहा है। हक्कानी, टीटीपी, जैश, लश्कर, झंगावी, हिज्बुल जैसे 32 से अधिक आतंकी गुट पाकिस्तान में सक्रिय हैं और इन्हें पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई का संरक्षण प्राप्त है। ग्लोबल टेररिस्ट ओसामा बिन लादेन पाक के सैन्य एरिया से मिला था। संयुक्त राष्ट्र व अमेरिका द्वारा ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कई आतंकी आज भी पाक में रह रहे हैं। आतंकवाद को फंडिंग के चलते पाक को परिस स्थित वैश्विक संस्था एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) ने ग्रे लिस्ट में डाल रखा है। आतंकवाद को समर्थन देने के चलते ही पाकिस्तान पूरी दुनिया में अलग-थलग है। मानवाधिकार संरक्षण मामले में भी पाक का रिकार्ड फिसड्डी है। अल्पसंख्यकों पर जुल्म और धर्मांतरण पाक में आम बात है। पाकिस्तान सिख, हिंदू, ईसाई और अहमदिया सहित अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों का संरक्षण करने में नाकाम रहा है। निश्चित तौर पर पाकिस्तान की ऐसी हरकतों का विश्व व्यापी विरोध होना चाहिए।

# अधिकारों के लिए आज भी संघर्षरत महिलाएं



**सनातन** संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम,त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में आनपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है।

देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरूष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र द्दष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानीयां भी थी जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पढ़ रहे हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल समाजसेवा हो



-अंजू महेन्द्र

> आर्य समाज के द्वारा उन्होंने दस मूल्य सिद्धांतों पर चलने की सलाह दी। मूर्ति पूजा के अलावा वे जाति विवाह, महिलाओं के प्रति असमानता की भावना, मांस सेवन, पशुओं की बलि देने, मंदिरों में चढ़ावा देने इत्यादि के सख्त खिलाफ थे और इसके लिए उन्होंने लोगों में जागरुकता पैदा करने के अथक प्रयास किए।

या राजनीति महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं।आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तसवीर का एक रुख है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है।

महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52 वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं।

जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति औ? स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं। और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं। क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवाद के नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है और समानता के नाम पर मानसिक दिवालियेपन पर खत्म हो जाता है।

हमें यह समझना चाहिए कि जब हम महिलाओं के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम उनके साथ होने वाले लैंगिग भेदभाव की बात कर रहे होते हैं। इस क्रम में समझने वाला विषय यह है कि अगर यह लैंगिग भेदभाव केवल महिलाओं द्वारा पुरुषों के समान कपड़े पहनने या फिर आचरण रखने जैसे सतही आचरण से खत्म होना होता तो अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे तथाकथित विकसित और आधुनिक देशों में यह कब का खत्म हो गया होता। लेकिन सच्चाई तो यह है कि इन देशों की महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष कर रही हैं।

दरअसल महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब हम महिला अधिकारों के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो उसके मूल में एक वैचारिक चिंतन होता है कि एक सभ्य और विकसित समाज अथवा परिवार अथवा एक व्यक्ति के रूप में महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार समान,हमारी सोच समान, हमारा द्दष्टिकोण समान, समान कार्य के लिए उन्हें दिया जाने वाला वेतन पुरुष के समान और जीवन में आगे जाने के लिए उन्हें मिलने वाले अवसर समान रूप से उपलब्ध हों। जिस दिन किसी भी क्षेत्र में आवेदक अथवा कर्मचारी को उसकी योग्यता के दम पर आंका जाएगा ना कि उसके महिला या पुरुष होने के आधार पर, तभी सही मायनों में हम महिला दिवस जैसे आयोजनों के प्रयोजन को सिद्ध कर पाएंगे।

## खास बात

### हिंदी भावना भी संभावना भी

**सुधांशु कुमार**

**एक** ऐसे दौर में जब लोकतंत्र से आगे का खुलापन बाजार के हिस्से है, तो भाषा और संस्कृति भी नए सिरे से परिभाषित हो रही है। इस बदलाव में बड़ी भूमिका निभा रही है सूचना क्रांति का वाहक बनकर आई तकनीक, जो रोज अपडेट हो रही है, यूजर फ्रेंडली हो रही है।

हिंदी भारत की ऐसी भाषा है जिसका न सिर्फ प्रसार भौगोलिक सीमाओं से आगे जाता है बल्कि इसने तारीखी तौर पर हिंदी जनमानस में ह्यनवजागरणह्ल के संस्कार गढ़े हैं। एक ऐसे दौर में जब समाज, संस्कृति से लेकर शिक्षा और राजनीति तक बाजार के दबाव में नए चारित्रिक संस्कार में ढल रहे हैं, यह देखना खासा दिलचस्प है कि हिंदी भाषा की दुनिया नई सूचना तकनीक और नए कुबेरी तकाजों के बीच किस तरह बदल रही है। हिंदी के इस्तेमाल और उसके सामर्थ्य का नए समय में मूल्यांकन इस लिहाज से भी अहम है कि यह कहीं से भी हमें निराश नहीं करता बल्कि रचनात्मक तौर पर हिंदी की नई दुनिया से हमें अवगत कराते हैं। हिंदी की इस नई दुनिया की यात्रा मृणाल वल्लरी और प्रेम प्रकाश के साथ।

कई मीडिया संस्थानों और कारोबारी गतिविधियों से जुड़ीं कम्युनिकेशन गुरु नैंसी ड्यूरेट अपने भाषणों में अकसर यह बात दोहराती हैं कि भाषा का सबसे ज्यादा दोहन समाज में नहीं, बाजार में होता है। उनके मुताबिक बाजार की निर्मिति ही ऐसी है कि यहां भाषा महज संवाद या अभिव्यक्ति का माध्यम भर नहीं, बल्कि उसका इस्तेमाल यहां एक उपकरण की तरह होता है।

मान, मानक और हिंदीलीक से आगे तकनीक की भाषा

एक ऐसे दौर में जब लोकतंत्र से आगे का खुलापन बाजार के हिस्से है, तो भाषा और संस्कृति भी नए सिरे से परिभाषित हो रही है। इस बदलाव में बड़ी भूमिका निभा रही है सूचना क्रांति का वाहक बनकर आई तकनीक, जो रोज अपडेट हो रही है, यूजर फ्रेंडली हो रही है। हिंदी की कवयित्री और आलोचक अनामिका भूमंडलीकरण के लिए भूमंडीकरण शब्द का इस्तेमाल करती हैं।

# अध्यात्म की सीढ़ी

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

राजा विश्वरथ ने महर्षि वसिष्ठ से कहा कि आप इस कामधेनू रत्न भूता गौ को मुझे दे दें। एसी दुर्लभ धेनू राजा के पास ही होने के योग्य है। महर्षि वसिष्ठ ने कहा राजन मेरी जो वस्तु है सभी आपकी सेवा में है लेकिन यह धेनू मेरी नहीं देवराज इन्द्र की है। अगर इसे मैं आपके दे दूं और देवराज इन्द्र इसे मांगने आ जाए तो मैं उन्हें क्या उत्तर दूंगा। इस उत्तर से राजा विश्वरथ संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने सैनिको से बलपूर्वक कामधेनू को ले जाने की आज्ञा दी। लेकिन जैसी ही सैनिको ने ऐसा प्रयास किया कामधेनू ने हुंकार लिया और सैनिक गिर गये और प्राण त्याग दिये। ऐसा होते देख राजा ने अपने सैनिको को आदेश दिया कि कोई सैनिक आगे न बढ़ें। राजा विश्वरथ धर्नुविद्या में निपुण थे। उन्होंने कहा कि मैं इस धेनू को ले कर रहूंगा। उन्होनें कई दिव्यास्त्र चलाये। सभी दिव्यास्त्र निष्फल होते चले गये। राजा सोचने लगे कि यह न तो इन्द्र की शक्ति है और नही कामधेनू की यह महर्षि वसिष्ठ का ब्रम्ह बल है जिसने हमारे सभी क्षात्र बल को निष्पल कर दिया। धिक्कार है इस क्षात्रबल पर। अब मैं राजकाज करूंगा और न ही अपने राज्य लौटूंगा।

अब मैं ब्रम्हबल अर्जित करूंगा। इतना विचारकर राजा विश्वरथ त्यागकर सिद्धाश्रम वर्तमान समय में बिहार के बक्सर आ गये। सिद्धाश्रम जाकर विश्वरथ को भ्रम हो गया कि साधन मार्ग से उन्हें ब्रम्हज्ञान प्राप्त हो जायेगा। बिना अन्न जल ग्रहण किये वे श्रम किये। उनकी समाधि लगने लगी

.(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम )

मातृभूमि की रक्षा में समर्पित भारतीय सशस्त्र बलों के जांबाज जवानों को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आपका अदम्य साहस, शौर्य, त्याग, सच्ची निष्ठा, समर्पण और राष्ट्र प्रेम हम सभी के लिए अनुकरणीय है।

– **ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय मंत्री**

## रोचक X ट्वीट

**गिरिडीह** में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 587 करोड़ रुपए की लागत से 156 विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास एवं परिसंपत्ति का वितरण किया गया। हर आदिवासी, मूलवासी, मजदूरों, किसानों एवं आम लोगों की सरकार है। – **चंपई सोरेन**





**हमने** सरकार में एक नया वर्क कल्चर लाने का ईमानदारी से प्रयास किया है, ताकि देश की संपत्ति और संसाधन बर्बाद ना हों, प्रोफेशन्जिम और एफिसिएंसी हो।

– **नरेन्द्र मोदी**

# बांग्ला देश और भारत के संबंधों की तल्खी कम हो

**पुष्परंजन**

## सामयिक

भारत के जितने भी पड़ोसी देश हैं, सबसे लंबा बॉर्डर बांग्लादेश से ही हम साझा करते हैं। 4 हजार 96 किलोमीटर, जिसमें पश्चिम बंगाल का शेयर सर्वाधिक है, 2217 किलोमीटर। त्रिपुरा दूसरे नंबर पर है 856 किलोमीटर, तीसरे स्थान पर 443 किलोमीटर साझा करता मेघालय, असम 262 किलोमीटर, और मिजोरम 180 किलोमीटर। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बात से तपी हुई हैं कि उन्हें बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की यात्रा में पूछा तक नहीं गया। बाकी चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों को कभी इसकी परवाह नहीं रही। ममता बनर्जी की आलोचना को सरकार में उच्च पदस्थ बाबुओं ने खारिज कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, केंद्र किसी अन्य राष्ट्र प्रमुख के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित नहीं करता है।

ममता बनर्जी के गुस्से की वजह समझने के लिए 12 जुलाई, 2022 को शेख हसीना की ओर से भेजे उस संवाद को पढ़ना होगा, जिसमें उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री को पदमा ब्रिज को देखने के वास्ते आमंत्रित किया था। शेख हसीना ने ममता को यह भी लिखा था कि मैं सितंबर में भारत आ रही हूं, आपसे उस अवसर पर नई दिल्ली में मुलाकात होगी। उस संदेश को पढ़ने पर बात समझ में आ जाती है कि जानबूझ कर बंगाल के सीएम को इससे दूर कर दिया गया। नवंबर, 2019 में शेख हसीना कोलकाता आई थीं, तब उन्होंने ममता बनर्जी के साथ ईडन गार्डेन में इंडो-बांग्लादेश पिंक टेस्ट का आनंद लिया था।

शेख हसीना ने 6 सितंबर को बांग्लादेश हाई कमीशन में पत्रकारों से इस बात पर अफसोस प्रकट किया कि इस बार की भारत यात्रा में वह ममता बनर्जी से नहीं मिल पा रही हैं, जिनसे बहन जैसे रिश्ते हैं। कुछ भी कहिए, इस तरह की कड़वाहट से नुकसान उभयपक्षीय कूटनीति को होता है। बंगाल नहीं चाहेगा, तो तिस्ता समझौता कभी लागू नहीं हो सकता, यह भी एक सच है। शेख हसीना ने कहा भी, ह्यतिस्ता समझौते का इंतजार पिछले 11 वर्षों से हो रहा है ह्ल 2011 में तिस्ता नदी के जल के उपयोग की रूपरेखा दोनों देशों ने तैयार कर ली थी, मगर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की असहमति की वजह से इस पर हस्ताक्षर नहीं हो पाया। बांग्लादेश और भारत के बीच 54 छोटी-बड़ी नदियां हैं, जिनके जल का उपयोग दोनों देश करते हैं। दोनों देशों ने 1996 में गंगा नदी के जल को शेयर करने संबंधी समझौते किये थे। उसके 27 साल बाद कुशियारा समझौता हुआ है। इस समझौते की बिना पर भारत 153 क्यूसेक पानी छोड़ेगा, जिससे उत्तर-पूर्वी बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र की 5 हजार एकड़ भूमि की सिंचाई हो सकेगी। 161 किलोमीटर लंबी कुशियारा, बराक नदी की एक शाखा है। सूरमा नदी में समाहित होकर यह मेघना बन जाती है। भारत-बांग्लादेश के बीच जल कूटनीति ढीली चल रही है, यह बांग्ला के विश्लेषक भी स्वीकारते हैं। अगस्त, 2019 में ढाका में ज्वाइंट रीवर कमीशन की बैठक हुई थी, जिसमें सात नदियों मनु, मुहोरी, खोवाई, गुमती, धरिया, दूधकुमार और फेनी की धाराओं के साझा इस्तेमाल पर पहले से चल रही बातचीत बेनतीजा रही। इसके प्रकारांतर भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग ह्यजेआरसीह्ल की 38वीं मंत्रिस्तरीय बैठक 25 अगस्त, 2022 को नई दिल्ली में हुई थी। यह बैठक 12 साल बाद आयोजित हुई है। इस तरह की बैठक को सुस्त चाल का प्रतीक नहीं, तो क्या मानेंगे?

ऐसी कछुआ चाल कूटनीति के बीच कुशियारा जल समझौते को बांग्लादेश एक उपलब्धि मानता है। तिस्ता पर कोई बातचीत आगे नहीं बढ़ी। बांग्लादेश को थर्ड कंट्री फ्री ट्रांजिट वीजा देने की बात से वहां का उद्योग जगत यात्रा की सकारात्मक उपलब्धि बता रहा है।

## कॉटून वर्ल्ड

ट्विटर की अनियंत्रित भाषा



साभार कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडिटर

### यूएसए में हिंदी

**'हिंदी'** प्रवासी भारतीयों की अस्मिता है। अमेरिका के हर शहर के वातावरण को हिंदीमय बनाने के लिए अमेरिका के साहित्यकार विश्वविद्यालयों में जाकर युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं और हिंदी की महत्ता और इसकी समृद्धता के बारे में बताते हैं। अमेरिका में भारतीय हिंदी को बढ़ाने के लिये जी जान से जुटे हैं। देश में भी ऐसे प्रयास हो।

**– अभिजित, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भारत

**अब** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं।

**– विवेक, हजारीबाग**

# जिंदगी में जीत के साथ-साथ हारना भी सीखें



**अजयदीप बाधवा**

**हारना भी सीखें** हम सबको बचपन से सफल लोगों की कहानी सुनाई जाती हैं। ऐसा माना जाता है कि ऐसी कहानियां हम सबको, विशेषकर युवा वर्ग को, सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है। यह कुछ हद तक सही भी है। जब हम सफल लोगों को देखते हैं तो हम भी उस सफलता को प्राप्त करने की चेष्टा करते हैं, साथ ही हम सफल लोगों की खूबियों को अपनाने की चेष्टा भी करते हैं। पर इस पूरी प्रक्रिया में मुझे एक समस्या भी नजर आती है। हम युवाओं को बचपन से सफल लोगों की ही कहानियां सुनाते रहते हैं, उन्हें हमेशा यह बताते रहते हैं कि जिन में सफल होना बेहद आवश्यक है। उनके मन में हम ये बचपन से बताते हैं कि जीवन का एकमात्र उद्देश्य सफल होना है; असफल का जीवन में कोई स्थान नहीं है। बच्चों के मन में बचपन से यह बैठा दिया जाता है कि जो असफल हैं , उनका जीवन व्यर्थ है। इस कारण जब भी जीवन में वे असफल होते हैं, उनको भारी निराशा होती है और वे डिप्रेशन आदि का शिकार होने लगते हैं। मेरे विचार से हमें बच्चों और युवाओं को सफलता के साथ असफलता के बारे में भी बताना चाहिए। उनको असफल होना भी सिखाना चाहिए

## शोध

और साथ ही असफलता से उबरने के तरीके भी बताना चाहिए। हमें उन्हें यह भी बताना चाहिए की सफलता के पूर्व असफलता का आना असामान्य नहीं है, बल्कि यह कभी कभी आवश्यक भी है। असफलता ही हमें यह बताती है कि सफलता कैसे आएगी? सफलता की तरह असफलता भी जीवन का एक अभिन्न अंग है और इस से भी हमें सफल होने की प्रेरणा मिलती है।

अब्राहम लिंकन जीवन के हर परीक्षा में पहले असफल हुए थे। उन्होंने जीवन का हर चुनाव पहली बार हारा, चाहे वह शहर की काउंसिल का हो या अमेरिका के राष्ट्रपति पद का। पर अपने किसी भी हार से वे घबराए नहीं, बल्कि उस से प्रेरणा लेकर फिर से सफलता की चेष्टा की और अंत में अमेरिका के राष्ट्रपति बने। एवरेस्ट विजय के पूर्व एडमंड हिलेरी दो बार इस अभियान में असफल हुए, उन्हे चोटें भी आई पर वे हिम्मत नहीं हारे। चेष्टा करते रहे और अंत में माउंट एवरेस्ट पर विजय पाने वाले पहले व्यक्ति बने। थॉमस एडीसन भी बल्ब का आविष्कार करने के पूर्व सैकड़ों बार असफल हुए पर अन्त में सफल हुए। उनका मानना था कि उनकी हर असफलता उन्हें यह बताती थी कि उस तरीके से बल्ब नहीं बनता है और यह उनको सही तरीके की ओर आगे बढ़ने में मदद करता है। हमें भी बच्चों को जीवन में असफलता का महत्व समझना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि असफलता भी जीवन का आवश्यक अंग है। उन्हें यह भी बताना चाहिए कि असफलता ही सफलता का द्वार खोलती है। असफलता से घबराने की आवश्कता नहीं है, बल्कि उस से सबक ले कर सफलता की तरफ बढ़ना चाहिए। अगर युवा वर्ग असफलता को स्वीकार करना सीख लेगा तो उस से घबराएगा भी नहीं, साथ ही निराश नहीं होगा और डिप्रेशन जैसी बीमारियों से भी बचेगा। तो आईए , बच्चों को असफल होना भी सिखाएं।

**कॉस्ट अकाउंटेंट, मोटीवेटर, वित विशेषज्ञ**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज



### भागवत कथा में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत परसुडीह विद्या सागर पल्ली, दामोदर रोड राधा कृष्ण मंदिर परिसर में योग माया गोविंद धाम के भागवत कथा में शामिल हुए जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी और मत्था टेक कर क्षेत्र के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की और कथावाचक से आशीर्वाद लिया। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में धर्म के प्रति लोगों की रूचि बढ़ी है। मौके पर जिप सदस्य पूर्णिमा मल्लिक, मुखिया पानो मुर्मु, कुमकुम पोद्दार, अर्पिता भोवाल, आरती दत्ता, दिवाकर मंडल, राजा शर्मा, मिलन मजूमदार आदि लोग उपस्थित थे।

### विवेकानंद स्कूल में सेमिनार शुरू



**जमशेदपुर।** विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलिज टूल्स एंड एप्लीकेशन फॉर एकेडमिक डेवलपमेंट की पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। ए आई लैब कोलकाता से आये विशेषज्ञ डॉ सरोज एवं इंजीनियर शिव दास पांच दिवसीय सत्र लेंगे। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र ओझा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

### संकोसाई में पीएम मोदी के पक्ष में की पदयात्रा



**जमशेदपुर।** मंगलवार को प्रातः 11 बजे से महिला खेल सम्मान समारोह का आयोजन पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत प्रभारी प्रीती सिन्हा के नेतृत्व में मानगो मंडल में संकोसाई राम नगर, संकोसाई 5 नंबर एवं संकोसई 4 नंबर में पीएम मोदी का प्रतीक चिह्न उनका मुखौटा पहनकर एवम कमल छाप का प्रतीक लेकर महिलाए पद यात्रा कर अपने भाई मोदी जी के प्रति आभार प्रकट की।

### बैंक इंपलाइज ने किया महिलाओं को सम्मानित



**जमशेदपुर।** मंगलवार को संध्या 5.30 बजे बिस्टुपुर स्थित इंडियन बैंक के परिसर मे आयोजित सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट बैंक इंप्लाईज एसोसिएशन (बैंक इंप्लाईज फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिला इकाई) के विस्तारित कार्यकारिणी बैठक में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगठन के तमाम महिला साथियों समेत उस शाखा के प्रबंधक और अन्य महिला अधिकारियों को सम्मानित किया गया। संगठन के महासचिव सुजय राय ने अमेरिका-यूरोप मे हुए 1908 का महिलाओं के आंदोलन का जिक्र किया। उन्होंने बताया 1910 के अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन मे जर्मन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के क्लारा जेटकीन ने अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का प्रस्ताव पेश किया।

# कैसे बनेगा जमशेदपुर वर्ल्ड क्लास? जेएनएसी की क्षमता नहीं, टाटा स्टील यूआइएसएल की इच्छा नहीं : सरयू राय

■ टाटा स्टील शहर के नगरपालिका आधारभूत संरचना में निवेश करे : विधायक

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के उस बयान का स्वागत किया है जिसमें उन्होंने जमशेदपुर में डाउन स्ट्रीम इंडस्ट्री में निवेश करने के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी निवेश करने की बात कही है। सरयू राय ने यहां अपने बिष्टुपुर स्थित आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि टाटा कंपनी को जमशेदपुर में नगरपालिका सेवाएं मजबूत करने के लिए इससे जुडी आधारभूत संरचनाओं में निवेश करना चाहिए ताकि यहां की नगरपालिका सेवाएं अंतराष्ट्रीय स्तर की बन सकें। विधायक ने यह भी कहा कि जमशेदपुर में सुदृढ़ नगरपालिका ढाचा की जरूरत है चाहे वह नगर निगम हो, या औद्योगिक नगर समिति। विधायक ने आगे कहा, मैं सीएजी से आग्रह करूँगा कि जेएनएसी का व्यापक अंकेक्षण करें और इन भूखंडों के पूर्व में हुए भौतिक अंकेक्षणों को भी इसके साथ जोड़े। विधायक ने लगे हाथ यह भी कहा है कि जितना जमशेदपुर पूर्व में काम 25 वर्षों में नहीं हुआ उससे ज्यादा काम मैंने पांच वर्षों में कर दिया है।

विधायक ने शिकायती अंदाज में कहा कि जेएनएसी के माध्यम से सरकारी पैसे खर्च नहीं हो पा रहे हैं। परामर्शियो पर निर्भरता है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में मेरी योजना के करीब 42 लाख रू० की दो योजनाएं 2020 से और 1.33 करोड़ रुपये की 6 योजनाएं 2022 से अबतक शुरू नहीं हुई हैं।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते विधायक सरयू राय।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल, गुणवतापूर्ण बिजली, त्वरित जल निकासी, गली- नाली की सफाई, अतिक्रमित बस्तियों का नियमितीकरण और शहरी गरीबी का उन्मूलन मेरी प्राथमिकता है। इसके लिए लगातार टाटा स्टील और जेएनएसी पर दबाव बना रहा हूँ। टाटा स्टील सक्षम होने के बावजूद सक्रिय नहीं है और जेएनएसी सरकारी समर्थन के बावजूद सक्षम नहीं है। यह जमशेदपुर की विडंबना है।

सरयू राय ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र में इस संदर्भ में कुछ कदम की सफलता मिली है। सरकार ने जमशेदपुर को चांडिल डैम से स्वच्छ पानी देने पर सिद्धांतशः सहमत हुई है। सरकार चांडिल डैम की बायीं नहर से डिमना लेक पानी पहुंचाने पर सहमत हुई है जहां से जमशेदपुर शहर और आस-पास की बस्तियों को स्वच्छ पेयजल मिल सकेगा जबकि मानगो क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल के लिए चांडिल डैम की दाहिनी नहर से सतनाला डैम होते हुए पानी पहुंचाने पर सहमति हुई है। संवाददाता सम्मेलन में भाजमो के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनारायण शर्मा और जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

### परिवहन विभाग के एग्रिको और बारा की जमीन पर वैसा ही अतिक्रमण जैसा आरोप हेमंत सोरेन पर है

विधायक सरयू राय ने पत्रकारों को बताया कि परिवहन विभाग ने बारीडीह एवं बारा की करीब 16.53 एकड़ और एग्रिको की 2.03 एकड़ जमीन नगर विकास विभाग को कागज पर दे दिया है, पर इनका उपयोग नहीं हो रहा है। परिवहन विभाग की जानकारी के बिना इन भूखंडों पर सरकारी एवं गैर सरकारी अतिक्रमण हो गया है। इसमें वैसा भ्रष्टाचार भी है जैसा आरोप श्री हेमंत सोरेन पर है।

# टाटा स्टील ट्यूब्स डिवीजन में क्रेच फैसिलिटी मुस्कान का उद्घाटन

■ जनरल ऑफिस भवन के बगल में 2400 वर्ग फुट में बना है क्रेच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुस्कान नामक क्रेच सुविधा का उद्घाटन आज रुचि नरेंद्रन ने ट्यूब्स डिवीजन के एग्जीक्यूटिव इंचार्ज संजय एस साहनी की उपस्थिति में किया, जो श्रमिकों के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह ट्यूब्स डिवीजन के जनरल ऑफिस बिल्डिंग के बगल में स्थित है।

उद्घाटन समारोह में टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के वाईस प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह, टीडब्ल्यूयू के जेनरल सेक्रेटरी सतीश कुमार सिंह, ट्यूब्स डिवीजन की वरिष्ठ अधिकारी प्रीति एस साहनी, यूनियन कमेटी के सदस्य, महिला कर्मचारी और ट्यूब डिवीजन के नव अभिभावक भी उपस्थित थे।



क्रेच का उद्घाटन करती श्रीमती रुचि नरेंद्रन। साथ में यूनियन डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह व अन्य।

10 बच्चों को रखने की क्षमता के साथ 2400 वर्ग फुट से अधिक में फैला, मुस्कान-क्रेच 6 महीने से 10 साल की उम्र के बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक डिजाइन का प्रतीक है।

इन सुरक्षा उपायों में नेट से ढकी खिड़कियां, छह एयर कंडीशनर और माता-पिता के लिए सुलभ फुटेज के साथ एक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली शामिल है। क्रेच में सोने के लिए एक शयन कक्ष और सीखने तथा खेलने के लिए एक प्लेरूम है। स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए क्रेच में फीडिंग रूम की सुविधा भी है। इसके अतिरिक्त, अस्वस्थ बच्चों के लिए एक आइसोलेशन रूम भी है। क्रेच सुबह 8 बजे से शाम 5:30 बजे (सोमवार से शनिवार) के बीच खुला रहेगा। यह एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करने का वादा करता है जहां बच्चे समर्पित देखभाल करने वालों की देखरेख में सीख सकते हैं, खेल सकते हैं और बढ़ सकते हैं। क्रेच ट्यूब्स डिवीजन के अनुबंध और स्थायी कार्यबल दोनों सहित सभी कर्मचारियों को सेवा प्रदान करेगा। यह ट्यूब्स डिवीजन के जनरल ऑफिस बिल्डिंग के बगल में स्थित है।

# विधायक ने किया डॉ भीमराव अंबेडकर मूर्ति मंच का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कार्यक्रम के दौरान ईचागढ़ की विधायक सबिता महतो और पार्षद पिंकी लायक उद्घाटन करते हुए।

**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल प्रखंड क्षेत्र के भुइयांडीह में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना हेतु 4.27 लाख की लागत से विधायक निधि से बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के मूर्ति स्थापना हेतु नवनिर्मित मंच सौंदर्यीकरण का ईचागढ़ विधायक सविता महतो एवं जिप सदस्य पिंकी लायेक ने उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ने कहा- बाबा साहेब एक अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। जिप सदस्य पिंकी लायेक ने कहा बाबा साहेब ने दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया था। मौके पर चांडिल के पूर्व जिप सदस्य सह झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, समाजसेवी दिलीप महतो, राजु मांझी, करण हांसदा, बादल महतो आदि भी थे।

# सदर अस्पताल में आधुनिक रजिस्ट्रेशन काउंटर सह प्रतीक्षालय का उद्घाटन

■ डीसी ने नयी सुविधा का उद्घाटन कर बेहतर सेवा देने के लिए किया प्रेरित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



उद्घाटन के बाद रजिस्ट्रेशन काउंटर का निरीक्षण करते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल द्वारा सदर अस्पताल रजिस्ट्रेशन काउंटर और वेटिंग एरिया का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर अस्पताल में मौजूद सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जांच की और सुनिश्चित किया कि सभी सुविधाएं और व्यवस्थाएं उचित रूप से उपलब्ध हैं और सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। इस क्रम में उन्होंने ई हॉस्पिटल को और प्रभावी रूप से संचालित करने का निर्देश दिया साथ ही ओपीडी सेवा को भी ई हॉस्पिटल के अंतर्गत सम्मिलित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सदर अस्पताल के साथ-साथ सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सक्रिय रूप में हर स्थितियों का समाधान के लिए तैयार रखा जाये। उन्होंने अस्पताल में पेयजल की व्यवस्था और साफ-सफाई, स्वच्छता जैसे सभी सुविधाओं को उन्नत स्थिति में रखने को कहा।

# कल बालीगुमा में मेघा डेयरी के प्लांट का शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री चंपई सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 07 मार्च को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का जमशेदपुर सदर प्रखंड के बालिगुमा में मेघा डेयरी प्लांट शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होना प्रस्तावित है। डीसी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु वरीय प्रभारी-डीडीसी मनीष कुमार ने सभी संबंधित विभागों के प्रशासनिक अधिकारी के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिया। कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारी पहले से पूर्ण कर लें। साथ ही सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति से करें। ताकि उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन कराया जाये। कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर जो भी कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है, उसे तत्काल रूप से पूर्ण करें। डीडीसी ने कहा कि जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवंटित कार्यों को ससमय संपादित करें। मुख्य अतिथि के अलावा सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था, लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त कर लें। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न कमिटी का गठन करते हुए सभी संबंधित को जरूरी निर्देश दिया गया है।



शिलान्यास स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी अनन्य मित्तल व एसएसपी किशोर कौशल।

# टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइंबिंग अकादमी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) स्पोर्ट क्लाइंबिंग अकादमी ने 28 फरवरी से 2 मार्च तक कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन (वीवाईबीके) में हाल ही में संपन्न ओपन स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष, अकादमी ने रणनीतिक रूप से जमीनी स्तर की भागीदारी पर जोर दिया, प्रारंभिक चरण से ही प्रतिभा की पहचान करने और उसे तराशने की अपनी प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित किया।



टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन जमशेदपुर और उसके आसपास अपने स्पोर्ट क्लाइंबिंग केंद्रों के साथ प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जमीनी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का समूह निर्मित करने पर ध्यान देता है। 'मस्ती की पाठशाला' के छात्र एथलीट सक्षम प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अपने संबंधित केंद्रों में मौजूद मॉड्यूलर दीवारों पर नियमित रूप से अभ्यास करते हैं। इस समूह के इतने सारे एथलीटों को इस चैम्पियनशिप में पदक जीतते देखना रोमांचकारी है।

चैंपियनशिप में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए सब-जूनियर, जूनियर और ओपन सहित विभिन्न श्रेणियों में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। इस आयोजन में क्लाइंबिंग के दो प्रारूप शामिल किए गए थे, लीड क्लाइंबिंग और बोल्डरिंग।

### शकील अनवर खान सुपुर्द-ए-खाक



**जमशेदपुर।** आजादनगर रोड नंबर 5 निवासी व पूर्वी जिला सिंहभूम के सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन एवं राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित शकील अनवर खान (58) आज नम आंखों के साथ जाकिरनगर वक्फ मुस्लिम कब्रिस्तान मे सुपुर्द ए खाक किये गये। वे एक माह से बीमार थे। कोलकाता के एक अस्पताल मे इलाजरत थे जहां सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।

# बिरसानगर में स्टेडियम निर्माण के पक्ष में आये कई संगठन, डीसी को सौंपा गया समर्थन पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिरसानगर में विधायक सरयू राय की अनुशंसा पर जेएनएसी द्वारा बनवाये जा रहे स्टेडियम निर्माण के लिए संथाल, मुण्डा, भूमिज एवं लोहार समाज के साथ ही पूर्णतः समर्थन दिया है। समर्थन पत्र के साथ बिरसा यूथ वेल्फेयर क्लब के अध्यक्ष रौशन बारा ने आज डीसी अनन्य मित्तल को मांग पत्र सौंपते हुए स्टेडियम निर्माण का काम बाधित करने की कोशिश कर रहे चंद लोगों के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभू राम सरदार, रोनाल्ड स्टीफेन और इमैनुएल कुजूर भी उपस्थित थे।

समर्थन पत्र सह मांग पत्र की प्रति एसडीओ, एसएसपी और विधायक सरयू राय को भी सौंपी गई है। पत्र में कहा गया कि बिरसानगर के स्थापना काल में ही हमारे बिरसानगर को बसाने वाले संस्थापक सदस्य मोजेस गुडिया, ऐलेन सेजन गुडिया, बलाराम महतो, नकुल लोहार, हरि लोहार, चंद्रमोहन लोहार, कुजंल लकड़ा के दूरदृष्टि सोच के कारण, बिरसा नगर के प्रत्येक जोन में एक-एक खेल का मैदान, सामुदायिक भवन, स्कूल एवं सुगम यातायात साधनों को सुचारू रूप में संचालन हेतू चौडी सड़क, गली नाली का, स्थान को चिह्नित किये थे, जिसका लाभ आज हम सभी बस्तीवासियों को मिल रहा है।



डीसी को ज्ञापन सौंपने के बाद बिरसा यूथ वेलफेयर क्लब के प्रतिनिधि।

**खास बातें :** ज्ञात हो कि हमारे बिरसानगर जोन 1 एवं 2 के बीच एक बड़ा खेल का मैदान है, जिसका संचालन बिरसा यूथ वेल्फेयर क्लब के सदस्यों के द्वारा प्रारंभ से लेकर आज की तिथि तक किया जा रहा है। जिसका उपयोग, बिरसा नगर के सभी बस्ती वासी एवं युवा साथी खेल के प्रति एवं अपनी स्वास्थ्य के प्रति सक्रिय हो पाए है चूंकि यह खेल का मैदान चारो ओर खुला है, आवारा पशुओं के द्वारा बाधा उत्पन्न होती है, संबंधित क्षेत्र के साथी गण एवं क्लब के सारे साथी के एकमत राय से, इस क्षेत्र के विधायक सरयू राय के द्वारा अनुशंसा के आधार पर इस मैदान को झारखण्ड सरकार के द्वारा सौदर्गीकरण एवं स्टेडियम निर्माण कार्य किया जा रहा है, परंतु दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कुछ स्वार्थी एवं असामाजिक व्यक्तियों द्वारा जबरदस्ती उक्त सार्वजनिक हित के कार्यों को बन्द करने का धमकी एवं झगड़ा झझट किया जा रहा है। इस मैदान का सौंदर्यीकरण करने हेतु, संथाल, मुंडा, भूमिज एवं लोहार समाज के साथ ही पूर्णतः समर्थन है।


**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़ (मनेरगा)**

**शुद्धि-पत्र**

एदद् द्वारा संबंधित को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ज्ञापांक 290/जि0ग्रा0 दिनांक 02.03.2024 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत फलदार पौधे आदि हेतु अति अल्पकालीन निविदा का प्रकाशन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़ के कार्यालय से प्रकाशित की गयी थी, जिसका PR No.- 321339 District (23-24)D है। प्रकाशित विज्ञापन में संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक (N) 208 दिनांक 21.02.2024 के स्थान पर मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक (N) 208 दिनांक 21.02.2024 समझा जाय।

शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, रामगढ़।

PR.NO.321507 District(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/F,-17/2023-24

पत्रांक – 184 गढ़वा/दिनांक – 05.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कटकुआ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– भण्डरिया, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 58,97,100/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.03.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 26.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 26.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 27.03.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 321590 Minor Irrigation(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–_निविदा संख्या:- 24/2023-24/RWD/RAMGARH दिनांक :- 02.03.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | लम्बाई (कि0मी0) | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/24/2023-24/MMGSY | पतरातु | ग्राम आरासाह बगलता में हल्दीबेड़ा मुख्य पथ से दशरथ उरांव के घर तक पथ निर्माण कार्य। | 0.900 | 99.586/- | 06 माह |
| 2 | | पतरातु | ग्राम जराद पतराटोला में बजरंगबली मंदिर से सालगो मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य । | 0.670 | 66.564/- | 04 माह |
| 3 | | पतरातु | ग्राम लबगा में गाँवादेती से शंकर साव के घर तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य। | 0.360 | 41.829/- | 03 माह |
| 4 | | पतरातु | ग्राम जराद में आंगनबाड़ी से मतरसी मुण्डा के घर तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य। | 0.300 | 41.077/- | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 06.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 28.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 30.03.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण काय विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुया, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 321616 Rural Work Department(23-24).D

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर आज गुमला के घाघरा में

**गुमला।** कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर का गुमला आगमन हो रहा है। बुधवार को वे पार्टी की तरफ से लोहरदगा के लोकसभा स्तरीय चुनाव तैयारी में भाग लेंगे। यह बैठक घाघरा के चांदनी चौक स्थित संगम होटल में आयोजित होगी। यह जानकारी प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में पार्टी के पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता तक शिकरत करेंगे। गुलाम की मौजूदगी पार्टी व कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करेगी। निश्चित इस बार लोक सभा सीट कांग्रेस की झोली में जाएगी। इसके लिए कार्यकर्ता तन-मन से लगे हुए है। शीर्ष नेतृत्व प्रत्याशी की घोषणा करेगी। इसके साथ ही चुनावी तैयारी को गति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तानाशाही रवैसे से जनता उब चुकी है। अबकी बार कांग्रेस की सरकार निश्चित तौर पर बनेगी।

### जागरूकता रथ को डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



गुमला। जेएसएलपीसए अंतर्गत डीडीयूजीकेवाई परियोजना के तहत मंगलवार को गुमला एवं रायडीह प्रखंड के लिए कौशल जागरूकता रथ को डीडीसी दिलेश्वर महतो एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस शैलेन्द्र जारिका के द्वारा नया समाहरणालय भवन गुमला से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके अलावा सिसई प्रखंड में भी कौशल रथ को प्रखंड परिसर में अंचल अधिकारी नितेश रोशन खलखो के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कौशल रथ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना कार्यक्रम को लेकर लोगों को जागरूक करने, पहचान और दृश्यता को बढ़ाना है ताकि अधिक से अधिक युवा इस योजना के माध्यम से रोजगार से जुड़ सके। जेएसएलपीएस दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ग्रामीण युवाओं को उनकी रुचि और आकांक्षा के अनुसार वेतन-आधारित रोजगार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्लेसमेंट लिंक प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक कौशल इकाई है। गुमला जिले के सभी 12 प्रखंडों में 5 से 9 मार्च तक कौशल रथ के माध्यम से योजना का प्रचार प्रसार किया जायेगा।

### महाशिवरात्रि व शिव बारात को लेकर चैनपुर थाना में शांति समिति की बैठक



चैनपुर। चैनपुर थाना परिसर में मंगलवार को महाशिवरात्रि एवं शिव बारात को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीपीओ अमिता लकड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें महाशिवरात्रि पूजा समिति सहित कई लोग शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि एवं शिव बारात धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं एसडीपीओ अमिता लकड़ा ने उपस्थित लोगों को अपने संबोधन में कहा कि आप सभी लोग महाशिवरात्रि का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। वहीं शिव बारात के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखें। डीजे में भक्ति गाना ही बजाए और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्धारित रूट पर ही शिव बारात निकालें। इधर समिति के लोगों ने प्रशासन से शिव बारात के दिन महिला पुलिस की तैनाती की मांग रखी। जिसपर थाना प्रभारी ने कहा शिव बारात के दिन महिला पुलिस की तैनाती की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव एस आई दिनेश कुमार, ज़िप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, रघुनंदन प्रसाद, संदीप भगत, नित्यानंद शर्मा, सौरभ गुप्ता, बोनीफास कुजूर, अरविंद मौर्य, कृष्णा प्रसाद, रवि गुप्ता, जावेद खान, कादिर खान, मुनीफ खान, ताजिम खान, अर्चना देवी, उनीता देवी, संगीता देवी, अनिता देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल चौकीदार की इलाज के क्रम में हुई मौत



घाघरा। घाघरा थाना के चौकीदार 42 वर्षीय गंदुर महली की मौत सोमवार की रात्रि रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। जिसके बाद मंगलवार को परिजन शव लेकर घाघरा थाना पहुंचे। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को गुमला भेज दिया गया। यहां बता दें कि शनिवार की शाम सड़क दुर्घटना में बराडीहा ग्राम निवासी चौकीदार गंदूर महली को चोट आई थी। जिसके बाद थाना के कर्मियों के द्वारा घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराकर थाना लाया गया। जहां गंदुर पूरी तरह से स्वस्थ था। शनिवार की रात व सोया सुबह जब वह नहीं उठ रहा था तब उसे उठाया गया तो उसकी स्थिति सामान्य नहीं थी। परिजन चौकीदार गंदुर को गुमला सदर अस्पताल इलाज के लिए ले गए। जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया। रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा था। जहां सोमवार की रात इलाज के दौरान गंदुर की मौत हो गई। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा सड़क दुर्घटना में चौकीदार को चोट लगी थी। गंदुर के मौत से पूरा थाना परिवार दुखी है।

### आजसू ने थाना प्रभारी का किया स्वागत

चैनपुर। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नवपदस्थापित चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव का बुके देकर स्वागत किया। साथ ही चैनपुर की वस्तु स्थिति से अवगत कराया। वहीं चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव ने आजसू पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब कभी भी कोई दुर्घटनाएं या किसी प्रकार की सूचना हो मुझे बतलाएं मैं और मेरी टीम 24 घंटे मौजूद रहूंगा। अपराध नियंत्रण मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष समीर अमरदीप एक्का, अरुण कुमार पांडा, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रखंड सचिव दिलबाग कुमार, प्रेस सलाहकार राजन पांडे, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी एक्का, जिला महासचिव पिंकी कुजूर, दीप्ति रोश लकड़ा, छात्र संघ अध्यक्ष इरशाद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्थानांतरण के बाद भी जमे हुए हैं आईटीडीए कार्यालय के बड़ा बाबू

गुमला। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने तीन साल से जमे पदाधिकारियों व कर्मियों को स्थानांतरण करने का आदेश दिया था। जिसके आलोक में जिले के कई पदाधिकारी व कर्मचारियों का बड़े पैमाने पर तबादला किया गया। तबादले के बाद भी कई कर्मचारी स्थानांतरित जिले में अब तक योगदान नहीं दिये हैं। गुमला आईटीडीए कार्यालय के बड़ा बाबू प्रदीप बड़ाईक का दो माह पूर्व ही जिले से स्थानांतरण हो गया था लेकिन वे अब तक जिला छोड़कर गये नहीं है। वे प्रतिदिन गुमला आईटीडीए कार्यालय में ही कार्य कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार विभाग उन्हें छोड़ नहीं रहा है। जिसके कारण वे स्थानांतरित कार्यालय में योगदान नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में चुनाव आयोग के निर्देश का पालन नहीं हो पा रहा है। स्थानांतरित कर्मचारियों व पदाधिकारियों को अपने प्रतिनियुक्त कार्यालय में आदेश के अनुसार तत्काल योगदान देने का भी निर्देश जारी किया गया था।

### स्वीकृत स्थल पर सड़क न बनाकर दूसरे स्थान से आरंभ किये जाने का विरोध

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के मधुवन, करमटोली व मंगनाटोली के ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर धनगांव से पंडरिया तक बनने वाले सड़क को दूसरे स्थान पर बनाने का आरोप लगाया है। फिलहाल ग्रामीणों ने बैठक कर सड़क का निर्माण कार्य बंद करा दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि सड़क धनगांव से पंडरिया तक बनाने के लिए स्वीकृति हुई है। जिसका विज्ञापन भी अखबारों में निकाला गया था। लेकिन सड़क निर्माण करा रहा संवेदक अपनी मनमानी करते हुउ सड़क का निर्माण करौंदा मोड कराया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने बैठक की और फिलहाल सड़क का निर्माण कार्य बंद करा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि बहुत ही मुश्किल से सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली थी लेकिन अब संवेदक अपनी मनमानी कर गांव के विकास में रोड़ा अटकाने का काम कर रहा है।

## यज्ञ से मानव जीवन में होगी जागृतः पितांबर जी महाराज

मुरकुंडा में यज्ञ के छठें दिन हुआ देवाताओं की पूजा, किया गया रूद्राभिषेक





खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कलयुग में जहां लोग पैसे के पीछे दौड़ लगा रहे हैं ऐसी परिस्थिति में उनके जीवन में अध्यात्मिक व धार्मिक चेतना यज्ञ से ही आ सकती है। गुमला के मुरकुंडा जैसे पिछड़े क्षेत्र में मानव कल्याणार्थ आयोजित नव दिवसीय नौ कुंडीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ से लोग ईश्वरीय आस्था में तलीन हैं। वे भगवान की भक्ति से अपने जीवन के बहुमूल्य उद्देश्य की प्राप्ति की ओर बढ़ रहे हैं। उक्त बातें श्रीमदभागवत कथा के वाचक श्री प्रेमाचार्य पितांबर जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि यज्ञ से बड़ा कोई कर्म नहीं है। यह यज्ञ संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए आयोजित है। उन्होंने कहा कि जिस धरती में यज्ञ हो जाता है वह स्वतः वृंदनावन बन जाता है। वहीं राम कथा वाचक किशोरी आशीता ने कहा कि कोई जन्म से धरा पर ब्रह्मण नहीं बन सकता कर्म से ही ब्रह्मण लोग बनते हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ से जीवन पवित्रता होता है और देवाताओं का सान्धिय लोगों को प्राप्त होता है। कल्याण बाबा ने कहा कि यज्ञ आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक व अध्यात्मिक जागरूकता लाना है। वहीं महायज्ञ के छठवें दिन आचार्य प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में सभी 10 यजमानों ने देवी देवताओं का पूजन किया। साथ ही देवों के देव महादेव और देवी मां का रुद्राभिषेक किया। मां भगवती का 16 श्रृंगार से पूजा अर्चना की गई। वहीं दूसरे पहर में 2:30 बजे दुर्गा सप्तशती संपूर्ण पाठ का हवन किया गया। यज्ञ को लेकर गांव में भारी भीड़ हो रही है। यज्ञ में साहू नर्सिंग होम की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। मौके पर प्रकाश साहू, उमेश चौधरी, प्रदीप गंझू, भुनेश्वर साहू, बिजय चौधरी, सूरज चौधरी, दीपक चौधरी, संतोष पूरी, शिबदयाल साहू, जितेंद्र साहू, बजरंग साहू, कुंदन साहू, प्रदीप चौधरी, भोला चौधरी, मनोज चौधरी, संयुक्ता देवी सहित यज्ञ आयोजन समिति के लोग पूजा को सफल बनाने में जुटे है।

## हिंडाल्को से वार्ता के बाद ट्रकों की हड़ताल वापस

खबर मंत्र संवाददाता



कंपनी से वार्ता करते ट्रक ऑनर।

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला की संयुक्त बैठक हिंडाल्को हेड ऑफिस, लोहरदगा में संपन्न हुई। बैठक में एसोसिएशन ने पूर्व में दिए गए मांग पत्र के अनुसार बिंदुवार हिंडाल्को कंपनी से चर्चा की। विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के पश्चात हिंडाल्को कंपनी ने एसोसिएशन को यह आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी माइंसों में समझौते के मुताबिक ट्रिप दिए जाएंगे, कुजाम एवं विमरला माइंस में एक सप्ताह तक ए,बी,सी के तर्ज पर फिलहाल ट्रिप दिए जाएंगे और एक सप्ताह के पश्चात समझौते के मुताबिक ए और बी में सभी ट्रकों का परिचालन होगा। कंपनी ने यह भी आश्वस्त किया कि माइंस में पेपर व अन्य चीजों को लेकर जो परेशानियां ट्रक मालिक को एवं चालकों को आ रही थी वह सभी परेशानियां दूर करते हुए पूर्व की स्थिति में ही ट्रकों का परिचालन होगा। वार्ता के दौरान कंपनी ने यह भी सुनिश्चित किया कि जो भी वार्ता में आज निर्णय हो रहे हैं उसे पूर्णतः लागू किया जाएगा। कंपनी के इस आश्वासन के बाद दोनों एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 6 फरवरी से प्रस्तावित कुजाम, अमतीपानी न्यू अमतीपानी (चिरोड़ीह) एवं विमरला में चलने वाले सभी ट्रकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को वापस ले लिया। इस वार्ता में हिंडाल्को की ओर से जीएम आर अबस्ठा, ट्रांसपोर्ट हेड अभिषेक कुमार सिंह, कौशिक मुंडू एवं लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, रहमत अंसारी, गुड्डू अंसारी, राजेश शर्मा, मो बबलू, मो गुड्डू एवं ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला की ओर से कोषाध्यक्ष शशिकांत दास एवं कार्यकारिणी सदस्य अजमल कुरैशी सहित आदि शामिल थे।

## नववर्ष विक्रम संवत को लेकर जय श्रीराम समिति की बैठक 6 मार्च को



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में ओम महतो की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत एवं होली मिलन समारोह को लेकर खास चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नव वर्ष को लेकर 6 मार्च को गुदरी बाजार स्थित हनुमान मंदिर के सामने मुंद्रिका बैंक्वेट हॉल में जिला संरक्षक, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत एवं वार्ड के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा शहर के गण्यमान्य अभिभावक गण के साथ बैठक होगी। जिसमें भव्य शोभा यात्रा निकालने पर विचार विमर्श किया जाएगा। इस बार कार्यकर्ता सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह 20 मार्च को एक साथ मनाई जाएगी। बैठक में आकाश प्रजापति को नगर उपाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। जिसे नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने पट्टा पहनाकर सम्मानित करते हुए बधाई दी। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, ओम महतो, प्रदीप साहू, बिक्की कसेरा, बजरंग करुवा, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत, राहुल कुमार, शुशील पटनायक, संजय कुमार, आकाश प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# लोहरदगा लोकसभा सीट कांग्रेस या फिर झामुमो को मिलेगी, बना है संशय

दीपक राम काजू

>> लोहरदगा लोक सभा सीट से महागठबंधन प्रत्याशी की नहीं छट रही धुंध
>> जमीनी हकीकत देंखे तो सीट पर झामुमो की दावेदारी कांग्रेस से है मजबूत, झामुमो के पास तीन तो कांग्रेस के पास हैं दो विधायक
>> चमरा लिंडा के कांग्रेस पार्टी से लोहरदगा लोक सभा सीट का उम्मीदवार होने की लोग लगा रहे हैं क्यास

**गुमला।** लोकसभा चुनाव का बिगुल देश में कभी भी बज सकती है। जिसको लेकर राजनीतिक दल अपने पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है। भाजपा ने लोहरदगा लोकसभा सीट से अपना पार्टी उम्मीदवार राज्य सभा सदस्य समीर उरांव को बनाया है। लेकिन कांग्रेस पार्टी से लोहरदगा लोकसभा सीट से कौन उम्मीदवार होगा या तय नहीं हो पाया है। क्योंकि पार्टी में एक नहीं कई उम्मीदवार चुनाव लड़ने को आतुर है। या यू कहें कि एक अनार सौ बीमार हैं। पार्टी उम्मीदवार को लेकर छाया धुंध फिलहाल हटता नजर नहीं आ रही है। सभी उम्मीदवार धुंध साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। देश में कांग्रेस में ऐसे भी पतझड़ आ गया है। टिकट की चाह और अति महत्वकांक्षा में लोग पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में जा रहे हैं। जिसे देखते हुए राज्य में कांग्रेस पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा लटका कर रखी है ताकि चुनाव में मजबूत कैंडिडेट के साथ मैदान में उतराना है। इधर लोहरदगा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, गुमला जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत सहित कई ऐसे दावेदार हैं जो पार्टी टिकट की आश लगाये बैठे हैं। लेकिन पार्टी भी अपने सबसे पुराने किले को वापस लेने के लिए कोई तगड़े व दमदार उम्मीदवार की तलाश कर रही है। ऐसे में अफवाओं का बाजार भी गर्म है कि गुमला जिला से विशुनपुर विधान सभा से झामुमो विधायक चमरा लिंडा कांग्रेस पार्टी का दामन थामकर लोहरदगा लोक सभा प्रत्याशी बन सकते हैं। क्योंकि हाल के दिनों में घटित घटना क्रम में नजर दौडाएंगे तो पाएंगे कि चमरा लिंडा झामुमो के किसी भी कार्यक्रम में सक्रिय नहीं दिखे। यहां तक कि विधान सभा में जब राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को बहुमत साबित करना था तब भी वे पार्टी से किनारा किये हुए नजर आये। ऐसा में यह क्यास लगाया जा रहा है कि चमरा लिंडा कांग्रेस पार्टी से लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र का उम्मीदवार बन सकते हैं। चमरा लिंडा का चुनाव मैनेजमेंट भी इतना सशक्त है कि वे निर्दलीय भी लड़ते हैं तो राष्ट्रीय पार्टियों को मैदान में पानी पिलाकर रख देते हैं। आज तक उनका तोड़ किसी राष्ट्रीय पार्टी ने हासिल नहीं किया है। मगर हालात यह भी उभर कर आ रही है कि लोहरदगा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ेगी या झामुमो। अगर नजरें उठा कर देखें तो इस सीट पर पहला हक झामुमो की बनती है। क्योंकि गुमला के तीन विधान सभा सीटों पर झामुमो के विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास लोहरदगा व मांडर से विधायक है।

## वर्षो के बाद भी जिलिंगसिरा गांव को जोड़ने के लिए नहीं बनी सड़क



घाघरा। प्रखंड के जिलिंगसिरा गांव के ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर मंगलवार को डीसी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए कहा कि आजादी के 70 साल बीत जाने के बाद भी उनके गांव को जोड़ने वाली सड़क का अभी तक निर्माण नहीं हुआ है। जिससे आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव में बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिला के लिए आपातकाल परिस्थिति में एंबुलेंस या वहान तक नहीं पहुंच पाता है। फल स्वरुप इसका परिणाम लोगों के लिए पीडादायी बन जाती है। उपायुक्त को जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने कहा कि हम ग्रामवासी क्षेत्र के विधायक, सांसद, मंत्रियों एवं सड़क निर्माण मंत्रालय में कई बार गुहार लगा चुके हैं और सड़क से संबंधित तमाम तरह की समस्याओं से अवगत कराया। बावजूद सड़क निर्माण के लिए पहल नहीं किया गया है जो जिलिंगसिरा ग्राम वासियों के लिए दुर्भाग्य की बात है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने कठोर निर्णय लेते हुए कहा कि आगामी 2024 की लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने की जनकारी दी है। अगर समय रहते सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो क्षेत्र के सभी ग्रामीण अपने निर्णय को लेकर तैयार हैं।

## योग्य लाभुकों को योजना का दें लाभ : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इससे पूर्व उपायुक्त के द्वारा ई-जन शिकायत का भी आयोजन किया गया। जहां विशुनपुर एवं घाघरा प्रखंड के आवेदकों से उपायुक्त ने ऑनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम से बात की एवं उनके समस्याओं का निवारण किया गया। वहीं जन शिकायत निवारण दिवस में दूर दराज से लगभग 80 से अधिक आवेदकों की उपस्थिति रही। जन शिकायत निवारण दिवस में आवेदकों के द्वारा अबुआ आवास योजना, राशन कार्ड, पेंशन, दिव्यांग ट्राइसाइकल से संबंधित कई मामले देखने को मिले। सभी मामलों को देखते हुए उपायुक्त द्वारा सभी आवेदनों को संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। उपायुक्त द्वारा सभी मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जन शिकायत निवारण दिवस में कई दिव्यंगो ने भी उपायुक्त से आकर मुलाकात की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए दिव्यांगों को प्राथमिकता के आधार पर समुचित सहायता देने का निर्देश दिया। जन शिकायत निवारण दिवस में आए लाभुकों ने योजनाओं का लाभ लेने हेतु उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। उपायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मियों को सभी योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत योजनाओं से अच्छादित करने का निर्देश दिया। रायडीह प्रखंड के कुलमुंडा गांव ग्रामीणों ने उपायुक्त से पेयजल समस्या की समाधान की मांग की।

### भंडरा में जल जमाव की समस्या से ग्रामीण परेशान



भंडरा। प्रखंड बस्ती अंतर्गत साप्ताहिक बाजार मुख्य मार्ग में जलभराव होने से लोगों का आने जाने में काफी मुश्किल हो गया है। इस तरह पानी निकासी न होने से आए दिन जब भी वर्षा होती है, गली में महीनो जलभराव हो जाता है। नंदकिशोर साहू, टुन्नू साहू, अनूप सोनी, किशोर साहू, प्रकाश प्रजापति आदि का कहना है कि उन्हें यह समस्या कि जब भी वर्षा होती है, वर्षा का पानी पूरे गली में जमा हो जाता है। कहीं से पानी निकलने का रास्ता नहीं है। इसकी शिकायत वहां के स्थानीय प्रशासन को भी कई बार दी जा चुकी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं जाने के चलते उन्हें यह परेशानी वर्षो से सहन करनी पड़ रही है। मुख्य मार्ग का निर्माण होने के बाद गली नीचे चली गई है, जिस कारण गली का पानी बाहर न निकल कर गली में ही जमा हो जाता है। जिससे गली वासियों को घर से निकलना दुश्वार हो गया है। घर से बाहर काम करने के लिए महिलाओं को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समस्या को स्थायी समाधान तभी हो सकता है जब गली की सड़क को नए से मुख्य मार्ग के समांतर बनाया जाय। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। ताकि उन्हें इस परेशानियों से निजात मिल सके।

### कृषि की उन्नत तकनीक से रूबरू हुए किसान



कैरो। जिला कृषि विभाग सह आत्मा के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रखंड के 30 किसानों को कृषि की उन्नत तकनीक की जानकारी के लिए जिला स्तरीय भ्रमण को लेकर सेन्हा प्रखंड के एकागुड़ी कृषि फार्म ले जाया गया। जहां किसानों को कृषि की नई तकनीक से एस्ट्रॉबेरि, सेम, गोभी सहित अलग अलग फसलों की खेती को दिखाते हुए आत्मा सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन तिग्गा द्वारा जानकारी दिया गया। जिसमें कृषक मित्र मृत्युंजय तिवारी, सुसेन महतो, बरतु साहू, जुगल साहू, संतोष भगत, प्रकाश साहू, सनिया भगत, खुदी भगत, कमलेश तिवारी, चौधरी भगत, बहादुर उरांव, बुलु महतो, गोबर्धन मांझी, चरवा उरांव, अताउल्लाह अंसारी सहित किसान मौजूद थे।

### जागरूकता रैली सात मार्च को

**लोहरदगा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में महिला मतदाताओं को सशक्त करने हेतु अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व 7 मार्च को जागरूकता रैली का आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा। यह जागरूकता रैली सुबह 9 बजे समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होगी जो कचहरी मोड़, ब्लॉक मोड़, साइडिंग, बाबा मठ, मैना बगीचा से होते हुए पुनः समाहरणालय परिसर में सम्पन्न होगी। उक्त जानकारी स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा दी गयी।

### तेंदार स्कूल के बरामदे से बच्चे का शव बरामद

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के तेंदार स्कूल के बरामदे से घाघरा पुलिस ने मंगलवार को तेनदार निवासी नाबालिक अंकित उरांव का शव बरामद किया। शव को कब्जे में कर पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त नाबालिक बच्चे को लाठी डंडे से सिर पर वार कर हत्या की गई है। बच्चा गांव में रहता था और गांव में एक युवक के साथ भी घूमता था। घटना की रात नाबालिक अपने घर में नहीं था। वहीं सुबह जब स्कूल की ओर ग्रामीण गये तो बच्चे का शव देखा। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी। वहीं थाना प्रभारी ने यह भी अभी कहा कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। अनुसंधान के बाद ही हत्या का खुलासा किया जाएगा।

## विधिक सहायता के प्रति लोग हो जागरूक : अधिवक्ता

भंडरा में चलंत लोक अदालत वाहन द्वारा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** विधिक सेवा प्राधिकरण की चलंत लोक अदालत वाहन द्वारा मंगलवार को भंडरा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जरूरतमंदों को सुलभ सस्ता व त्वरित न्याय के विषय में जागरूकता अभियान चलाया। वाहन में पैनल अधिवक्ता और पारा लीगल वोलेंटियर्स मौजूद थे। लोगों के बीच जागरूकता से संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया। मौके पर अधिवक्ता नसीम अंसारी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जरूरतमंदों को सुलभ सस्ता व त्वरित न्याय दिलाया जाता है। लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही उन्हें उचित हक व अधिकार दिलाया जाता है। गौतम लेनिन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को वैधानिक जानकारियां नहीं मिल पाती हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के तहत गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पिएलवी सीमा कुमारी ने जानकारी देते हुए आम लोगों को विधिक सहायता संबंधी जागरूकता में सहभागिता निभाने की बात कही। इस मौके पर सुरीला देवी, कई पंचायत प्रतिनिधि व अन्य लोग मौजूद थे।

## एमबी डीएवी विद्यालय के दो विद्यार्थी इंस्पायर अवार्ड में हुये चयनित

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय के कक्षा नौवीं के छात्र सिद्धार्थ अग्रवाल तथा कक्षा सातवीं की छात्रा गुंजन लिलहारे इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम प्रतियोगिता में चयनित हुए। उन्हें भारत सरकार द्वारा 10000 की धनराशि राज्य स्तर पर मॉडल बनाकर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रदान की जाएगी। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों को प्रतिभागी बनने का अवसर प्राप्त होता है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी से संबंधित अपने नए विचारों को भेजा जाता हैं। चयनित विद्यार्थियों को 10000 रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। चयनित विद्यार्थियों को प्राचार्य जी पी झा के साथ समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई दी।

## खेल हो या लोकतंत्र जिम्मेदारी निभाना जरूरी : डीडीसी

जिला पत्रकार संघ ने जिला प्रशासन स्वीप 11 की टीम को 9 विकेट से हराया

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर परिषद के तत्वावधान में समाहरणालय मैदान में मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला पत्रकार संघ की टीम ने जिला प्रशासन स्वीप 11 की टीम को नौ विकेट से हरा दिया। कुल आठ-आठ ओवर के इस प्रतियोगिता में जिला प्रशासन की टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 72 रन बनाए। जबकि जिला पत्रकार संघ की टीम ने मात्र एक विकेट के नुकसान पर धमाकेदार रूप से नौ विकेट से मैच जीत लिया। इस प्रतियोगिता में जिला पत्रकार संघ के खिलाड़ी टाइगर ने शानदार 48 रन बनाए। जबकि जयजीत ने ना सिर्फ चार विकेट लिए, बल्कि 16 रन भी बनाए। जिला पत्रकार संघ की टीम की कप्तानी अमित वर्मा कर रहे थे। जबकि जिला प्रशासन स्वीप 11 टीम की कप्तानी उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने की। उप विकास आयुक्त ने शानदार 11 रन बनाए। वहीं स्वीप 11 जिला प्रशासन की टीम की ओर से सौरभ ने 30, अजीत ने चार और शहबाज ने सात रन बनाए। इस मैच में उद्घोषक की भूमिका सतीश शाहदेव ने निभाई। वहीं अंपायर के रूप में क्रिकेट कोच अमित कुमार मौजूद थे। जिला पत्रकार संघ की ओर से अमित वर्मा, जयजीत, प्रसन्नजीत घोष, टाइगर, बबलू उरांव, रोशन शाहदेव, विक्रम चौहान, अभिषेक, मनोरंजन वर्मा, रंजन प्रसाद गुप्ता, धीरज कुमार सिंह खेल रहे थे। जबकि जिला प्रशासन स्वीप 11 की ओर से उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, नगर परिषद के सिटी मैनेजर विजय कुमार, हिमांशु, सौरभ, शिवा, सुमित, मनीष, ऋतिक, देव, अजीत, शहबाज आदि ने मैच खेला। मौके पर उपविकास आयुक्त ने कहा कि खेल हो या लोकतंत्र, दोनों ही जगह पर जिम्मेदारी को निभाना जरूरी होता है। हम सभी को शपथ लेना होगा कि आगामी चुनाव में हम 90 प्रतिशत से अधिक मतदान करेंगे। लोकतंत्र में एक जागरूक नागरिक का दायित्व ही लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। उन्होंने सभी लोगों से आने वाले चुनाव में मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की बात कही और इस मैच के ऑर्गेनाइजर अमित कुमार को भी अच्छे से मैच करने के लिए बहुत बहुत बधाई दिए। मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह, सिटी मैनेजर विजय कुमार, कयूम खान, नूतन, सतीश शाहदेव, विक्रम चौहान, रोशन शाहदेव, अमित वर्मा, आकाश कुमार, धीरज कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## झारखंड-छतीसगढ़ सीमा पर बने चेक पोस्ट का एसपी ने किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

खबर मंत्र संवाददाता



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते एसपी शंभू कुमार सिंह।

**जारी।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए जारी पुलिस एक्सन मोड में है। जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर स्थित झारखंड-छत्तीसगढ़ अन्तरराज्यीय बॉर्डर में बने चेक पोस्ट का जिले के एसपी शंभू कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी शंभू कुमार सिंह ने चेक पोस्ट में प्रतिनियुक्त किये गए मजिस्ट्रेड सहित पुलिस पदाधिकारी से पूरी व्यवस्था की जानकारी ली। मौके पर सीसीटीवी कैमरा, वाहन चेकिंग सहित कई तरह की जानकारियां ली। साथ ही एसपी ने वाहन चेकिंग के रजिस्टर की भी बारीकी से जांच की। मौके पर उपस्थित एएसआइ बिनोद शर्मा को निर्देश देते हुए एसपी सिंह ने कहा कि आप इस थाने में काफी दिनों से पदस्थापित हैं और जारी के थानेदार नए आए हैं। थानेदार को इस इलाके के बारे में अच्छी तरह से जानकारी दें। मैं भी एक दिन जारी थाना विशेष रूप से इलाके के जानकारी के लिए मीटिंग करूंगा। साथ ही सड़क पर चलने वाले छोटी बड़ी गाड़ियों की तलाशी अच्छी तरह लेने का भी निर्देश दिया। वहीं बॉर्डर इलाके में लगे चेक पोस्ट में जारी थाना के द्वारा पिछले कई दिनों से दिन-रात सड़क पर चलने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। मौके पर डीएसपी अभियान मनीष कुमार, जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार, पुअनि टीपू अंसारी, अरुण पांडे, किस्टो राम आदि उपस्थित थे।

# अन्नपूर्णा को भी सबक सिखाना होगा : विनोद सिंह

## जातीय जनगणना, स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण मामलों पर चुप रहती हैं सांसद

### भाकपा माले का कार्यकर्ता कंवेंशन सम्पन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा माले का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता कंवेंशन मंगलवार को जयनगर प्रखंड के पिपचो में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कनवेंशन के पूर्व किसान आन्दोलन में शहीद किसानों और पत्रकार संतोष मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि बीते हुए कल का मूल्यांकन से कोडरमा की भविष्य का फैसला लेना होगा। सहिया, ऊर्जा दीदी, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, पोषण सखी, कृषि मित्र समेत सभी केंद्रीय परियोजनाओं में कार्यरत कर्मियों के उम्मीदों पर केंद्र की मोदी सरकार ने प्रहार किया है। ना तो मानदेय में बढ़ोतरी हुआ और ना कर्मियों की सेवा ही स्थाई किया गया। अच्छे दिन का सपना अधूरा ही रह गया। पेट्रोल डीजल का दाम, मंहगाई न घटा और न गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास मिला। कोडरमा के प्रवासी मजदूरों और जनता की आवाज संसद तक नहीं पहुंचा। झारखंड का कोयला अडानी अम्बानी के लिए बाहर जाता है। जातीय जनगणना, स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण के मामला पर चुप रहने वाली सांसद अनपूर्णा देवी को भी सबक सिखाना होगा।

वहीं पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि मोदी सरकार देश के मजडोर और किसानों के बजाए अडानी अंबानी के लिए ज्यादा फिक्रमंद है। पूंजीपतियों को टैक्स में छूट और आम जनता पर टैक्स का बोझ लाद रही है। हमारे रहन-सहन और खानपान की निगरानी करने वाली सरकार और सासंद को बदलना होगा। यह लड़ाई गठबंधन की नहीं देश के जनता की लड़ाई है। उन्होंने आगे कहा कि कोडरमा, गिरिडीह के मायका को चमकाने की वायदा करने वाली सांसद को बताना पड़ेगा की आपके वायदा का क्या हुआ। केटीपीएस में स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिली। रेलवे ने जो गांवों को दो भागों में बांट दिया, सांसद मैडम इस पर कोई सवाल संसद में नहीं उठाई है। भाजपा भ्रष्टाचारियों को धोने वाली वाशिंग मशीन बन गई है।

वहीं किसान महासभा के नेता अशोक पासवान ने कहा कि अस्सी करोड़ परिवारों को अनाज देना मोदी जी की घोषणा गरीबों को खैरात नहीं है। जो किसानों का नहीं वो देश का भी नहीं हो सकता है। किसानों की मौत की आह मोदी सरकार के लिए महंगा साबित होगा। वहीं माले राज्य कमिटी के सदस्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि मोदी सरकार के दस वर्ष झूठ और जुमले गढ़ने में बीते हैं। अनपूर्णा जी पांच वर्षों में गांवों से गायब रही है। कार्यक्रम को कोडरमा प्रभारी भूवनेश्वर केवट, राजेन्द्र मेहता, विजय पासवान, अशोक यादव, शंभू वर्मा, मुन्ना यादव, शारदा देवी, राजेंद्र दास, असगर अंसारी, सलीम अंसारी पार्वती देवी, संदीप कुमार, चांद अख़्तर, बहादुर यादव आदि ने भी संबोधित किया।

## माहुरी वैश्य महामंडल के 111वां अधिवेशन में जयनगर को मिला 43वां मंडल का दर्जा

### मंडल का दर्जा मिलने पर जयनगर वासियों ने जताया आभार



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बिरनी में आयोजित दो दिवसीय माहुरी वैश्य महामंडल के 111वां अधिवेशन में जयनगर मंडल को 43वां मंडल की मान्यता मिली है। इस संबंध में महामंडल उपाध्यक्ष रवि कपसीमे ने बताया कि, लंबे समय से जयनगर के स्वजातियों की मांग को देखते हुए अधिवेशन में परसाबाद मंडल से जयनगर को अलग कर मंडल का दर्जा दिया गया है। इन्होंने बताया कि पूर्व में गिरिडीह महामंडल के अंतर्गत कुल 42 मंडल थे, लेकिन जयनगर को मंडल घोषित करने के बाद अब इसकी संख्या बढ़कर 43 हो गयी है। वहीं जयनगर को मंडल का दर्जा मिलने पर जयनगर समाज के लोगों ने महामंडल के केंद्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता, केंद्रीय उपाध्यक्ष रवि कपसीमे, केंद्रीय महिला उपाध्यक्ष सुनीता सेठ, केंद्रीय नवयुवक समिति उपाध्यक्ष रितेश लोहानी, पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष पप्पू भदानी सहित महामंडल के तमाम पदाधिकारियों का आभार जताया है। आभार जताने वालों में जयनगर मंडल से महादेव राम वैश्यकियार, अशोक राम, शशिकांत गुप्ता, राजेश वैश्यकियार, दीपक वैश्यकियार, सोनू वैश्यकियार, मोनू वैश्यकियार, संजय राम, शिवकुमार राम, खुशबु लोहानी, सोनी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, खुशी वैश्यकियार, ज्योति वैश्यकियार, विनीता वैश्यकियार आदि शामिल हैं।

## अबुआ आवास को लेकर उप प्रमुख ने डीडीसी को सौंपा ज्ञापन



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के उप प्रमुख प्रीतम यादव एवं जिला के पंचायत समिति संघ के लोगों ने अबुआ आवास में हो रहे अनियमिता को लेकर जिला उप विकास उपयुक्त पवन कुमार मंडल को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करते हुए जरुरतमंद ग्रामीणों को योजना का लाभ देने की मांग किया है। उप प्रमुख और पंचायत समिति सदस्यों ने अबुआ आवास योजना के लिए जिला को भेजे गये सचि जांच करने की मांग भी किया। इस उप प्रमुख ने बताया कि मुखिया, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक बगैर जांच किये सूचि को बनाते हुए जिला को भेज दिया है। ग्राम सभा में प्राथमिकता के आधार पर चयनित लोगों से अलग व्यक्तियों का जीओ टैग लाभुक चयनित किया गया। जिसकी सूचना पंचायत समिति सदस्यों को नहीं है। जिसका जियो टैग किया गया है उसकी सूची प्रखंड के सभी पंचायत में उपलब्ध कराया जाए। ताकि स्पष्ट हो सके और योग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ मिल सके।

## कोडरमा लोक सभा संचालन समिति की बैठक

### जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे : डॉ नीरा यादव



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा लोकसभा संचालन समिति की एक बैठक शिव वाटिका में हुई। बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी व संचालन जिला महामंत्री राजकुमार यादव ने किया। बैठक में कोडरमा विधानसभा के संचालन समिति पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान डॉ नीरा यादव ने कहा कि, हमारे प्रत्याशी केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएंगे। जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि, संचालन समिति में पूरे विधानसभा क्षेत्र के हर मंडल से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जोड़कर बनाना है। हम घर-घर जाकर मोदी जी का संदेश दे सकें और हमारा हर वोट हमें जीत की संख्या बढ़ाकर 6 लाख से जीत दिलाने की और अग्रसर करें। वहीं रामचंद्र सिंह ने कहा कि, संचालन समिति में हर मंडल से कार्यकर्ताओं एवं हर वर्ग से लेकर हम सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को समाहित करें। बैठक में रवि मोदी, रमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामनाथ सिंह, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, विरेन्द्र मेहता, राजकुमार यादव, चन्द्रशेखर जोशी, दिनेश सिंह, सुरेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर चलाया गया हस्ताक्षर



**चतरा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर मंगलवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर स्वीप कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में जिले के उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला स्वीप नोडल सह भू अर्जन पदाधिकारी चतरा वैभव सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक दिनेश मिश्र समेत समाहरणालय परिसर में उपस्थित आम जन ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर किया और मतदाताओं को जागरूक किया। लोक सभा आम चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदाता निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान करें। इसके लिए जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र, आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत स्तर, बैंक शाखा समेत अन्य जगहों पर अलग अलग तरह के मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही वैसे मतदान केंद्र जहां मतदान प्रतिशत कम हैं वहां के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## डीसी ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना



हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला स्तर पर रैली सह मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान समूह एवं साक्षरता समिति की महिलाएं उपस्थित थी।

मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि स्वीप के तहत इस कार्यक्रम के जरिये मतदान करने को लेकर आमजनों में जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। जनजागरूकता को लेकर इस रैली सह मानव श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य बिना किसी दबाव, धमकी, लोभ-लालच अथवा बिना किसी से प्रभावित हुए अपने सूझबूझ से सही उम्मीदवार को मत देकर अपने नैतिक मताधिकार का उपयोग कराया जाना है। इस रैली सह मानव श्रृंखला के माध्यम से लोगो को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मौके पर डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसी मतियस विजय टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जेएसएलपीएस के डीपीएम सुशील कुमार दास आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल के लिए हैरी सिंह रूस रवाना




**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के बिशुनपुर रोड निवासी स्व. श्याम बिहारी सिंह के पुत्र हैरी सिंह का चयन वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल 2024 में हुआ है। यह फेस्टिवल रुस के सोची शहर में होने वाली है, जिसमें वो भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह फेस्टिवल 1 मार्च से 7 मार्च 2024 तक आयोजित हो रही है, जिसमें हैरी सिंह को अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के युवा विशेषज्ञ तथा युवा उद्यमी की श्रेणी में चुना गया है। फेस्टिवल में 360 भारतीय युवा प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें 100 से अधिक देशों के व्यापार, मीडिया, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, संस्कृति, विज्ञान, शिक्षा, खेल और स्वयंसेवा से जुड़े युवा नेता भाग लेंगे। उत्साही व्यक्तियों का यह समूह वैश्विक मंच पर भारत की विविधता, रचनात्मकता और क्षमता को मूर्त रूप देगा।

## दुर्गा सोरेन सेना सामाजिक संगठन की बैठक सम्पन्न, कई मुद्दों पर खोला मोर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक बंगला में दुर्गा सोरेन सेना के द्वारा बैठक किया गया। बैठक में भ्रष्टाचार, विकास एवं अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु एवं संचालन जिला महासचिव संतोष नायक ने किया । बैठक में मुख्य रूप से आंदोलनकारी को सभी सुविधा प्रदान करना, अबुआ आवास सभी आंदोलनकारी को दिया जाना, अबुआ आवास में हो रहे भ्रष्टाचार को लगाम लगाना, गरीब एवम असहायों को आवास उपलब्ध करवाना, वन विभाग से अवैध लकड़ी कारोबार रोक लगाना, खाद आपूर्ति विभाग समय से सभी को राशन उपलब्ध करवाना, छूटे हुवे लोगों को राशन कार्ड बनाया जाना, नल जल योजना अधूरे कार्य को जांच कर पूर्ण किया जाना। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में स्थानीय उम्मीदवार को समर्थन देने पर चर्चा हुई। साथ हीं भाजपा नेता संजय पांडे को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग किया, लावालौंग प्रखंड के पंचायत लामटा मैं नल जल से बने टंकी की जांच कर उसे पूर्ण चालू कराया जाए एवं भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा इस पर भी निर्णय लिया गया। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता राज किशोर कमल उर्फ पिंकू, जिला महासचिव संतोष नायक, आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष श्री शिवशंकर यादव, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य प्रकाश राम, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार, नगर अध्यक्ष डब्ल्यू सोनी, सुरेश साहू, केशव साव, जगन्नाथ महतो, तिलक महतो, जसवंत साव, गणेश राणा, जिला उपाध्यक्ष सुगन साव, मोहम्मद मजीद गंगाधर साव, रामेश्वर महतो, सुरेश यादव, बच्चन महतो, सुरेश गंझु, भगी महतो, गणेश महतो, लखन महतो, कैलाश, महतो मोहित, भारती संगीता देवी, शारदा देवी, अभो देवी, शांति देवी, नीलू देवी,सविता देवी, नूतन देवी, उर्मिला देवी, फागु महतो, जय नारायण प्रसाद, नजमा खातून, लीला यादव के अलावा महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मनोरंजन के साथ-साथ बढ़ता है आपसी समन्वय : मंत्री

## अनूप जलोटा व भरत शर्मा के गीतों पर झूमे दर्शक

- हे विंध्याचल वाली मईया राउर महिमा बड़ा भारी बा .....
- चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल......






कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में पांच बड़ी योजनाओं के लोकार्पण के मौके पर आयोजित चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सोमवार की संध्या टाउन हॉल के मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सुविख्यात गजल व भजन गायक अनूप जलोटा, प्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायक भरत शर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्तुति की। मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दोनों गायकों व उनकी टीम को माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही इन्हें मां गढ़देवी की तस्वीर भी भेंट की। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर गजल, भजन व लोकगीत प्रस्तुत किया। इनके गीतों पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से मनोरंजन के साथ-साथ आपसी समन्वय भी बढ़ता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपनी संस्कृति से भी जुड़ाव होता है। साथ ही संस्कृति के बारे में जानने और समझने का मौका भी मिलता है। इस प्रकार के आयोजन से अपने ही शहर में बड़े कलाकारों को देखने व सुनने का भी अवसर प्राप्त होता है।

अनूप जलोटा ने काशी बदली, अयोध्या बदली, अब मथुरा की बारी है..., मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे.., दमा दम मस्त कलंदर.., चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल.., चिट्ठी आई है आई है चिट्ठी आई है.., कभी राम बन के, कभी श्याम बन के.., जाम चलने लगी, दिल मचलने लगा.. आदि, भरत शर्मा ने के विंध्याचल वाली मईया.., गोरिया चांद के अंजोरिया नियन गोर बाड़ू हो.., खेले मशाने में होली दिगंबर.. आदि सहित एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। इनके गीत और गजल पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। मौके प्रमुख के रूप से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, अनिता दत्त, ताहिर अंसारी, दीपमाला, परेश तिवारी, दिलीप गुप्ता, प्रियम सिंह आदि सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी में राजस्व संग्रहण के लिए लगेगा कैंप



कमल कुमार।

**मझिआंव।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय प्रबंधक (तक.) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल गढ़वा-2 के निर्देश पर मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड में राजस्व संग्रहण के लिए कैंप लगाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए सहायक कनीय अभियंता कमल कुमार ने बताया कि राजस्व संग्रहण करने के लिए मझिआंव विद्युत सब स्टेशन में सात मार्च दिन गुरुवार एवं 21 मार्च दिन गुरुवार को कैंप लगाया जाएगा। इसी दौरान ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए आगामी 13 मार्च दिन बुधवार को खरसोता मोड़ एवं मोरबे हनुमान मंदिर के समीप (पूर्व मुखिया मंटू साव के घर के समीप) तथा 18 मार्च दिन सोमवार को टड़हे गांव में पीपल चबूतरा के पास कैंप का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार नौ मार्च को बरडीहा विद्युत सब स्टेशन में तथा तथा 20 मार्च दिन बुधवार को कांडी विद्युत सब स्टेशन में कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे शहरी क्षेत्र में चुनाव से पूर्व अप्रैल में सर्वे का काम शुरू कर दिया जाएगा। सर्वे पूर्ण होने के पश्चात सभी गली मोहल्ले में बिजली, तार, केबल एवं पोल की समुचित व्यवस्था कर उपभोक्ताओं के घर-घर विद्युत आपूर्ति का काम किया जाएगा।

### चतरा के युवक का महाराष्ट्र में मौत

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के टीकर गांव टोला कशियाडीह निवासी सुरेंद्र दांगी का पुत्र कमलेश कुमार दांगी (24)की मौत महाराष्ट्र में हो गई। वह शिंदे डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड पोलादपुर में चालक का काम करता था। मृतक के पिता सुरेंद्र दांगी ने बताया कि मंगलवार करीब सुबह 11 बजे उनके पास फोन आया कि उनका पुत्र की मौत हो गई है। जब उन्होंने कारण पूछा तो बताया कि हार्ट अटैक से उनके पुत्र की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि सात महीना पहले परिवार का लालन-पालन करने के लिए कमलेश महाराष्ट्र गया था। जहां उसे शिंदे डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में ड्राइवर का काम करने लगा। आज उनके घर पर फोन आया कि उनका पुत्र की मौत हो गई है। इस घटना से पूरा परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजन चतरा शव आने का इंतजार कर रहे हैं।

### नए बीडीओ ने कार्यभार संभाला



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के नए बीडीओ हुलास महतो ने मंगलवार को निवर्तमान बीडीओ सना उस्मानी से नए बीडीओ ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर नए बीडीओ का निवर्तमान बीडीओ ने स्वागत किया। स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों में तेजी आएगी। नए बीडीओ ने कहा कि प्रखंड का चहुमुंखी विकास करना उनकी प्राथमिकता होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचे इसके लिए वे पूरा प्रयास करेंगे। मौके पर प्रखंड कर्मियों ने नए बीडीओ का स्वागत किया।

### बालू पकड़ने के विरोध में आगामी 9 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के साप्ताहिक हाट मैदान में मंगलवार को इंडिया गठबंधन कार्यकताओं के द्वारा एक बैठक किया गया, जिसमें विभिन्न दलों के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता लालदेव प्रसाद यादव एवं संचालन धन्नजय यादव ने किया। बैठक के दौरान प्रशासन के द्वारा बालू पकड़ने के विरोध में आगामी 9 मार्च को अनिश्चित धरना प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान विभिन्न दलों के लोगों ने अपने वक्तव्य को रखा। वहीं बैठक में चंदवारा जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि प्रशासन के द्वारा बालू के धड़-पकड़ के कारण यहां की जनता को अबुआ आवास निर्माण में काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। साथ ही यहां की जनता को बालू की दोगुनी कीमत देनी पड़ रही है, जिससे ग्रामीण जनता में काफी आक्रोश है। बैठक में अजित यादव, रंधीर कुमार, अमर कुमार सदानंद सिंह, महेंद्र यादव, मुन्ना यादव, बालेश्वर यादव, सिपाही जी, इरशाद आलम, उपेन्द्र यादव, संजय राजवंशी, विजय राजवंशी, नवलेश कुमार, मिथिलेश यादव, उमेश रविदास, सिकंदर यादव आदि उपस्थित थे।

### पथ निर्माण कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में खुशी

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के गोपालडीह नूरी मस्जिद के समीप मंगलवार को पथ निर्माण कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। पथ का निर्माण इंजीनियर और ठेकेदार की मौजूदगी में प्रारंभ किया गया। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के प्रदेश स्तरीय टीम में पांच लोगों का हुआ चयन

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के पांच लोगों को प्रदेश स्तरीय टीम चयन किया गया है। जिसे लेकर प्रखंड में खुशियां देखे जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ने इस बात की पुष्टि की है। जिला अध्यक्ष संजय पांडेय सचिव राजन पांडेय के द्वारा प्रखंड को ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई है। जिनका नाम निम्न प्रकार है। कार्यकारिणी सदस्य के लिए यदुनंदन पांडेय विकास पांडेय बैजनाथ पांडेय अभिषेक पांडेय एवं मीडिया प्रभारी के लिए भूपेंद्र पांडेय का नाम लिस्ट में जारी किया गया है।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत चला मतदाता जागरूकता अभियान



**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्वीप कोषांग के द्वारा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ सके। इसी क्रम में आज जेजे कॉलेज झुमरी तिलैया में युथ पार्लियामेंट के सदस्यों (बीएड प्रशिक्षु) द्वारा मेंहदी लगाकर, रंगोली बनाकर एवं चित्रकला के जरिए लोगों को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की व जिला शिक्षा पदाधिकारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि इस लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। अपने मताधिकार का आवश्यक रूप से प्रयोग करें। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने लोगों को मतदाता शपथ दिलाया। उन्होंने हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे की शपथ ली।

### डीडीसी ने की सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक, दिए निर्देश

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त चतरा पवन कुमार मण्डल की अध्यक्षता में आसन्न लोक सभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में आसन्न लोक सभा आम चुनाव-2024 की समीक्षा पीपीटी के माध्यम से की गई। सभी नोडल पदाधिकारी, सहायतार्थ पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आसन्न लोक सभा आम चुनाव-2024 अंतर्गत अपने-अपने कोषांगों के दिए गए कार्यों का निवर्हन करेंगे।

स्पीड न्यूज

## गांधी इंटर कॉलेज में रक्तदान शिविर

**लातेहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्टूडेंट फॉर सेवा लातेहार एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को गांधी इंटर कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रधानाध्यापक दशरथ साहू ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। धीरे-धीरे लोग इसका महत्व समझने लगे हैं, और रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है। फिर भी बहुत सारे लोग जिनको अभी रक्तदान करने से डर लगता हैं, उनको हमारा कर्तव्य हैं कि हम उन्हें जागरूक करें। वहीं कई छात्र-छात्राओं ने शिविर में रक्तदान किया। वही मोके पर जगमोहन पासवान, अरविंद कुमार, विष्णु लोहरा, सकिंद्र उरांव,रोहित कुमार, प्रकाश कुमार, रामकरण उरांव, रामकुमार भगत, रक्त वीरांगना दीपा कुमारी, पुष्पा कुमारी, सोनी तेलरा शामिल है। मौके पर महाविद्यालय के कर्मी व विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## बोलेरो ने बाईक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर मंगलवार को बालूमाथ थाना क्षेत्र के ओल्हेपाट ग्राम के समीप एक अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अमन घांसी 20 वर्ष पिता सुखदेव घांसी, कोशिला देवी 30 वर्ष पति राजदेव उरांव, देवंती देवी 52 वर्ष पति बंसी राम सभी ग्राम केरी थाना बालूमाथ निवासी घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त तीनों बाइक सवार अपने घर केरी से लातेहार के दुरूवा जा रहे थे। तभी लातेहार से बालूमाथ की ओर आ रही अनियंत्रित बेलोरो ने उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे सभी घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अमन घांसी एवं देवंती देवी को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के चिरु में न्याय मार्च का निकाला गया हुजुम यात्रा

**हेरहंज।** जेएमएम कमेटी के द्वारा पंचायत चिरु में सोमवार को न्याय मार्च यात्रा निकाला गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामवृक्ष भोगता ने किया एवं उपस्थित प्रखंड कोषाध्यक्ष घनश्याम सिंह, उपाध्यक्ष नूर मो. अंसारी प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष भोला कुमार यादव, सचिव रॉकी कुमार लोहरा, पूर्व जिला परिषद सह जेएमएम नेता चंद्रदेव उरांव, सदाम अंसारी, जनाब अंसारी, फुलदेव सिंह एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाई में गिरी अनियंत्रित चेचिस वाहन, चालक की मौत


खाई में गिरा चेचिस।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमझरिया घाटी में मंगलवार की अहले सुबह एक अनियंत्रित चेचिस वाहन लगभग 50 फिट गहरे खाई में जा गिरी, जिसमें दबकर चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम घटना पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक का पहचान नहीं हो पाई थी। जानकारी के अनुसार एक चेचिस वाहन रांची की ओर से मेदनीनगर की ओर जा रही थी, इसी क्रम में अमझरिया घाटी के समीप चालक का संतुलन बिगड़ गया व तेज गति से सड़क किनारे खाई में गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना मंगलवार तड़के की है। वाहन करीब 50 फीट नीचे गहरी खाई में गिरा था इसलिए राहत कार्य नहीं चल पाया जिससे चालक की मौत हो गई।

# चंदवा : प्रतिमा देवी ने उपायुक्त से की मुलाकात

- गवर्नमेंट मिडिल स्कूल निंद्रा की दयनीय स्थिति से कराया अवगत
- डीएमएफटी मद से 66 योजनाओं को स्वीकृत करने को लेकर सौंपा आवेदन


डीसी को गुलदस्ता भेंट करती जिप सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी मंगलवार को जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह से मुलाकात की। इस दौरान जिप सदस्य प्रतिमा देवी ने गवर्नमेंट मिडिल स्कूल निंद्रा की दयनीय स्थिति समेत क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं को उपायुक्त गरिमा सिंह के समक्ष रखते हुए निदान का आग्रह किया। जिप सदस्य प्रतिमा देवी ने बताया कि गवर्नमेंट हाई स्कूल निंद्रा में भवन की स्थिति दयनीय व जर्जर है, जिस कारण विद्यालय में अध्यनरत कम से कम 300 से अधिक बच्चे जान जोखी में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं, उन्होंने बताया कि अविलंब उक्त विद्यालय की समस्या का निदान करने का आग्रह उपायुक्त से की है। इस दौरान जिप सदस्य ने जनहित को ध्यान में रखते हुए डीएमएफटी मद से 66 योजनाओं को स्वीकृत करने की मांग को लेकर आवेदन भी सौंपी है। मांग पत्र में जमीरा पंचायत के रक्सी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से शंभू यादव के घर तक नाली निर्माण, जमीरा देवी मंडप से विजय यादव के घर तक पीसीसी, चंदवा पूर्वी कुसुमटोली में पूनम पंडित के घर से राजेश लकड़ा के घर तक पीसीसी, लुकुईया देवी मंडप से मुंडा टोली गिरिजाघर तक पीसीसी, एनएच-75 कालीकरण पथ से भंडार गढ़ा होते रक्सी चौक तक कालीकरण पथ निर्माण, चंदवा पूर्वी पंचायत में शारदा देवी के घर से रामवृक्ष साहू के घर तक पीसीसी पथ व नाली निर्माण, बेलगड़ा अपग्रेड हाई स्कूल में चारदीवारी निर्माण, देवनदिया तुरी तोपवा के पास पुलिया निर्माण समेत कुल 66 योजनाओं की सूची उपायुक्त को सौंपी है व जनहित को ध्यान रखते हुए इन योजनाओं का संचालन डीएमएफटी मत से करने का आग्रह भी की है। जिप सदस्य प्रतिमा देवी ने आगे बताया कि इसके पूर्व भी उन्होंने बीते 9 जनवरी को भी बजरंगबली निंद्रा से बूढ़ीडूबा नदी तक पीसीसी पथ निर्माण, बेलटामु टांड से सुशील उरांव के घर तक पीसीसी पथ, बेलगड़ा स्कूल से सुकरा महतो के घर तक पीसीसी, लाधुप पंचायत के दूधी माटी में शंकर गंझू के घर से नंदकुमार गंझू के घर तक पीसीसी पथ, चंदवा पूर्वी पंचायत के पतरा टोली में प्रदीप गंझू के घर से रेलवे अंडरपास तक पीसीसी पथ निर्माण उपायुक्त को लेकर आवेदन दिया है।

## डीसी गरिमा सिंह ने ग्रामीणों की सुनी समस्या


समस्या से अगवत होते डीसी।

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अशवासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से आवास, जमीन विवाद, रोजगार, शिक्षा आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

## स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत यूथ मैराथन दौड़ का किया गया आयोजन



पुरस्कृत करते आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई व अन्य।

**खबर मन्त्र संवददाता**

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार आगामी लोक सभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु आम मतदाताओं को विभिन्न स्तर से जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत यूथ मैराथन दौड़ का आयोजन जिला खेल स्टेडियम में किया गया। यूथ मैराथन दौड़ जिला खेल स्टेडियम से कारगिल चौक होते हुए जिला खेल स्टेडियम में समाप्त किया गया। जिसमें बढ़-चढ़ कर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट के छात्र -छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी के द्वारा मतदान नारों का भी उदघोष किया गया। अभियान का नेतृत्व आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता

# जिले में संचालित उद्योग धंधों में स्थानीय मजदूरो को हक व अधिकारी: शीतल साहू

- 75 प्रतिशत स्थानीय मजदूरों को संचालित उद्योग एवं कार्यो में काम दिलाना संघ का प्रयास होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रेस वार्ता कर जाकारी देते संघ के लोग।

**चंदवा।** नव गठित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष शीतल साहू ने मंगलवार को स्थानीय होटल हाइवे हिल प्रांगण में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री साहू ने नव गठित जिला कमिटी से सम्बंधित जानकारी साझा की व संघ के उद्देश्यों को भी रखा। शीतल साहू ने कहा कि जिले में संचालित हो रहे उद्योग धंधों, कोलियरी, बड़े बड़े निर्माण कार्य मे लगे मजदूरों को उनका हक दिलाने के साथ 75 प्रतिशत स्थानीय मजदूरों को संचालित उद्योग एवं कार्यो में काम दिलाना संघ का प्रयास होगा। आगे कहा कि लातेहार जिला खनिज संपदा से भरा पड़ा है लेकिन फिर में यहां के मजदूर पलायन को मजबूर हैं। संघ सरकार व जिला प्रशासन से आग्रह करती है कि मजदूरों के पलायन को रोकने व जिले के अंदर ही मजूदरों को रोजगार से जोड़ने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करे।

### नवगठित राष्ट्रीय कोलिवारी मजदूर संघ में ये हैं शामिल

इस दौरान शीतल साहू ने जिला कमेटी की जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्हें राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा जिला अध्यक्ष के कमान सौंप गई है। साथ में जिला कमेटी में उपाध्यक्ष मो. अख्तर खान, संजय उरांव, चांदनी कुमारी, कोषाध्यक्ष नीलम देवी, सचिव राजेंद्र उरांव, सह सचिव मुकेश यादव, रीता देवी, ललिता देवी, वही कार्यकारिणी सदस्य में पुरुषोत्तम कुमार, आरती देवी, गंदुरा भगत, शिवचरण उरांव, चिंता देवी, शिवानी लकड़ा, अमरेश भुइयां, कविता देवी, गीता देवी, अनीता देवी, रिबन उरांव, सुनीता देवी, महेश उरांव, राजमणि देवी सुमित्रा कुमारी, रिंकी देवी, किशोर उरांव, सविता देवी, रंभा देवी, पवन वर्मा, रिंकी पांडे, पिंकी देवी, बालेश्वर उरांव, शिवकुमार राम, दिनेश उरांव, बुधराम उरांव, राजमणि देवी, महेश मुंडा, तुलसी ठाकुर, तान्या कुमारी, अनुष्का देवी, देवन्ति कुमारी, सुनीता देवी सोनिया कुमारी व सीला देवी शामिल किया गया है।

# कर्मचारियों को बर्खास्त किए जाने के विरोध में अलारसा ने किया विरोध प्रदर्शन

- अधिकारियों के कर्मचारी विरोधी रवैए के खिलाफ होगा आंदोलन : कमलेश कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


विरोध प्रदर्शन करते रेल कर्मचारी।

**बरवाडीह।** कठुआ रोल डाउन के मामले में बगैर जांच किए एलपी / एएलपी/एसएम और प्वाइंट मैन को नौकरी से सीधे बर्खास्त किए जाने के खिलाफ पूरे देश भर में रेल कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में मंगलवार को ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर शाखा सचिव कमलेश कुमार के नेतृत्व में बरवाडीह रेलवे स्टेशन के क्रू-लॉबी के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन सुबह दस बजे से 12 बजे दिन तक चला। जहां शाखा सचिव कमलेश कुमार ने बताया कि कठुआ में स्टेशन पर खड़ी गाड़ी के लुढ़कने (रॉल डाउन) के मामले में एलपी /एएलपी /एसएम और प्वाइंट मैन को डीएआर-1968 के नियम -14 (2) का गलत प्रयोग कर बिना सामूहिक जांच प्रतिवेदन के नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है, जो रेल कर्मचारियों के प्रति वरीय अधिकारियों की गलत नीति को दशार्ता है। जबकि इस घटना की उच्चस्तरीय कमेटी बनाकर जांच करनी चाहिए थी। अधिकारियों के इस प्रकार के कर्मचारी विरोधी रवैए का अलरसा पुरजोर विरोध करती हैं। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मौके पर संजीव कुमार, राजीव रंजन, एम के मेहरा, राजू कुमार, अजय कुमार/अध्यक्ष, कुमुद कुमार, संतोष कुमार, विश्व रंजन कुमार, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, बी एन पटेल, पंकज कुमार और बहुत सारे लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट तथा ट्रेन मैनेजर आदि शामिल हुए।

## जनसेवक अरविंद को मिला प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी का प्रभार

- विभाग में पेंडिंग पड़े सभी कार्यो को दी जाएगी गतिः अरविंद कुमार रवि


बैठक में उपस्थित राशन डीलर।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के प्रखंड सहाकारिता पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कु. शरण ने अपने स्थानांतरण के उपरांत जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर सोमवार को आपूर्ति विभाग का प्रभार जनसेवक अरविंद कुमार रवि और सहायक गोदाम प्रबंधक (एजीएम) का प्रभार जनसेवक सर्वेश सिंह को सौंपा है। इसके पूर्व दोनों विभागों का प्रभार बीसीओ अनुज कु. शरण के पास था। श्री शरण के स्थानांतरण के बाद सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) की कुर्सी अभी भी खाली है। बीसीओ का प्रभार अभी किसी को नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार बरवाडीह प्रखंड में लगभग दो दर्जन से अधिक विभाग प्रभार में चल रहे है। इधर प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि ने प्रभार लेने के बाद अपना कार्य शुरू कर दिया हैं। मंगलवार को उन्होंने डीलर संघ के अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद, नजाम खान, अशोक राम, कुलदीप सिंह और मनोज सिंह चेरो आदि जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक किया। प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि उपभोक्ताओं को राशन वितरण करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। किसी प्रकार की शिकायत आने पर सीधे वरीय अधिकारी को कारवाई के लिए लिखा जायेगा। उन्होंने पर्ची धारक कार्डधारकों का शीघ्र राशन कार्ड निर्गत करने के सख्त निर्देश डिलरो को दिए हैं।

# बूथ जोड़ो अभियान को लेकर यूथ कांग्रेस की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में उपस्थित युथ कांग्रेस के पदाधिकारी।

**बरवाडीह।** 2024 के आम चुनावों में कुछ महीने बचे हैं। बीजेपी और कांग्रेस दोनों चुनावी मोड में हैं। दोनों राजनीतिक दल विशेष रूप से युवा मतदाताओं की ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करने की जुगत में लगे हुए हैं, और 2024 में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को रिझाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार को बरवाडीह कांग्रेस कार्यालय में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित यादव की अध्यक्षता में यूथ जोड़ो- बूथ जोड़ो अभियान को लेकर बैठक किया गया। जहां यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के बाद अब झारखंड प्रदेश के चतरा लोकसभा क्षेत्र में कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया की यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो अभियान में पार्टी ने एक बूथ पर छह लोगों की टीम तैनात की है। जिसमें से पांच कार्यकर्ता घर-घर जाते हैं, और एक सोशल मीडिया संभालता है। प्रत्येक सत्यापित मतदाता को वेब पोर्टल में दर्ज किया जाता है। अभियान का उद्देश्य युवा मतदाताओं को लक्षित करना है। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले वोटरों पर खास ध्यान रखा गया है। यूथ कांग्रेस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर सह जिला उपाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता (रिक्की) ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी और यूथ कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी के लिए मजबूती से कार्य करते हुए जीत दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। वहीं बैठक में मनिका विधानसभा के यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, मनिका विधानसभा के उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, यूथ कांग्रेस के बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, आलोक सिंह, दीपक सिंह और अजीत कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## घर के पास खड़ी मोटरसाईकल चोरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय के समीप एक घर के पास खड़े मोटरसाईकल को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया। इस संबंध में निर्मल यादव पिता राधे यादव ग्राम जावाबार थाना बरियातू निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि वह पिछले 10 वर्षो से बुनियादी विद्यालय के समीप किराए के मकान में रहते हैं। बीते सोमवार की रात अपने घर के पास अपना मोटरसाइकिल जिसका नंबर जेएच03वाई4552 ब्लू कलर का ग्लैमर को नित्य दिनों की तरह खड़ा किया हुआ था। जहां देर रात अज्ञात चोरों द्वारा उसे चुरा लिया गया। बाइक की डिक्की में बैंक पासबुक समेत कई जरूरी कागजात भी था। वह भी चोरी हो गया। निर्मल यादव ने इस संबंध में बालूमाथ थाना आवेदन दिया है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

एक नजर में

## चंदवा में सीएचसी कर्मियों व स्वास्थ्य सहियाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान शत प्रतिशत मतदान को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चंदवा में चंदवा सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मियों एवं सहियाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी कर रही थी। रैली की शुरूआत सीएचसी प्रांगण से हुई जो इंदिरा चौक होते पुनः सीएचसी पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में शामिल लोग वोट हमारा अधिकार है, स्वस्थ स्वच्छ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूर करें जैसे नारे लगा रहे थे। प्रभारी डॉक्टर नीलिमा ने कहा कि ग्रामीणों को प्रेरित व जागरूक करने के लिए उक्त अभियान चलाया जा रहा है, लोकतंत्र में हमें मतदान का अधिकार मिला है इसलिए मतदान जरूर करें। हम अपना योगदान जरूर दें। रैली में लेखपाल मीरा केसरी, पुरुषोत्तम मुंडा, वीरेंद्र कुमार, सुमित कुमार, विकास कुमार समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

## चोरी करते दो चोर रंगे हाथ चढ़े पुलिस के हत्थे

- चोरों को पकड़ने गए पुलिस पर भी चोरों ने किया पथराव, एएसआई घायल

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्लांट के स्क्रेप घोषित होने के बाद जब से स्क्रैप कटिंग काम शुरू हुआ है उसके बाद से लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। सोमवार की रात्रि चंदवा पुलिस की टीम ने अभिजीत प्लांट के फेज-1 एरिया में लोहा चोरी कर ले जा रहे दो चोरों को रंगे हाथ दबोच लिया। इस दौरान चोरों को पकड़ने में पुलिस को कड़ी मसक्कत करनी पड़ी। चोरों को पकड़ने गई पुलिस टीम चोरों के घुटने पथराव कर दिया, जिसमें एक एएसआई समेत कई जवानों को हल्की चोट भी आई। लेकिन किसी प्रकार पुलिस की टीम दो चोरों को दबोचने में सफल रही। पकड़े गए चोरों की पहचान देवानंद साव उर्फ.देवा पिता स्व. संतोष साव हरैया चंदवा व मनोज उरांव पिता स्व. विशेश्वर उरांव अम्बा टांड चकला के रूप में हुई। पकड़े गए दोनो चोरों विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई करते हुए मंगलवार को दोनों को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। इस संबंध में चंदवा थाना में कांड संख्या 19/24 में विभिन्न धाराओं तक मामला दर्ज किया गया है।

## भाजयुमो ने पार्टी से खुद के लिये मांगी टिकट


मुलाकात करते गंगेश्वर यादव

**बालूमाथ।** चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से टिकट पाने के लिए कई प्रत्याशी दिल्ली का दौड़ लगा रहे हैं। जिसमें से एक प्रत्याशी भाजपा युवा मोर्चा के बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वर यादव ने भारत सरकार के बोर्ड आफ पार्लियामेंट के मेंबर सुधा यादव एवं ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण से दिल्ली में मुलाकात कर चतरा लोक सभा सीट में लोकल प्रत्याशी की मांग की साथ ही ओबीसी समुदाय को टिकट देने का मांग किया। गंगेश्वर यादव ने दोनों नेताओं से मिलकर अपनी बात रखते हुए कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र से अगर उन्हें टिकट मिलता है। तो वह स्थानीय प्रत्याशी भी होंगे सहित क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति से वह वाकिफ है। जिस कारण वह क्षेत्र का समुचित विकास करेंगे। साथ ही बताया कि ग्रामीणों की मांग है कि चतरा-गया रेल लाइन को बालूमाथ से जोड़ा जाए एवं बालूमाथ में पैसेंजर ट्रेन चलाया जाए जिससे स्थानीय लोगों को लाभ होगा।

## मनिका प्रखंड में कृषि फार्म निर्माण का डीडीसी व डीएओ ने किया औचक निरीक्षण



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के एजामाड़ गांव में कृषि फार्म निर्माण कार्य का लातेहार जिला के डीडीसी सुरजीत सिंह व जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि मुर्गा पालन के लिए बनाए जा रहे फॉर्म में भारी अनियमितता बरती जा रही है। दीवारों में पानी का पटाव बिल्कुल ही नहीं किया जा रहा है जिसके कारण दीवार की जुड़ाई के लिए लगाए गए मसाला हाथ लगाते ही गिरने लग रहे हैं। उन्होंने कृषि फार्म निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने पर नाराजगी व्यक्त किया और कृषि फार्म निर्माण के लिए संस्था में कार्यरत कोऑर्डिनेटर को फटकार लगाया। उन्होंने कहा कि काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं निर्माण कार्य में अनियमित बरतने पर उन्होंने संस्था के कोऑर्डिनेटर के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका मनोज कुमार तिवारी, अंचलाधिकारी मनिका संतोष कुमार शुक्ला,मुन्ना तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मातृ शिशु स्वास्थ को लेकर सीएस ने स्वास्थ्य उपकेंद्र का किया निरीक्षण



**बारियातू।** प्रखंड के बालूभांग, गोनिया, मकरा, बारियातू, मनातू सहित बालूमाथ के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र मे लातेहार सीएस अवधेश कुमार सिंह, डीडीएम अखलेश्वर सिंह, आईडीपीएस वेद प्रकाश, डीपीसी आशीष डिन, यूनिसेफ के धन्यजय व बालूमाथ सीएचसी प्रभारी प्रकाश बड़ाइक ने स्वास्थ्य उपकेंद्र वार निरिक्षण किया। निरिक्षण के क्रम मे उपकेंद्र मे पदास्थापित एएनएम, सीएचओ बीटीटी व सहिया साथी से गर्वती महिलाओं के पंजीकरण, केंद्र मे प्रसव, नियमित टिकाकरण सहित स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी लिया। निरिक्षण के दौरान मातृ शिशु स्वास्थ्य के बारे कई तरह के महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। वहीं जिस उपकेंद्र मे सीएनसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हुआ है वैसे संबंधित स्वास्थ्य उपकेंद्र के एएनम, बीटीटी, सीएचओ व सहिया साथी को ससमय कार्य पूर्ण करने का दिशानिर्देश दिया गया। पीएचसी बारिखाप मे सीपीएचसी मॉडल एमएनएस व ओईईई का चल रहे आठ दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण मे पहुंचकर सभी एएनएम, बीटीटी, सीएचओ व सहिया साथी से अपने-अपने कार्य क्षेत्र का रिपोर्ट दिखाकर कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीएम मृतुन्जय कुमारी, बंधु उरांव, पंकज पाण्डेय, दिलीप दांगी सहित कई एएनम, सहिया साथी व सीएचओ मौजूद थे।

## बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने किया कई बूथों का निरीक्षण, दिए निर्देश


मतदान केंद्रों का निरीक्षण करती बीडीओ।

**बरवाडीह।** आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला व प्रखण्ड प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। इसे लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज और बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने प्रखंड अंतर्गत मोरवाई पंचायत के संवेदनशील इलाके सैदूप गांव के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मतदान केंद्र बूथ नंबर 46 और 47 का निरीक्षण किया। इस क्रम में अधिकारियों ने मतदाता केंद्र बूथों के भौतिक स्थिति की भी जानकारी ली। बीडीओ ने बताया कि बूथों पर पानी, यातायात व अन्य संसाधनों की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा की इसकी रिपोर्ट जल्द ही जिला को समर्पित कर दिया जायेगा। वहीं इस दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों से निर्भय होकर मतदान में हिस्सा लेने की अपील की। बीडीओ ने बताया कि जिले की उपायुक्त मैडम के निर्देश पर मोरवाई पंचायत सहित अन्य पंचायत में स्थित मतदान केंद्रों का अवलोकन किया गया है। इस दौरान नए मतदाता से भी मुलाकात कर उन्हें उनके मत के अधिकार के बारे में बताया और उन्हें अपना मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर बलराम सिंह, सेविका कमोद देवी औरआवास मित्र बाबूलाल सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### आइएम वेरीफायड वोटर कैंपेन में शामिल हुये रामगढ़ के उपायुक्त




**रामगढ़।** लोकसभा में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर आइएम वेरीफायड वोटर अभियान की शुरूआत हुई। इसी क्रम में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने कार्यालय में मतदाता सूची में अपना नाम जांच कर मतदाता सूची के साथ सेल्फी पोस्ट की। उपायुक्त ने जिले वासियों से लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अपने नजदीकी मतदान केंद्र अथवा वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में चेक करने की अपील की। उन्होंने अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने अपील की।

### कुजू : रूद्र महायज्ञ में उमड़ी भीड़



**कुजू।** करमा में श्री श्री 1008 सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ में मंगलवार को परिक्रमा के लिए उमड़ी श्रद्धालुओ की भीड़। देवी- देवताओं के जयघोष व पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण से क्षेत्र पूरी तरह भक्ति में हो गया है। त्रिदंडी सेवा आश्रम बक्सर के जगतगुरु श्री मधुसूदनाचार्य जी महाराज, स्वामी रंगनाथा चार्य जी महाराज एवं उनके सहयोगी पंडितों ने प्रधान यजमान बने रोहन महतो ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। यज्ञ को सफल बनाने में तापेश्वर महतो, पिंटू कुमार, खागेश्वर महतो, सरोज कुमारी, रामेश्वर महतो, मथुरा साव, हेमलाल महतो, नरेश मुंडा, शक्ति कुमार, शंकर प्रसाद, संजय कुमार, अशोक गुप्ता, अनिल गुप्ता, लखीकांत महतो, डोमन ठाकुर, विजय महतो, गुड्डू वर्मा, नेवा लाल कुमार रवि कुमार महतो, पंकज कुमार के अलावे समिति के अन्य लोग शामिल थे।

### राप्रावि में जमाल्टा ने लगाया हेल्थ कैंप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलोजिस्ट एसोसिएशन रामगढ़ जिला ईकाई (जमाल्टा) के तत्वाधान में मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा भुरकुंडा में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में एनीमिया सहित 40 बच्चों का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप और हीमोग्लोबिन जांच की गई। शिविर में नेशनल पैथोलॉजी भुरकुंडा के संचालक अजीत मंडल, गिद्दी ए प्रकाश पैथोलॉजी के संचालक विकाश लाहकार, सेंट्रल सौंदा आयुष लैब के राजेश, भुरकुंडा नमन पैथोलॉजी के राजेश, कुमार पैथोलॉजी के सन्नी नायक, पतरातु के राजेश देव, राजन सिन्हा व इमरोज अंसारी मौजूद थे।

### भुरकुंडा में अखंड-कीर्तन संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ रामगढ़ जिला के तत्वाधान में मंगलवार को दधीचि के अवसर पर भुरकुंडा जागृति में धार्मिक अनुष्ठान हुआ। तीन घंटे का अखंडकीर्तन सहित कई अनुष्ठान संपन्न हुए। परम पिता बाबा की जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। अनुष्ठान के बाद गरीब व बुजुगी को नारायन भोजन कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भोला प्रसाद चौधरी, अरूण सिंह, गोपीचंद प्रसाद, शत्रुघ्न, प्रदीप, नगीना भगत, सुनिल प्रसाद, तपेन्द्र कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, डॉ उर्मिला देवी, सुषमा देवी, अर्चन देवी, मंजू देवी, चिंता देवी, गिरिश सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

### संकट मोचन मंदिर का मना स्थापना दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेन रोड भुरकुंडा स्थित संकट मोचन मंदिर का मंगलवार को पूर धूमधाम व भक्तिभाव के साथ 25वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुरोहित राजेश गोसाईं द्वारा भगवान हनुमान जी की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। साथ ही सुंदरकांड का पाठ, महा आरती, हवन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गय। पूजा के दौरान जय श्री राम, जय हनुमान, हर हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। पूजा में बतौर यजमान रामा राणा शामिल हुए। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं संध्या में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। 25वां स्थापना दिवस को लेकर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

# जायसवाल ने की भद्रकाली की पूजा

## भाजपा प्रत्याशी ने शुरू किया चुनाव अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मंगलवार सुबह चतरा स्थित माँ भद्रकाली मंदिर में पूजा- अर्चना कर एवं माता का आशीर्वाद प्राप्त कर चुनावी जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। यहां पहुंचते ही स्थानीय भाजपा नेताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। जायसवाल ने अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड के सेवइयां ग्राम से किए। चौपारण प्रखंड के दैहर स्थित मां कमलेश्वरी माता मंदिर और सोहरा में माता समोखर मंदिर में माता टेककर आगे के जनसंपर्क अभियान के लिए बढ़ें । यहां बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, हजारीबाग जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष किसून यादव, सिमरिया विस क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सुजीत भारती सहित सैकड़ों गणमान्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।





### जायसवाल को डॉ सन्याल ने दी बधाई

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाना बहुत गर्व की बात है। उक्त बातें डॉ जयदीप सन्याल संस्थापक प्राचार्य यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज ने कही। डॉ सान्याल ने मनीष जायसवाल को पुष्पगुच्छ देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ जयदीप सान्याल ने कहा कि मनीष जायसवाल एक कुशल नेतृत्वकर्ता हैं। जायसवाल हर वर्ग के लोगों के दिलों में बसते हैं और जमीनी नेता हैं। इनके कुशल नेतृत्व का फायदा हजारीबाग लोकसभा के क्षेत्रवासियों को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए समस्त हजारीबाग लोकसभा वासियों के क्षेत्र में विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।

# अवर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कई बूथों का किया निरीक्षण

- बीएलओ को घर घर जाकर वोट नहीं देने के कारणों की जानकारी लेने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। राज्य निर्वाचन आयोग के अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने हजारीबाग का भ्रमण किया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया भी मौजूद रहीं। उन्होंने विभिन्न मतदान केन्द्रों में मिनिमम एस्योर्ड फैसिलिटी का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने 24 मांडू के मतदान केंद्र संख्या 31/32, 25 हजारीबाग 438/439, नगर निगम क्षेत्र के कुम्हार टोली पारनाला के 213,214 एवं 215 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई,शौचालय, रैंप, बिजली, पेयजल, आगम एवं निकास द्वार,मतदान केंद्र की दूरी, सड़क आदि का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कम वोटर टर्न आउट वाले मतदान केन्द्रों में सूचीबद्ध लोगों के घर घर जाकर मतदान नहीं करने के कारणों की जानकारी लेने का निर्देश संबंधित मतदान केन्द्रों के बीएलओ को दिया।उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोगों की चुनावी भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए समेकित प्रयास और जन जागरुकता को महत्वपूर्ण बताया। मौके पर सदर एसडीओ अशोक कुमार, सदर सीओ मयंक भूषण मौजूद थे।



### शिवमंदिर में 31 लीटर दूध से महाभिषेक करेगा यूथ विंग

**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग की बैठक सोमवार को देर शाम महेश सोनी चौक स्थित संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निवास स्थान पर हुई। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष विकास केसरी ने की। बैठक की शुरूआत बीते कार्यक्रमों की लेखा-जोखा के साथ हुई। इसके बाद आगामी विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि पर गोशाला परिसर स्थित शिवमंदिर में 31 लीटर दूध से महाभिषेक किया जाएगा।

इसके बाद आसपास के लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं होली से पूर्व 23 मार्च को ओल्ड एज होम के बुजुर्गों के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया गया। वहीं बैठक के उपरांत सदस्य सह सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने किया।

# संकट मोचन मंदिर के भंडारे में उमड़ी भीड़



**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। मेन रोड भुरकुंडा स्थित संकट मोचन मंदिर के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार शाम भव्य भंडारा हुआ। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। भंडारा का शुभारंभ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी सह भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय व आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। दोनों ने भगवान हनुमान के समक्ष मत्था टेक क्षेत्र की सुख-समृद्धि व अमन-चैन की कामना की। निशि पांडेय ने कहा कि भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि संकट मोचन मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। यहां पर सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना भी पूर्ण होती है। रोशन चौधरी ने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है, सबों को प्रसाद जरूर ग्रहण करना चाहिए। मौके पर पूर्व जिप

**भक्ति से क्षेत्र में आती है हरियाली और खुशहाली : निशि पांडेय**

उपाध्यक्ष मनोज राम, पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, अजीत सिन्हा, बिनोद दुबे, राकेश सिन्हा, कामेश्वर मेहता आदि मौजूद थे। अनुष्ठान को संपन्न कराने में लक्ष्मण राणा, विनोद शर्मा, रॉबिन मुखर्जी, नरेश वर्णवाल, कृष्ण यादव, नंदलाल रजक, अशोक साव, सुबीर घोष, अभिषेक गुप्ता, विजय राम, दिनेश कुमार, बजरंगी, प्रमोद गोस्वामी, विराट, विक्की गुप्ता, निमित्त अग्रवाल, सहित दर्जनों का योगदान रहा।

### हजारीबाग में देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार युवक को भेजा गया जेल

**हजारीबाग।** शहर के बड़ा बाजार टीओपी क्षेत्र स्थित खिरगांव मुहल्ला में सोमवार देर रात पैंथर पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सूरज यादव उर्फ सुंदर यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपित को जेल भेज दिया है। इस संबंध में बड़ा बाजार टीओपी में कांड संख्या 94/24 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सुंदर यादव को नामजद आरोपित बनाया गया है। बड़ा बाजार पुलिस ने बताया कि खिरगांव मुहल्ला में शरारती तत्वों के होने की गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस की छापेमारी में युवक के पास से एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, 10 हजार रुपये नकदी और कुछ नशीली दवा बरामद किया गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

दारू। दारू मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। इसकी अद्यक्षता मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण ने की। बीडीओ मनीष कुमार के अनुपस्थिति में ज्ञापन कार्यालय प्रभारी दिग्विजय सिंह को सौंपा गया। भाजपा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य में बड़े पैमाने में व्याप्त भ्रष्टाचार एंव निरंतर गिरती कानून व्यवस्था, आदिवासी, युवा, महिला, किसान व व्यापारियों का विरोधी है। जनवरी माह में जेएसएससी द्वारा अयोजित सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होना बड़े दुर्भाग्य की बात है।

# डीसी ने छावनी परिषद के अधिकारियों के साथ की बैठक

## लोकसभा चुनाव

- रामगढ़ के उपायुक्त ने सफाई मित्रों से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन तथा निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में नगर परिषद रामगढ़ एवं छावनी परिषद रामगढ़ के अधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक हों। नगर परिषद एवं छावनी परिषद क्षेत्र में बड़ी संख्या में औद्योगिक प्रतिष्ठान, मॉल, दुकानों आदि के साथ-साथ घरों में भी बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन बहुत जरूरी है। उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया ।

उपायुक्त ने नगर परिषद एवं छावनी परिषद क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक कर सफाई वाहनों तथा सफाई मित्रों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स आदि का अधिष्ठापन, मतदान केंद्रों पर स्वच्छता से संबंधित श्रमदान, मतदान केंद्रों के समीप निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसेडर्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता, मतदान हेतु इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न पहचान पत्रों के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने, कोचिंग सेंटर, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर आदि में युवा मतदाताओं का पंजीकरण, सरकारी सेवाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की पंजीयों पर मतदाता जागरूकता संदेशों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स का इस्तेमाल मतदाता जागरूकता में करने, मतदाताओं को निर्वाचन संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन एप डाऊनलोड करने के प्रति जागरूक करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया ।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने नगर परिषद, छावनी परिषद, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सहित अन्य अधिकारियों को चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित विभिन्न कारखानो में संचालकों सहित अन्य प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने एवं योजनाबद्ध तरीके से मतदाता जागरूकता को लेकर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया।

## एक नजर में

### इचाक में मृत पत्रकार को दी गयी श्रद्धांजलि



**इचाक।** इचाक प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक इंडियन बैंक के पास हुई। इसकी अध्यक्षता क्लब के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार और संचालन सचिव गणेश कुमार ने किया। बैठक में बरही के पत्रकार आनंद प्रधान के हार्ट अटैक से हुई आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। साथ ही दी मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। अध्यक्ष ने कहा कि दुख की इस घड़ी में इचाक के पत्रकार साथी उनके परिजनों के साथ है। बैठक में एक दैनिक अखबार के पत्रकार महेश कुमार मेहता के 90 वर्षीय बुजुर्ग मां इंदिरा देवी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा में कुलदीप कुमार,संरक्षक अरुण कुमार वर्मा, रंजीत कुमार, सकेन्द्र प्रसाद मेहता के अलावा अन्य मीडिया कर्मी शामिल हुए।

### ग्राम सभा में योजनाओं की दी गयी जानकारी



**टाटीझरिया ।** धर्मपुर पंचायत के जेरूवाड़ीह गांव आंगनबाड़ी केंद्र परिसर के समीप बीडीओ के निर्देशानुसार सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा का अयोजन वित्तीय वर्ष 2024 –2025 का वार्षिक कार्य योजना को धरातल पर कार्य पूर्ण करने को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया कांति देवी ने किया । रोजगार सेवक से निरंजन प्रसाद ने बताया कि ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया गया तथा कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य खुशबू देवी,रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद ,जल सहिया प्रेमलता देवी, अर्जुन प्रसाद,प्रदीप कुमार,दिनेश प्रसाद,जितेंद्रलाल हांसदा,संजय प्रसाद,शिवम कुमार,सुरेश प्रजापति,रीता मुर्मू, समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में पोशाक वितरित



**टाटीझरिया।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चरका पत्थर झरपो में कक्षा प्रथम से कक्षा द्वितीय के छात्र छात्राओं के बीच पोशाक में स्वेटर,शर्ट पैंट ,जूता मौजा का वितरण टाटीझरिया उपप्रमुख रवि वर्णवाल के हाथो किया गया। श्री वर्णवाल ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियमित विद्यालय में दिए गए पोशाक सामग्री को पहनकर आने के लिए कहा और विद्यालय में उपस्थित शिक्षक शिक्षाकाओ से उन्होंने छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे आने वाला देश का भविष्य है इन्हे बेहतर शिक्षा दे। मौके पर दयाल प्रसाद ,सुलेखा देवी,किरण देवी,सुनीता देवी संग अन्य कई लोग मौजूद थे।

### परिवार नियोजन को लेकर बैठक संपन्न

**विष्णुगढ़।** पंचायत भवन बनासो के सभागार में परिवार नियोजन कार्यक्रम को लेकर पंचायत स्तरीय हित धारकों की बैठक मुखिया चंद्रशेखर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन अनिल कुमार असिस्टेंट प्रोजेक्ट ऑफिसर ने किया। 10 नव दंपतियों के बीच बास्केट ऑफ चॉइस किट का वितरण किया गया। अनिल कुमार ने नव दंपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार नियोजन का कार्यक्रम भारतवर्ष में 1953 से शुरू हुआ है लेकिन अभी तक अंतिम व्यक्ति तक यह कार्यक्रम नहीं पहुंच पाया है। हम सबों का प्रयास है कि अंतिम व्यक्ति तक यह कार्यक्रम पहुंचे। दो बच्चों के बीच जन्म में गैपिंग से बच्चों का शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है माताएं स्वस्थ रहती हैं। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोजेक्टर ऑफिसर हुलास चंद्र पंचायत समिति सदस्य राधा रानी राजू महतो महतो स्वास्थ्य सहिया अंजू देवी, श्रीकांत पांडे, पिंकी देवी, कविता देवी, प्रेमलता देवी, मीना देवी शांति देवी माही पटेल अमित कुमार, सेविका सरिता देवी कौशल्या देवी बुधन भुइंया सहित कई उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### संदेशखली केस सीबीआई ...

हालांकि सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने मामले में तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। साथ ही मामले का उल्लेख रजिस्ट्रार से करने का आदेश दिया है। सिंघवी ने मामले में दलील दी कि अगर मामले में तत्काल सुनवाई नहीं की जाती है तो कलकत्ता हाइकोर्ट के आदेश के अनुसार, उन्हें शाम तक केस पेपर और शहाजहां शेख को सीबीआइ के पास सौंपना है, इसलिए अगर समय पर सुनवाई नहीं हुई तो यह अवमानना का मामला होगा। गौरतलब है कि शहाजहां शेख की गिरफ्तारी के बाद ममता सरकार ने मामले की जांच बशीरहाट पुलिस से लेकर सीआइडी ??को सौंप दी थी, जो अब सीआइडी ? की पुलिस रिमांड में है। टीएमसी नेता को पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

### क्या दोनों सरकारों ने...

स्कूल बनवा रही कंपनी दूसरी जगह स्कूल भवन बना रही है, क्या उसे अधिकार है कि वह जगह बदल सके। पूर्व में पुराने स्थल पर जहां स्कूल बन रहा था वहां बाउंड्री वॉल तोड़ा गया, उसका खर्च कौन उठायेगा। अगर केंद्र सरकार इस खर्च को वहन नहीं कर रही है तो राज्य सरकार किसके पैसे से उसका भुगतान करेगी, यह पब्लिक का पैसा है इसका मिसयूज नहीं होना चाहिए।

**दो सप्ताह बाद फिर सुनवाई :** कोर्ट ने मामले में केंद्र व राज्य सरकार के जवाब पर प्रार्थी को अपना प्रतिउत्तर देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है। कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक कहा कि सरकार को रूल ऑफ लॉ पर संवेदनशील होना चाहिए। कानून तोड़ने की इजाजत किसी को नहीं दी जानी चाहिए। अभी तक इस मामले में सभी लोगों की गिरफ्तारी भी नहीं हुई है, पूरा चार्जशीट भी दाखिल नहीं हुआ है। क्या राज्य सरकार विचार कर रही है कि नई जगह पर एकलव्य विद्यालय निर्माण कार्य हो जाने के बाद पूरा चार्जशीट दाखिल किया जाये।

### बंगाल में चुनावी...

श्री कुमार ने कहा कि अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के साथ-साथ सभी हवाई अड्डों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जायेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने सभी चुनाव अधिकारियों, जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रहने तथा सभी दलों के लिए समान रूप से सुलभ होने और उनके लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि लोकतंत्र में किसी भी हिंसा को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और कहा कि चुनाव एक त्योहार की तरह है, जिसे पूरे समाज में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठकों के दौरान आयोग को बताया गया कि कई फर्जी और डुप्लीकेट मतदाता हैं, जिनकी जांच आयोग द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक दल की ओर से एक चरण में ही मतदान कराने की मांग की गयी थी। आयोग ने मांगों पर ध्यान दिया है और इस पर बाद में निर्णय लिया जायगा। इसीआई ने कहा कि लगभग 80,000 मतदान केंद्र स्थापित किये जाने हैं, जिनमें प्रति मतदान केंद्र पर औसतन 943 मतदाता होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केंद्र पूरी तरह से महिलाओं द्वारा चलाये जाएंगे, जिसमें महिला सुरक्षाकर्मी तैनात होंगी और कुछ केंद्रों का प्रबंधन विकलांग व्यक्तियों द्वारा भी किया जाएगा, जिसका लक्ष्य समाज के लिए एक उदाहरण स्थापित करना है।

# कांग्रेस सहित सभी दलों पर भारी पड़ी प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी

**सियाराम पांडेय'शांत'**

**जीत** भले ही किसी राजनीतिक दल की हो लेकिन उस जीत का आधार जनता का उस पर अटूट विश्वास ही होता है। जब किसी नेता की गारंटी राजनीतिक मुद्दों और प्रलोभनों पर भारी पड़ जाए तो समझना चाहिए कि भारत में लोकतंत्र बिल्कुल सही दिशा में जा रहा है। चार राज्यों के चुनाव परिणाम बेहद विस्मयकारी रहे हैं। भाजपा ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ जहां कांग्रेस के हाथ से छीन कर अपनी मुट्ठी में कर लिया है, वहीं मध्य प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने की कांग्रेस की हर संभव कोशिशों को पलीता लगा दिया है। तेलंगाना की जीत पर खुश होने का कांग्रेस के पास एक अवसर है और वह यह कह सकती है कि उसने तेलंगाना में भाजपा को पटखनी दी है लेकिन सच तो यह है कि भाजपा तो अभी दक्षिण के इस राज्य में अपना जनाधार ही बढ़ा रही है। उसकी सीटों में कई आठ गुना वृद्धि यह बताने के लिए काफी है कि भाजपा ने तेलंगाना में कुछ खोया नहीं, वरन पाया ही है। तेलंगाना में बीआरएस की हार के पीछे केसीआर और उसके परिवार पर भाजपा के शीर्ष नेताओं के तल्ख हमले भी बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। तेलंगाना की सत्ता उसके स्वतंत्र राज्य के गठन के वर्ष 2014 से ही के.चंद्रशेखर राव के हाथ में रही है।

तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव के परिवारवाद और भ्रष्टाचार से तो जनता में नाराजगी थी ही, सत्ता विरोधी लहर भी उसके खिलाफ थी। कांग्रेस को तो बस अवसर मिल गया। भाजपा के शीर्ष नेताओं के चुनावी भाषणों ने भी राज्य में केसीआर की हालत पतली कर दी। 19 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले इस राज्य में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन की कुछ खास नहीं कर पाई जबकि यहां की 44 सीटों पर मुस्लिम मतदाता अच्छा-खासा असर डालते रहे हैं। अक्टूबर में तेलंगाना में लक्ष्मी बैराज क्या ढहा, केसीआर की मुसीबतें बढ़ती चली गईं। उनकी बेटी का नाम दिल्ली के शराब घोटाले से भी जुड़ा। यह और बात है कि कांग्रेस ने तेलंगाना में जातिगत जनगणना कराने और दलितों, पिछड़ों की आरक्षण सीमा बढ़ाने जैसी छह गारंटियां भी दीं, जिसमें मुफ्त महिला बस पास, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों और बटाईदारों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ देने जैसे वादे भी शामिल थे।

जनादेश इस बात का प्रमाण है कि मतदाताओं ने कांग्रेस पर भरोसा जताया और उसकी सरकार बनने में सहायक बने लेकिन राजस्थान,मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उसकी मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली रणनीति काम नहीं आई। इन तीनों ही राज्यों में मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया और यह समझने में जरा सी भी गलती नहीं कि जब केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होती है,तभी विकास का पहिया सरपट दौड़ पाता है। केंद्र और राज्य की सत्ता पर आरूढ़ दो राजनीतिक दलों की खींचतान में विकास का जनाजा अकसर उठता ही रहता है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव कांग्रेस से अपनी पार्टी के लिए कुछ सीटें चाहते थे लेकिन कमलनाथ ने अखिलेश-वखिलेश जैसी टिप्पणी कर न केवल अखिलेश यादव के क्रोध का पारा बढ़ा दिया बल्कि अखिलेश यादव को मध्य प्रदेश की 74 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने को भी विवश किया।




यह स्थिति भी कांग्रेस की उम्मीदों की राह का बड़ा रोड़ा बनी। 'इंडिया' गठबंधन में अपनी विशेषता बताने-जताने के राहुल गांधी के सपनों पर भी पानी फिर गया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का अपना कोई आधार नहीं है और यहां लोकसभा की चुनावी वैतरणी पार करने के लिए उसे समाजवादी पार्टी की नौका पर ही सवार होना पड़ेगा और दूध का जला मट्ठा भी फूंक कर पीता है। अखिलेश यादव भले ही मध्य प्रदेश की सियासी जंग हार गए हों लेकिन वैचारिक रूप से वे कांग्रेस को शिकस्त देने में सफल हो गए हैं। अखिलेश मजबूरी में भी कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में उतनी सीटें तो देने से रहे जो राहुल के प्रधानमंत्री बनने की जरूरत पूरी कर सके। ममता बनर्जी का भी कांग्रेस के साथ पश्चिम बंगाल में कुछ ऐसा ही रवैया रहने वाला है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस को कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की अंदरूनी कलह से भी बड़ा नुकसान हुआ है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति दोनों नेताओं के स्तर पर बोले गए अपशब्दों ने भी मध्य प्रदेश में खासकर चंबल परिक्षेत्र में कांग्रेस का बेड़ा गर्क करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपशब्दों का प्रयोग भी कदाचित मतदाताओं को रास नहीं आया। राजस्थान में भी सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच की राजनीतिक जंग कांग्रेस का पत्ता साफ करने में मील का पत्थर साबित हुई। सचिन पायलट की नाराजगी और बगावत को तो कुछ वर्ष पहले कांग्रेस ने थाम जरूर लिया लेकिन दोनों नेताओं और उनके समर्थकों के मनोमालिन्य को दूर करने की दिशा में कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कुछ खास नहीं कर सका। इसका नुकसान यह हुआ कि कांग्रेस का राज बदल गया लेकिन राजस्थान की हर पांच साल में सरकार बदलने का रिवाज यथावत कायम रही। भाजपा को पता था कि राजस्थान में मुख्यमंत्री को चेहरा घोषित करना उसके लिए भारी पड़ सकता है। इसलिए उसने कमल को ही सीएम चेहरा माना और यह उसके लिए बेहद फायदेमंद रहा। राजस्थान लाल डायरी के झमेले में जो एक बार कांग्रेस उलझी तो उससे उबर नहीं पाई। कई मौके आए जब भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सचिन पायलट और उनके समर्थक समय-समय पर गहलोत सरकार को घेरते रहे। यह भी उनकी पराजय का एक बड़ा कारण रहा। पेपर लीक मामले में वैसे पहले से ही गहलोत सरकार आलोचना के घेरे में थी। इन नतीजों से कांग्रेस के लोग ही विचलित होंगे, ऐसा नहीं है। लालू प्रसाद यादव के कुनबे और नीतीश कुमार की त्योरियों पर भी बल पड़ना स्वाभाविक है। जातिगत जनगणना कराकर राजनीतिक लीड लेने वाले नीतीश और लालू को लगा होगा कि वे पिछड़ों के बेताज बादशाह हो जाएंगे। कांग्रेस और सपा का शीर्ष नेतृत्व भी उनकी बिछाई पिच पर खेलने लगा था। जिसकी जितनी आबादी, उतनी उसकी भागीदारी का राग देश के हर उस राज्य में आलापा जाने लगा था जहां गैर भाजपा सरकारें हैं लेकिन इसकी काट में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब-किसान-महिला और युवा को ही सबसे बड़ी जाति माना और उनके समग्र उत्थान की दिशा में बढ़ते रहे, तीन राज्यों में भाजपा के पक्ष में आए चुनाव नतीजे उसी सोच की परिणिति है।

इन चुनावों में जातीय जनगणना का मुद्दा भी कुछ खास असर डालने में विफल साबित हुआ है, ऐसे में नीतीश-लालू और उन जैसी सोच के दूसरे नेताओं को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कुछ और तरकीब निकालनी होगी। वैसे भी हिंदी बहुल राज्यों में राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान नहीं चल पाई। लोगों ने विकास को तरजीह दी। यह भी उतना ही सच है कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी वर्ग भाजपा से छिटक गया था। मध्य प्रदेश में भाजपा अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित 35 सीटों में से 18 पर तो जीत गई थी, लेकिन अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित 47 सीटों में से महज 16 पर जीत हासिल कर सकी थी। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित 10 सीटों में केवल 2 और अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित 29 सीटों में से महज 3 पर ही जीत हासिल कर पाई थी। वर्ष 2018 का चुनाव गवाह है कि राजस्थान में भी भाजपा एससी के लिए सुरक्षित 34 सीटों में से 22 सीटें हार गई थी जबकि एसटी के लिए सुरक्षित 25 सीटों में 14 पर उसे पराजय का सामना करना पड़ा था। इन तीनों ही राज्यों में भाजपा के सत्ता से बाहर होने की यह भी प्रमुख वजह रही, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की तमाम कोशिशों को न केवल पलीता लगाया बल्कि दलित, आदिवासी मतों के भरोसे मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जीत भी हासिल की। आदिवासी समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया। यह उसकी सोची-समझी रणनीति थी।

# बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की क्रांति

**सड़क**, रेलवे, विमानन और जलमार्ग सहित भारत के परिवहन नेटवर्क में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और इसका देश के आर्थिक विकास पर व्यापक प्रभाव हो रहा है। मल्टी-मॉडल बुनियादी ढांचे के विकास हेतु महत्वाकांक्षी पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टरप्लान से प्रेरित, नई सड़कें व रेलवे भारत को वर्तमान में 3.74 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था (आईएमएफ, 2023) से आगे बढ़कर 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की अपनी महत्वाकांक्षा को साकार करने में मदद करेंगे।

**सड़कों के नेटवर्क में सुधार**

कुल 6.37 मिलियन किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली सड़कों के साथ भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। हाल के वर्षों में, राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की गति में काफी तेजी आई है और यह 2014-15 में औसतन 12 किलोमीटर प्रति दिन से बढ़कर



2021-22 में लगभग 29 किलोमीटर प्रति दिन हो गई है। राजमार्गों की कुल लंबाई 2014 में 97,830 किलोमीटर से बढ़कर आज 145,155 किलोमीटर हो गई है। यही नहीं, पिछले नौ वर्षों के दौरान, भारत के विभिन्न गांवों को हर मौसम में आवागमन लायक सड़कों से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। सड़कों से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए सरकार का बजटीय समर्थन तेजी से बढ़ा है, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अटल सुरंग, ढोला-सदिया पुल और चिनाब नदी पुल जैसी रणनीतिक परियोजनाओं, जिनमें से कुछ कई वर्षों से लंबित थीं, को युद्धस्तर पर पूरा करना सरकार के समावेशी शासन और देश के सबसे दूर-दराज व दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी प्रदान करने के प्रति उसकी वचनबद्धता का प्रमाण है।

**रेलवे में क्रांतिकारी बदलाव**

भारतीय रेलवे का पर्याप्त आधुनिकीकरण और विस्तार हुआ है। पिछले चार वर्षों के दौरान रेलवे के बुनियादी ढांचे पर होने वाले पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2.5 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। रेलवे की पटरियों के विद्युतीकरण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो पिछले नौ वर्षों में 37,011 रूट किलोमीटर तक पहुंच गई है। इसके अलावा, 4 मार्च 2022 को, भारतीय रेलवे को शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के उद्देश्य से डिजाइन की गई एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली कवच का सफल परीक्षण किया गया। स्वदेशी तरीके से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत, जो अभी 25 मार्गों पर चल रही हैं, और इसके क्रमिक विस्तार से उच्च गति वाली रेल यात्रा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का पता चलता है। जापान के सहयोग से मुंबई और अहमदाबाद के बीच चल रहे हाई-स्पीड लाइन के निर्माण और माल ढुलाई हेतु नए गलियारों के विकास से कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, यात्रा में लगने वाला समय कम होगा और कुशलता के साथ माल व यात्रियों की आवाजाही की सुविधा हासिल होगी।

# भारत का यूपीआई : एक विश्वस्तरीय अग्रणी डिजिटल भुगतान प्रणाली

**हाल** के वर्षों में यदि किसी भारतीय नवाचार ने वैश्विक स्तर पर सुर्खियां बटोरी हैं, तो वह निस्संदेह यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) भुगतान प्रणाली है। आज, भारत में किए जाने वाले कुल भुगतानों में से 40 प्रतिशत से अधिक भुगतान डिजिटल माध्यम से किए जाते हैं। इन डिजिटल भुगतानों में यूपीआई की हिस्सेदारी सबसे अधिक है, जिसका उपयोग 30 करोड़ से अधिक व्यक्ति और पांच करोड़ से अधिक व्यापारी करते हैं।




यूपीआई का उपयोग रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक सभी स्तरों पर किया जाता है। वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार, आज भारत दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेनदेन करने वाला देश है। वैश्विक स्तर पर होने वाले डिजिटल लेन-देन में भारत की हिस्सेदारी लगभग 46 प्रतिशत है। भारत के बाद ब्राजील, चीन, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया जैसे देश आते हैं। वर्ष 2016 में मात्र दस लाख लेनदेन से आगे बढ़ते हुए यूपीआई ने अब तक 10 बिलियन (1,000 करोड़) लेनदेन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है।

यूपीआई से जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह भारतीयों के लेन-देन के तरीकों से संबंधित है। ग्लोबल डेटा रिसर्च के अनुसार, 2017 में लेनदेन की कुल मात्रा में नकद की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत थी जो अब घटकर 60 प्रतिशत से भी कम रह गई है। वर्ष 2016 में 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद होने के छह महीने के भीतर, यूपीआई पर कुल लेन-देन की मात्रा 2.9 मिलियन से बढ़कर 72 मिलियन हो गई। वर्ष 2017 के अंत तक, यूपीआई लेनदेन पिछले वर्ष की तुलना में 900 प्रतिशत बढ़ गया और तब से इसने अपने विकास की गति जारी रखी हुई है।

यूपीआई अविश्वसनीय रूप से उपयोगकर्ता के अनुकूल है। यह उपयोगकताओं को वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) का उपयोग कर-के सरल तरीके से भुगतान की सुविधा देता है, जिससे संवेदनशील बैंक विवरण साझा करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह प्रक्रिया उतनी ही सरल है जितना स्मार्टफोन पर टेक्स्ट मैसेज भेजना। इसका असर सुविधा मिलने के अलावा, वित्तीय समावेशन में योगदान, पारदर्शिता और अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में कमी तक हुआ है।

यूपीआई की वृद्धि ने न केवल भुगतान के लिए नकदी का बड़े पैमाने पर उपयोग कम कर दिया है, बल्कि डिजिटल भुगतान की अन्य विधियों का भी स्थान ले लिया है। उदाहरण के लिए, मर्चेंट भुगतान के लिए डेबिट कार्ड का उपयोग साल-दर-साल कम हो रहा है, और यूपीआई ने आज प्रीपेड वॉलेट तक पहुंच स्थापित करने का तरीका भी बदल दिया है। जैसे-जैसे यूपीआई का विस्तार और परिवर्तन जारी रहेगा, यह भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

हालांकि, डिजिटल भुगतान प्रणाली की सफलता न केवल डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे की मजबूती में निहित है, बल्कि व्यवहारिकता में भी है जिसने लोगों को नकदी से डिजिटल की ओर जाने के लिए प्रोत्साहित किया। किसी भी व्यवहारिक परिवर्तन की तरह, इसे ज्ञान आधारित नवाचारों के माध?यम से व्यवस्था की विश्वसनीयता और पहुंच पर आधारित होना चाहिए जो इसके मुख्य समूह की प्रासंगिकता सुनिश्चित करता है। इनमें भुगतान ऐप्स द्वारा प्रदान किए गए छोटे वॉयस बॉक्स और दिलचस्प नए नवाचार शामिल हैं, जहां सिरी जैसी आवाज बताती है कि क्यूआर कोड द्वारा प्रत्येक भुगतान के साथ तत?काल कितनी राशि प्राप्त हुई है। इससे छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों के बीच अविश्वास को पाटने में मदद मिली है, जो लंबे समय से नकद लेन-देन के आदी थे।

डिजाइन का एक अन्य प्रमुख कार्य ग्राहक को यूपीआई के लिए सेवा प्रदाता का विकल्प प्रदान करना है, भले ही ग्राहक का खाता किसी भी बैंक में हो। पसंद के अधिकार का अर्थ है कि ग्राहक भुगतान के लिए यूपीआई तक पहुंचने के लिए अपना पसंदीदा भुगतान ऐप चुन सकते हैं।

यूपीआई के साथ रुपे क्रेडिट कार्ड को जोड़ना डिजिटल भुगतान परिदृश्य में एक क्रांतिकारी कदम है, जो उपभोक्ताओं को क्रेडिट कार्ड और यूपीआई दोनों के लाभ देता है। यूपीआई लेनदेन के लिए क्रेडिट कार्ड द्वारा दी जाने वाली अल्पकालिक क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाकर, कार्डधारक अब अपने बचत खातों से धनराशि निकालने के बजाय अपनी क्रेडिट लाइनों का उपयोग करके भुगतान शुरू कर सकते हैं।

भारत का सुदृढ़ डिजिटल भुगतान इकोसिस?टम दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। स्थानीय स?तर पर यूपीआई की सफलता के बाद, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान प्रणाली को देश के बाहर ले जाने के लिए 2020 में एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) नामक शाखा की स्थापना की। उसके बाद से एनआईपीएल और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारत की सीमाओं के पार यूपीआई-आधारित लेनदेन का विस्तार करने के लिए 30 से अधिक देशों में वित्तीय संस्थाओं के साथ समझौते किए हैं। हाल ही में, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका भी यूपीआई गतिविधि में सम्मिलित हो गए। फ्रांस में यूपीआई का प्रवेश महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ है, जिसकी बदौलत उसको यूरोप में पहली बार पैर जमाने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ब्रिक्स समूह में यूपीआई के विस्तार की वकालत की है, जिसमें अब छह नए सदस्य देश हैं।

2016 में साधारण आरंभ के बाद, आज यूपीआई का अभूतपूर्व रूप से उपयोग करने और उसकी स्वीकार्यता अपने आप में एक अनूठी दास?तान बन चुकी है, जो अपने दायरे और प्रभाव के संदर्भ में बेजोड़ है।

# 2024 की जीत हिंदी पट्टी से ही मिलेगी

**ऋतुपर्ण दवे**

**निश्चित** रूप से विधानसभा चुनाव के नतीजों से अगर सबसे ज्यादा किसी में उत्साह होगा तो वह है भाजपा। उसमें भी मध्य प्रदेश के नतीजों ने तो जैसे भाजपा के उत्साह में सुनामी ला दी। बहरहाल यह मोदी मैजिक ही है जिसने हिन्दी पट्टी वाले राज्यों में विपक्ष या कहें कि नवगठित इंडिया गठबंधन के सपने धराशायी कर दिये। माना कि मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना ने कमल के लिए कमाल का काम किया, लेकिन छत्तीसगढ़ में आखिर ऐसा क्या हुआ जो गाय, गोबर, गोठान, महतारी योजना, आत्मानन्द स्कूलों के बाद भी नतीजे एकदम उम्मीद से इतर आए? जबकि राजस्थान में जादूगर अशोक गहलोत का चलते दिख रहे जादू पर भाजपा का जादू भारी पड़ गया। तेलंगाना में जरूर कांग्रेस को झोली में उम्मीद से ज्यादा हासिल मिला। शायद भारत की यही विविधता है।

विश्लेषण के लिहाज से इन नतीजों के मायने काफी गहरे हैं। इन्हें 2024 के आम चुनाव से जोड़ा जाएगा। चारों नतीजों में सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश की ही चर्चा होगी जिसे संघ की प्रयोगशाला भी कहा जाता है। जहां बढ़े मतदान के बाद तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। चुनावी घोषणा और चुनावों के दौरान जिस तरह से एन्टी इनकम्बेंसी की बात फैली उसको लेकर उत्साही कांग्रेसियों के बाग-बाग चेहरे देखकर ऐसे नतीजों की उम्मीद तो हरगिज नहीं थी। लेकिन एक सच्चाई है जिसे स्वीकारना होगा कि मध्य प्रदेश में जिस शिवराज सिंह को लेकर शुरूआत में एक तरह से ऊहापोह की स्थिति बनी और कई तरह के संदेश फैलाये गये, उसे शिवराज ने अपने जादू से ऐसा धोया कि आज वो एक बार फिर अजेय बनकर भाजपा के सबसे अहम चेहरा बन गये। समूचे मध्य प्रदेश में अपराधियों खासकर महिलाओं, आदिवासियों और दलितों के उत्पीड़न करने वालों को तुरंत सजा देने का बुलडोजर वाला तरीका भी लोगों को खूब भाया। प्रदेश में मामा बनकर उन्होंने आम और खास सभी से जो कनेक्ट किया उसका नतीजा आज सामने है।



बेशक लाड़ली बहना योजना ने मध्य प्रदेश में एक अंडर करंट पैदा किया जिसे समूचा विपक्ष भी नहीं समझ पाया। अस्तित्व में आने के बाद से प्रदेश के अब तक के सारे के सारे मुख्यमंत्रियों से अलग उनकी मेहनतकश छवि और हर दौरे ने उन्हें मजबूत किया जिसे कोई भांप नहीं पाया। यह भी सही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता मध्य प्रदेश में भाजपा के लिए बड़ा टॉनिक साबित हुई। लेकिन इस बात को स्वीकारना ही पड़ेगा यदि मोदी मध्य प्रदेश के इस चुनाव में भाजपा के लिए खरा सोना रहे तो शिवराज सुहागा से कम नहीं रहे।

निश्चित रूप से भाजपा छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की आपसी कलह और संगठन में बिखराव व दुराव का भरपूर फायदा ले गई और नतीजे अप्रत्याशित आये। इसके साथ ही सांसदों और केन्द्रीय मंत्रियों को उतारने से भाजपा ने एक तीर से कई निशाने भी साधे। मध्य प्रदेश के नतीजों के बाद शिवराज सिंह का वह बयान बार-बार याद आता है जिसमें उन्होंने कहा था कि टाइगर अभी जिंदा है। लेकिन सच तो ये है कि टाइगर बहुत फुतीर्ला है। कहने की जरूरत नहीं कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह फिर मुख्यमंत्री के प्रबल दावेदार हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ में सम्मानजनक स्थिति के बाद फैसला केन्द्रीय नेतृत्व के हाथों होगा। कमोबेश यही स्थिति राजस्थान में होगी। वहां वसुन्धरा या कोई और का सवाल अभी कई दिनों तक रहेगा। एक अकेले तेलंगाना में कांग्रेस को मुख्यमंत्री तय करने में कैसी चुनौती आएगी नहीं पता लेकिन इतना तो है कि गिरे मनोबल से वहां इस बार पुरानी चूक नहीं दोहराई जायेगी।

ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने भी सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने के लिए कोशिश नहीं कीं। परन्तु सच्चाई यही है कि कांग्रेस संगठनात्मक तौर पर भाजपा के मुकाबले 19 नहीं बल्कि 8-10 ही रह गई है। बरसों पुराने कार्यकर्ता, नई टीम का अभाव, लोगों से जुड़ाव पर ध्यान नहीं देना, हर गांव, शहर के छोटे से छोटे कार्यकर्ता का भोपाल कनेक्ट दिखाना और प्रदेश के कई नेताओं के अनजान कस्बों में लगे होर्डिंग से कांग्रेस वैसा कनेक्ट नहीं कर पाई जो स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता नगर, वार्ड, बूथ और पन्ना प्रमुख कर सके। बस यही वह तमाम कारण थे जिस कारण कांग्रेस जनता से कनेक्ट नहीं कर पाई। उल्टा सरकार विरोधी लहर के जुमले के सहारे मनगढ़ंत और झूठे सपने देख बड़े-बड़े ख्वाब देखना तथा प्रदेश चुनाव संचालन को दिल्ली की टीम के हवाले करना भी कांग्रेस को इतना महंगा पड़ गया कि 2018 के आंकड़ों से भी पिछड़ गई और भाजपा 2003 जैसे सम्मानजनक स्थिति में पहुंच गई। लेकिन एक बात तो है कि हिन्दी पट्टी वाले राज्य जहां भाजपा पर भरोसा जताते हैं तो दक्षिण कांग्रेस व अन्य पर। ऐसे में देश में उत्तर-दक्षिण की नई बात जरूर होगी। फिलहाल इंडिया गठबंधन की 6 दिसंबर की बैठक पर निगाहें हैं। बहरहाल अभी इस गठबंधन का बिखराव का नतीजा सामने है। आगे बहुत कुछ और दिखेगा। किन-किन राज्यों में सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी ने किस-किस को कितना नुकसान पहुंचाया और किसकी जीत-हार का अंतर कम किया। किसको जीतने से रोका तथा किसने अनजाने या जानबूझकर भाजपा-कांग्रेस को जीत या हार दिलाई जैसी चचार्एं और डिबेट आगे बहुत दिखेंगे। बहरहाल अभी तो भाजपा ही सिवाय तेलंगाना के अजेय दिखती है और हिन्दी पट्टी में ऐसी जीत के बहुत बड़े मायने हैं। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# गोड्डा के महागामा को 448 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

## महागामा में 300 बेड वाले अस्पताल और 83 करोड़ की शहरी जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया

## मंत्री आलमगीर आलम व बन्ना गुप्ता ने 64 को दिये नियुक्ति पत्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** मंगलवार को जिले के महागामा प्रखंड में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्री आलमगीर आलम एवं मंत्री बन्ना गुप्ता ने जिलेवासियों को विभिन्न योजनाओं का सौगात दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ आप सभी अवश्य लें। उन्होंने शहरी जल आपूर्ति योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि महागामा नगर पंचायत में अमृत 2.0 के तहत 83 करोड़ की लागत से शहरी जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया गया। इस योजना से लगभग 8200 घरों में जल पहुंचना संभव हो सकेगा, तथा 2025 तक यह जलापूर्ति योजना पूर्ण होगा। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए चलाए जा रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमारी सरकार ने कोविड काल में जहां मानवता के रिश्ते कमजोर हुए थे।

उस समय भी हमारी सरकार ने बसों, हवाई जहाज, ट्रेन से अपने लोगों को अपने राज्य लाने का कार्य किया था। विधायक पोड़ैयाहाट प्रदीप यादव ने विधायक, महागामा दीपिका पांडे सिंह को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उन्हीं के प्रयास से महागामा में 300 बेड का अस्पताल का शिलान्यास आज किया जा सका है। 83.01 करोड़ की लागत से महागामा में अमृत 2.0 के तहत महागामा शहरी जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक महागामा दीपिका पांडे सिंह के द्वारा बताया गया कि गोड्डा जिले के महागामा प्रखंड मुख्यालय से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित महुआरा, जिसके विकास में राज्य सरकार के साथ-साथ ई0सी0एल0 द्वारा भी सामाजिक दायित्वों का निर्वाह किया जाता रहा है । महुआरा के लोग जिस अस्पताल की जरूरत शिद्दत से महसूस कर रहे थे, अब उनका इंतजार खत्म होने जा रहा है। ईसीएल द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत निर्माण कराए जाने वाले 300 बेड के अस्पताल निश्चित रूप से मिल का पत्थर साबित होगी हजारों लोगों की जनसंख्या वाले महुआरा में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की मिश्रित आबादी निवास करती है।

लगभग 20 बीघा को भू-भाग पर 300 बेड वाले अस्पताल के निर्माण से न सिर्फ यहां के स्थानीय परिवारों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होगी, बल्कि आसपास के ग्रामीणों को भी उच्च स्वास्थ्य उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं का लाभ मिल सकेगा। विधायक, दीपिका पांडे सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि मॉडल डिग्री कॉलेज, महागामा में बनाए जा रहे महाविद्यालय का संथाल परगना में एक अलग ही पहचान होगा और निश्चित रूप से गोड्डा जिले में शिक्षा का अवसर और खुलेगा विशेष कर महिला/ बच्चियों को गोड्डा से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ,गोड्डा जिशान कमर के द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास एवं नियुक्ति पत्र से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि आज 64 अभ्यर्थियों को विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान लगभग 631.80 करोड़ राशि के परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी, पुलिस अधीक्षक, गोड्डा नाथू सिंह मीणा, उपविकास आयुक्त महोदया, अपर समाहर्ता, गोड्डा जिला भू -अर्जन पदाधिकारी जितेश जायसवाल, अनुमंडल पदाधिकारी, महागामा राजीव कुमार, शाहिद जिले के पदाधिकारीगण एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव, जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

एक नजर में

### भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद पाकुड़ पहुंचे ताला मरांडी, कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत



**पाकुड़।** राजमहल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद मंगलवार को पहली बार पाकुड़ पहुंचे ताला मरांडी। पाकुड़ पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके भव्य स्वागत किया। होटल रॉयल में आयोजित अभिनंदन समारोह में ताला मरांडी का फूल माला पहनाकर स्वागत हुआ। ताला मरांडी ने कहा कि सिर्फ और सिर्फ विकास भाईचारे के मुद्दे को आत्मसात कर सर जमीन पर उतारने का प्रयास करूंगा। साथ ही कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास जो मोदी जी का मूल मंत्र है उसे जनता, मतदाता के बीच ले कर जाऊंगा और उनका समर्थन मांगूंगा। राजमहल संसदीय क्षेत्र की जनता, मतदाता, नागरिक को खुश देखना चाहता हूं, उन्हें खुशहाल बनाए रखने की दिशा में हर संभव काम करूंगा। कार्यकर्ता ताला को प्रत्याशी बनाए जाने पर काफी उत्साहित दिखे। स्वागत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अमृत पांडे, मित्री सोरेन, दुर्गा मरांडी,सुफल मरांडी,शमीर्ला रजक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आधा दर्जन में मवेशी के साथ एक हिरासत में



पाकुड़। मंगलवार को पाकुड़ के रास्ते पश्चिम बंगाल की ओर जा रही एक पिकअप वैन नगर थाना क्षेत्र के बलियाडांगा गांव के निकट सड़क किनारे फंस गयी। जिसमें लगभग आधा दर्जन पशु ठूस ठूस कर भरे गए थे। उधर से गुजर रहे सत्य सनातन संस्था के सदस्यों ने देखा कि कुछ लोग पशु के साथ क्रूरता से पेश आ रहे हैं। मामले की जानकारी नगर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना के प्रशिक्षु डीएसपी सह नगर थाना प्रभारी अजय आर्यन के नेतृत्व में पुलिसबल मौके पर पहुंचकर मवेशी से संबंधित कागजात की मांग की। कागजात के अभाव में मवेशी लदे वाहन को जब्त कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पुलिस को देखते ही दो साथी पशु तस्कर फरार हो गए। सस्था के अध्यक्ष रंजीत कुमार चौबे ने बताया कि तस्कर पशुओं के साथ क्रूरता कर रहे थे और ये हम बर्दास्त नहीं करेंगे। इधर एसपी प्रभात कुमार को भी संस्था के सदस्यों ने जानकारी दी और मवेशी तस्करी पर रोक लगाने की मांग की। अजय आर्यन ने बताया कि हिरासत में लिए गए पशु तस्कर से पूछताछ की जा रही है। जब्त किए गए मवशियों को चिकित्सीय जांच के पश्चात गौशाला में रखने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पशु तस्करी में कौन कौन लोग शामिल हैं। इसकी जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जारंगडीह दुर्गा मंदिर परिसर में यज्ञ समिति की बैठक



बेरमो/जारंगडीह। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारंगडीह दुर्गा मंदिर परिसर में यज्ञ आयोजित करवाने को लेकर यज्ञ समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिस बैठक की अध्यक्षता मैनेजर बाल गोविंद नायक द्वारा किया गया। बैठक में पुरे यज्ञ कमेटी को बहाल रखा गया जिसके अनुसार अध्यक्ष बाल गोविंद नायक सचिव बसंत ओझा, कोषाध्यक्ष जोगेन्दर सोनार, लालेन्दर ओझा, अरविंद कुमार, नारायण मुंशी, अमर, बाल गोविंद मंडल, सचिन कुमार आदि लोग यज्ञ सम्पन्न करवाने मे अहम भूमिका निभायेंगे। बैठक में यज्ञ शुरू होने की तिथि भी तय कर दी गई है जिसके अनुसार 29 मार्च से यज्ञ आरंभ होगा कपिल देव पंडित की देख रेख में। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की पिछले वर्ष से एक सौ रुपया अधिक चंदा भक्तो से ग्रहण किया जायेगा। ताकि यज्ञ के दौरान आर्थिक तंगी ना आने पाये और यह सफलता पूर्वक सम्पन्न हो सके।

स्पीड न्यूज

### उभरती प्रतिभा को नजरंदाज कर रही सरकार : प्रकाश सिंह



**बेरमो /फुसरो।** बेरमो विधानसभा के भाजपा युवा नेता प्रकाश सिंह ने जेएसएससी में हुए महाघोटाले में सरकार की निंदा करते हुए कहा मौजूदा सरकार उभरती प्रतिभा को नजरंदाज करने का काम कर रही है। काफी मस्साकत के बाद भी अभ्यर्थियों को कोई विकल्प इस सरकार में नजर नहीं आ रही।वही पिछली बार भाजपा की रघुवर दास की पूर्ण बहुमत की सरकार ने सभी को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देने का काम किया था। इंडी गठबंधन के सभी विधायक मंत्री सिर्फ अपनी जेब भरने में लगे हुए है। पार्टी ने अगर मौका दिया तो बेरमो से परिवारवाद को जड़ से खत्म करने का काम करूंगा।

### काफी संख्या में छात्र निर्भर रहते हैं छात्रवृत्ति पर : अफजल दुरानीं



**बोरमो/ललपनिया।** ऑलइंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के झारखंड राज्य कार्यकारिणी सदस्य अफजल दुरानीं ने झारखंड के महामहिम राज्यपाल को पत्र लिखा है। सौंपे पत्र कहा गया है कि बोकारो जिला के सैकड़ो छात्रों का पूर्व वर्ष 2022-23 ई-कल्याण छात्रवृत्ति अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। और कल्याण विभाग के द्वारा फिर से 2023-24 छात्रवृत्ति की फार्म निकाल दिया गया है। दुरानीं ने कहा कि बोकारो जिला कल्याण विभाग का हर साल की यही आदत हो गई है, छात्रो के फॉर्म की सारी प्रक्रिया पूरे होने के बावजूद सैकड़ो छात्रों का छात्रवृत्ति रोक दिया जाता है। दुरानीं ने यह भी कहा कि वर्ष 2021-22 की भी छात्र वृत्ति काफी संख्याओं में छात्रों का रोका गया था। ऐसी स्थिति में छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित रखने से छात्रो को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अगर इसीतरह चलता रहा या फिर सुधार नही हुआ तो हमसभी छात्र-छात्राए विभाग खिलाफ आंदोलन करेंगे।

### भाजपा विस्थापित प्रकोष्ठ के संयोजक बने रामनरेश प्रसाद

बोकारो। नगर के जनवृत 9 में भाजपा विस्थापित प्रकोष्ठ का नवगठन हुआ। इसमें बोकारो जिला संयोजक का दायित्व रामनरेश प्रसाद को दिया गया। उनके सम्मान में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा यह आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता योगेंद्र कुमार चौधरी ने किया संचालन शिवानंद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में कुमार अमित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, एके वर्मा, सांसद प्रतिनिधि, योगेंद्र कुमार, रामसुमेर सिंह, नीरज कुमार नागेंद्र पुरी आदि मौजूद थे।

# विदेशी टूरिस्ट महिला से गैंगरेप मामले में पांच अन्य फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

गैंगरेप मामले में अब तक सभी आठ आरोपी गिरफ्तार, स्पीड ट्रायल से होगी दोषियों को सजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** स्पेन के विदेशी टूरिस्ट बाईक राइडर दंपति से मारपीट, लूट और महिला से गैंगरेप मामले में हंसडीहा पुलिस पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंगलवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपियों में बाबूजी सोरेन, बुधलाल मराण्डी, बबलू हेम्ब्रम, बसिस मुर्मू एवं समीर किस्कू है। सभी थाना क्षेत्र के कुरमाहाट निवासी है। इससे पहले तीन आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों में आरोपी राजन मरांडी, प्रदीप किस्कू एवं सुखलाल हेम्ब्रम है। सभी की गिरफ्तारी एक ही घर से सोए अवस्था मे पुलिस गिरफ्तार करने में सफल हुई थी। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता कर एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने दी। उन्होंने बताया कि विदेशी महिला से दुर्व्यवहार मामले में पुलिस थाना कांड संख्या 18/24 के तहत भादवी की धारा 395 एवं 376 डी के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई थी। मामले में तीन आरोपियों की पूर्व में गिरफ्तारी को चुकी है। आज पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले में अब तक कुल आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस पीड़ित दंपति का मजिस्ट्रेट की उपस्थित में 164 का बयान दर्ज करा फास्ट ट्रैक के तहत दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाएगी। घटना स्थल पर स्पेशल ब्रांच, फॉरेंसिक टीम एवं सीआईडी की टीम जांच में जुटी थी। हाई कोर्ट भी मामले में सात मार्च को जबाब तलब डीजीपी से किया है। अनुसंधान के क्रम में विदेशी दंपति से लूटा गया घड़ी, चांदी के विदेशी सिक्का एवं बांग्लादेश का डॉलर बरामद घटना स्थल के पास झाड़ियों से की थी। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी ऑटोमैटिक मोबाईल और बाइक में लगे जीपीएस की मदद से हुई। जीपीएस लोकेशन स्पेन से लॉकेट किया गया। पीड़ित महिला ब्राजील मूल की है। वह स्पेन मूल के व्यक्ति से प्रेम-प्रसंग कर की थी। यहां बता दें कि दुमका में एक स्पेनिश महिला के साथ गैंग रेप की घटना ने सभ्य समाज का सर शर्म से झुका दिया। दरअसल पीड़िता अपने पति के साथ बाइक से विश्व भ्रमण पर निकली है। बांग्लादेश से भारत मे प्रवेश करने के बाद दुमका के रास्ते नेपाल जा रही थी। एक मार्च की शाम स्पेनिश दंपत्ति ने हंसडीहा थाना के कुरमाहाट में टेंट लगाकर रात्री विश्राम करने लगी। इसी बीच सात दरिंदों ने टेंट में घुसकर पति को बांध दिया। जबकि महिला को टेंट से बाहर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दरिंदों ने दंपत्ति के साथ मारपीट भी किया और विदेशी मुद्रा की भी लूटपाट किया। देर रात गस्ती पर निकली हंसडीहा थाना की पुलिस ने दंपत्ति को सड़क किनारे देखा। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।




प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसपी व गिरफ्तार आरोपी।

## अध्यापक संघ ने विधायक दीपिका पांडे को मांग पत्र सौंपा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघ के बैनर तले सहायक अध्यापकों ने सोमवार को विधायक दीपिका पांडे सिंह को अपनी मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा। दिए गए मांग पत्र में अंकित किया है कि सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक आजीवन झारखंड राज्य के सुदूर, पहाड़ी, पठारी, बंजरा इलाके में काफी कम मानदेय पर तन,मन,धन से सेवा प्रदान करते हैं।इसके बाद भी सहायक अध्यापकों को सेवा निवृत्ति के बाद टमटम के घोड़े की तरह यूं ही छोड़ दिया जाता है।उन्हें किसी प्रकार का आर्थिक लाभ नहीं दिया जाता।जबकि एक मैट्रिक पास सरकारी शिक्षक को 100000 मासिक वेतन के साथ-साथ रिटायरमेंट,ई पी एफ फंड,पेंशन सभी तरह के आर्थिक लाभ प्रदान किया जाता है। जबकि एक सरकारी शिक्षक के वेतन के समतुल्य बार-बार सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक से कम मानदेय पर सेवा लाभ लिया।और सेवानिवृत्ति के बाद किसी भी प्रकार के लाभ पाने से वंचित रह जाते हैं।सहायक अध्यापकों ने आग्रह किया है की सेवानिवृत्ति होने वाले सहायक अध्यापकों को संपत्ति पारा शिक्षक का सेवा अवधि विस्तार कर 65 वर्ष कर दिया जाए। तो कम से कम सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक का जो अधूरा सपना है वह पूरा हो सकेगा।संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता,सचिन भवानी महतो,कोषाध्यक्ष गोरेलाल यादव के हताक्षरित मांग पत्र सहायक अध्यापक संघ के लेटर पैड पर लिखकर सौंपा गया है।

## गोड्डा : झारखंड सरकार की कुनितियों और भ्रष्ट्राचार को लेकर भाजपा का धरना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** मंगलवार को गोड्डा प्रखंड कार्यालय में भाजपा के द्वारा जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवस धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में मंच संचालन मंडल अध्यक्ष राम नरेश यादव ने किया। वंदे मातरम गीत गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। आज के धरना मे मुख्य वक्ता गोड्डा जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा रहे, जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे ने भी अपनी बातों को रखते हुए कहा कि यह झारखंड की सरकार की खराब नीतियों को गिनाते हुए चौबे जी ने कहा कुर्माहट में विदेशी महिलाओं के साथ गैंगरेप की चिंता करते हुए दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का मांग किया। गोड्डा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि आज की सरकार जिस तरह लूटऔर भ्रष्ट्राचार कर रही है और अपने आप को आदिवासी का संरक्षक सरकार बता रही है इसी आदिवासी की सरकार में आदिवासी महिलाओं के साथ गैंगरेप हो रहा है दिनदहाड़े लूट हो रहा है। ब्लॉक में लूट हो रहा है सरकार के हर विभाग में लूट हो रहा है। इस धारणा में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, पवन झा, अंजनी झा, दिलीप सिंह, परिणीता झा, मनोरमा देवी, रिंकी देवी, नागोरी देवी, अनिल शाह, राजेश भगत, पप्पू शर्मा, संजीव टेकरीवाल, मणिकांत महतो, जीतू सिंह, रिंकी देवी, सूरज सिंह जयशंकर सिंह अनूप पासवान सोरब सुमन बिभाष शर्माऔर सभी देवतौल कार्यकर्ता उपस्थित रहे आज भाजपा पोडैया हाट मंडल में भी झारखंड की चंपई सोरेन की जनविरोधी नीति के खिलाफ एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। ये कार्यक्रम गोड्डा जिला के सभी नौ प्रखण्ड कार्यालय के सामने रखा गया था। मंडल के अध्यक्ष राजीव भगत उर्फ डब्लू भगत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किए और मंडल के महामंत्री जनार्दन सिंह ने मंच का संचालन किया। आज के इस कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने चंपई सोरेन के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। मुख्य वक्ता में किसान मोर्चा के राजेंद्र राम, मंडल उपाध्यक्ष चंदन भगत, आशीष यादव, सुशील रूज, मंडल अध्यक्ष चमकलाल मंडल, बाबा ववेसानंद, सुशील टुडू जी, जिला परिषद के सदस्य चुंडा मरांडी जी, जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह, जिला परिषद सदस्य राघवेंद्र सिंह, अर्जुन राय, पूर्व प्रत्याशी गजाधर सिंह, देवेंद्र नाथ सिंह अपनी बातों को रखा।

### न्यु गोल पहाड़ी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर प्रतिमाओ का किया गया नगर भ्रमण





**बेरमो /फुसरो।** न्यु ढाको ढोरी एक्सभेसन अमलो चेक पोस्ट के समीप नवनिर्मित मंदिर में श्री श्री 1008 शांति धाम न्यू गोल पहाड़ी मंदिर में भगवान शिव परिवार, दुर्गा मां, मां मनसा एवं हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को लेकर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण सह शोभायात्रा निकाली गयी। यहॉ सैकडो महिला-पुरुष श्रद्धालु महायज्ञ स्थल न्यु ढाको ढोरी एक्सभेसन अमलो चेक पोस्ट के समीप से निकली जो अमलो चेक पोस्ट, पंडित दीनदयाल चौक, नया रोड फुसरो होते हुए फुसरो बाजार, रानी बाग, पूराना बीडीओ ऑफिस, स्टाफ क्वार्टर ढोरी का भ्रमण करते हुए पुन: वापस लोटे। इस अवसर पर काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल होकर हर-हर महादेव, जय हनुमान, जय श्री राम, जय मॉ मनसा आदि के नारे लगा कर क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में परिवर्तित कर दिए। यहॉ पुजारी विष्णु पंडित एवं बतौर सहयोगी नंदकिशोर पांडेय, अशोक मिश्र, राजकुमार मिश्र, विकास पांडेय, विशाल पांडेय, विनीत तिवारी, ऋषि मिश्र संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान मे लगे थे। भगवान शिव जिसमे मुख्य यजमान मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष मदन कुमार सिंह, सचिव गणेश निषाद व उप सचिव विवेक चौहान एवं उनकी पत्नी शामिल है। 6 मार्च को वेदी पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा, रूद्र अभिषेक, रूद्र अष्टाध्याय पाठ अखण्ड हरि कित्तन पूणार्हुति, यज्ञ पूणार्हुति संध्या आरती हवन एवं भंडारा का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के संरक्षक सीसीएल के ढोरी जीएम एमके अग्रवाल, अध्यक्ष अमलो पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी, सह सचिव सूरज निषाद, शिवनंदन चौहान, राजकुमार चौहान, संतोष सिंह, मानिक दिगार, छोटन कुमार, मानिक रविदास, दिलीप आदि लगे हुए है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने को लेकर सीसीएल सीकेएस की बैठक संपन्न



**बेरमो।** मंगलवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सालाहकर संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा तथा भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला मंत्री संत सिंह मुख्य रूप से बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक तथा सदस्यता विस्तार, कामगारों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर चचाएं सहित आगामी अंतरास्ट्रीय महिला दिवस मनाने को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गई। क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि आज हमलोग बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए की सीसीएल सीकेएस ढोरी द्वारा प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी अंतरास्ट्रीय महिला दिवस बड़े धूमधाम तथा हर्षोल्लास के साथ से 10 मार्च 2024 को संगठन द्वारा मनाया जाएगा वही बैठक में मुख्य रूप से नुनुचंद महतो, अजय सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, बुधन प्रसाद नोनिया, बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, हीरालाल रविदास, राजेश पासवान, प्रमोद कुमार गौतम, सुबीर मुखर्जी, सोमनाथ मिश्रा, भुनेश्वर, शरद कुमार, निशांत, पंकज कुमार, शरद, संदीप ओरांव, प्रेमलता देवी, सुमिति कुमारी, बसंती देवी, उर्मिला देवी, इंडिया देवी, ज्योति, सीमा, लखि बाला देवी, लक्ष्मी देवी, अंजली कुमारी, नीरा देवी, सरिता आदि उपस्थित रहे।

## लोस चुनाव को लेकर मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** लोकसभा चुनाव के सफल संचालन को लेकर मंगलवार को रविन्द्र भवन टाउन हॉल में पाकुड़ जिलें के तीन विधानसभा क्षेत्रों के विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। सहायक समाहर्ता डॉ कृष्णकांत कनवाड़िया की उपस्थिति में जिला लेवल मास्टर ने विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया। इस क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि मतदान की प्रक्रिया में कोई एरर नहीं रहे, इसके लिए प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। चुनाव ड्यूटी के दौरान यही प्रशिक्षण ही समस्याओं से बचाता है। प्रशिक्षण के प्रत्येक पहलुओं पर महत्व देने पर बल दिया। साथ ही अपने उतरदायित्व के प्रति सजग रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि समझने में किसी तरह की समस्याएं हो, उसे प्रशिक्षण के दौरान दूर कर लें। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने कहा कि चुनाव के तकनीक और सिस्टम में समय के साथ बदलाव होते रहे हैं। इससे प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व बढ़े हैं। प्रशिक्षक एवं मतदानकर्मियों को अपडेट करना आवश्यक समझा गया। आयोग द्वारा प्रशिक्षण इसी आलोक में दिया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में आसानी प्रशिक्षण से होती है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम वीवीपैट की कार्यप्रणाली, मतदान के दिन प्रपत्रों व लिफाफे का संधारण, मॉकपोल, ईवीएम वीवीपट को खोलने व सील करने की तरीका, ईवीएम सीलिंग आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

## बीएसएल ईडी बीके तिवारी ने कर्मियों सह अधिकारियों को दिलायी सुरक्षा शपथ



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एचआरडी में राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ईडी संकार्य बीके तिवारी सहित ईडी एफ एंड ए एस रंगानी ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद सीएमओ व प्रभारी बीजीएच डॉ बीबी करुणामय सीजीएम बीके सरतापे सहित अन्य सीजीएम विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कर्मी उपस्थित थे। एजीएम मनोज कुमार ने सभी का स्वागत किया तथा सुरक्षा दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। ईडी संकार्य तिवारी ने सभी को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई एवं कार्यक्रम में उपस्थित समूह को सम्बोधित करते हुए सभी विशिष्ट अतिथियों ने सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के प्रति सदैव जागरूक रहने के लिए अपने उद्बोधन के द्वारा सभी को प्रेरित किया। तिवारी ने वर्तमान परिदृश्य में संयंत्र में सुरक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरक्षा सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कर्मियों को संयंत्र के अन्दर एवं संयंत्र के बाहर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के प्रति सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया।